* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

24 अप्रैल, 2023
वैशाख, शुक्ल पक्ष, चतुर्थी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
सोमवार, वर्ष 08, अंक 184

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

संजय राउत का दावा, कहा- 15 से 20 दिन में गिर जायेगी शिंदे नीत महाराष्ट्र सरकार

अयोध्या में 156 देशों के जल से हुआ रामलला का अभिषेक

- 13 देशों के राजदूत और 40 देशों के अप्रवासी भारतीय अयोध्या पहुंचे
- आरएसएस ने दिया नया नारा 'भारत जय जगत'

आजाद सिपाही संवाददाता

अयोध्या। अक्षय तृतीया में अयोध्या में राम मंदिर का 156 देशों के जल से अभिषेक किया गया। इसमें अमेरिका के 14 मंदिरों और 12 नदियों का जल भी शामिल है। 13 देशों के राजदूत, 40 देशों के अप्रवासी भारतीय कार्यक्रम में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंचे। इसमें तजाकिस्तान के ताज मोहम्मद भी हैं। उन्होंने बाबर की जन्मभूमि की नदी कश्क-ए-दरिया समेत कई मुस्लिम देशों की नदियों का जल भेजा है। मणिराम छावनी के सभागार में कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू हुआ। सबसे पहले हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। वहीं, आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक इंद्रेश ने नया नारा 'भारत जय जगत' दिया।

31 महीने में जुटाया जल : दिल्ली के पूर्व भाजपा विधायक विजय जौली श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के साथ मिल कर यह कार्यक्रम कर रहे हैं। जौली ने बताया कि जलाभिषेक के लिए 156 देशों का जल कलश अयोध्या लाया गया। इसमें उज्बेकिस्तान के ताशकंद की चिरचिक नदी, तजाकिस्तान की वख्श नदी, यूक्रेन की डेनिस्टर, रूस की वोल्गा, मॉरिशस का गंगा तालाब और हिंद महासागर का जल भी है। उन्होंने कहा कि जलाभिषेक कार्यक्रम के लिए इतने देशों का जल जुटाने के लिए 31 महीने का समय लगा। स्टॉकहोम से आशीष ब्रह्मभट्ट ने कोरोना काल के बाद सबसे पहली विस्तारा की ?फ्लाइट ?से जल भेजा। हमने यूक्रेन और रूस के साथ चीन, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से भी जल मंगाया है। उन्होंने कहा कि जलाभिषेक कार्यक्रम श्रीराम की अथक भक्ति का परिणाम है। श्रीराम विश्वव्यापी हैं। उनके मंदिर को पूरे विश्व का समर्थन है। हमारा प्रयास पूरे विश्व को आतंक और युद्ध से मुक्त कर श्रीराम की भक्ति और प्रेम से जीतने का संदेश देना है। इसमें हिंदू, मुस्लिम, जैन, पारसी और बुद्ध आदि विश्व के कई धर्मों के लोगों का सहयोग है।

40 देशों के करीब 200 लोग जुटे : जौली ने कहा कि इस आयोजन में शामिल होने के लिए फिजी से राजेंद्र प्रसाद, आस्ट्रेलिया से परशुराम, मकाऊ से अरुणा झा, नेपाल के सांसद विनोद चौधरी, मॉरीशस से बालाजी, रोमानिया से विजय मेहता, सिंगापुर के पुरुषोत्तम कुमार सहित युगांडा, रोमानिया, मंगोलिया, भूटान, श्रीलंका, नार्वे समेत 40 देशों के करीब 200 लोगों का समूह आया है। पूरा कार्यक्रम श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय का निर्देशन और पूज्य संतों का मार्गदर्शन में हुआ।

इन 13 देशों के राजदूत रहे शामिल : कार्यक्रम में अल्बानिया के राजदूत देवेंद्र पाल सिंह, फिजी के राजदूत कमलेश शशि प्रकाश, रोमानिया विजय मेहता, मंगोलिया ज्ञान बोर्ड, भूटान के किमजोंग दारजिक, सूरीनाम अरुण कुमार, मोंटीनीग्रो डॉ जैनेश दरबारी, तूआलू के डॉ दीपक जैन, कामरास के एस गंजू, ग्रीस एलेकजेंडर वाड्रेश, कोपॉवर्ड के संजय कुमार दीवान के अलावा हम्फी और कंबोडिया के राजदूत शामिल थे।

अमृतपाल सिंह 36 दिन बाद गिरफ्तार

- भिंडरांवाला के गांव में गुरुद्वारे से गिरफ्तार हुआ
- असम की डिब्रूगढ़ जेल पहुंचाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

अमृतसर। वारिस पंजाब दे के प्रमुख अमृतपाल सिंह को पंजाब पुलिस ने 36 दिन की फरारी के बाद मोगा जिले में रोडे गांव के गुरुद्वारे से रविवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद पंजाब पुलिस उसे बठिंडा के एयरफोर्स स्टेशन ले गयी। वहां से अमृतपाल को असम की डिब्रूगढ़ जेल भेज दिया गया। उधर, अमृतपाल की गिरफ्तारी के बाद मोगा जिले में तनाव है। यहां पुलिस फोर्स की तैनाती के अलावा रोडे गांव में एसएसपी ने खुद फ्लैग मार्च किया।

भिंडरांवाले के जन्म स्थान पर सरेंडर की प्लानिंग की : जिस रोडे गांव से अमृतपाल को पकड़ा गया, वहीं जरनैल सिंह भिंडरांवाला का जन्म हुआ था। वारिस पंजाब दे का प्रमुख बनने के लिए यहीं पर अमृतपाल की दस्तारबंदी हुई थी। अमृतपाल समर्थकों की भीड़ के साथ सरेंडर करके शक्ति प्रदर्शन करना चाहता था। इसके लिए रविवार का दिन चुना। अमृतपाल के करीबियों ने ही पंजाब पुलिस को उसके सरेंडर प्लान के बारे में बताया था। पुलिस को आशंका थी कि भीड़ जमा होने पर माहौल बिगड़ सकता है। लिहाजा पुलिस टीम सादे कपड़ों में गुरुद्वारे पहुंची और सुबह उसे गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने मर्यादा का ध्यान रखा, गुरुद्वारे के अंदर नहीं गयी : पंजाब पुलिस के आइजी हेडक्वार्टर डॉ सुखचैन सिंह गिल ने कहा कि पुलिस ने 35 दिन से दबाव बनाया था। इंटेलिजेंस विंग के पास रोडे गांव में अमृतपाल की मौजूदगी का इनपुट था। उसे नाका लगा कर घेर लिया गया, लेकिन वह गुरुद्वारा साहिब के अंदर था। मर्यादा को देखते हुए पुलिस अंदर नहीं गयी। अमृतपाल सिंह से बाहर आने के लिए कहा गया, फिर उसे गिरफ्तार किया गया।

प्रवचन में बोला- गिरफ्तारी अंत नहीं, शुरुआत : रविवार सुबह गिरफ्तारी से पहले अमृतपाल सिंह ने मोगा जिले के रोडे गांव में गुरुद्वारे से प्रवचन देकर अपने समर्थकों को संबोधित किया। अमृतपाल ने कहा कि यह जरनैल सिंह भिंडरांवाले का जन्म स्थान है। उसी जगह पर हम अपना काम बढ़ा रहे हैं और अहम मोड़ पर खड़े हैं। एक महीने से जो कुछ हो रहा है, वह सब सभी ने देखा है। हम इसी धरती पर लड़े हैं और लड़ेंगे। जो झूठे केस हैं, उनका सामना करेंगे। ये गिरफ्तारी अंत नहीं, शुरुआत है।

दिल्ली के गोगी गैंग ने अतीक के शूटरों को दी थी जिगाना पिस्टल

नयी दिल्ली। माफिया डॉन अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या करने वाले शूटर्स के मास्टरमाइंड का पता चल गया है। दिल्ली के गोगी गैंग के लोगों ने जिगाना पिस्टल दी थी। इसी पिस्टल से अतीक और अशरफ की हत्या कर दी गयी थी। दिल्ली के गैंग ने सनी को यह पिस्टल किसी अन्य गैंगस्टर को मारने के लिए दी थी, लेकिन वह उसे नहीं मार सका था। यह हमला दिल्ली के कोर्ट में किया जाना था। इसके बाद इसी पिस्टल से अतीक और उसके भाई की हत्या कर दी गयी।

आइएएस छवि रंजन से आज होगी पूछताछ

- हाजिर नहीं हुए, तो बढ़ सकती है परेशानी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सेना की जमीन घोटाले मामले में प्रवर्तन निदेशालय (इडी) रांची के पूर्व डीसी (वर्तमान में समाज कल्याण निदेशक) छवि रंजन से सोमवार को पूछताछ करेगी। इससे पहले इडी ने छवि रंजन को 21 अप्रैल को पेश होने के लिए समन भेजा था। उस वक्त वह पेश नहीं हुए और दो सप्ताह का समय मांगा था। इडी ने उन्हें समय नहीं दिया और 21 अप्रैल को ही शाम 4 बजे तक कार्यालय पहुंचने का निर्देश दिया। छवि रंजन फिर भी नहीं पहुंचे। इसके बाद इडी ने तीसरा समन भेज कर 24 अप्रैल को जोनल कार्यालय में हाजिर होने के लिए कहा है। सूत्रों का कहना है कि इस बार अगर छवि रंजन पूछताछ के लिए नहीं आते हैं, तो उनकी परेशानी बढ़ सकती है।

गौरतलब है कि इडी सेना की जमीन घोटाले की जांच कर रही है। इसे लेकर पिछले दिनों इडी ने छवि रंजन के आवास समेत 22 ठिकानों पर छापेमारी की थी।

इडी ने इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है और उन्हें रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। इस बीच आइएएस छवि रंजन को भी पूछताछ के लिए बुलाया गया है।

10 हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा का है रांची का जमीन घोटाला

जमीन घोटाला के सामने खान लूट बौना दिखने लगा: बाबूलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि हेमंत राज में रांची में हुए जमीन महाघोटाले के बारे में कई लोगों से बातचीत कर हमने इस गोरखधंधे के बारे में विस्तार से समझने का प्रयास किया है। राज्य में हुए जमीन घोटाले के सामने अब खान घोटाला बौना लगने लगा है। यह जमीन घोटोला 10 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का है। उन्होंने कहा कि सत्ता के संरक्षण में दलालों, कुछ धन लोभी प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने मिल कर भ्रष्टाचार का ऐसा काम किया है, जिसकी गूंज लंबे समय तक सुनाई देगी। इसकी जांच जैसे-जैसे आगे बढ़ेगी, वैसे-वैसे कई बड़े सरकारी-गैर सरकारी लुटेरे लाइन लगा कर जेल जाते देखे जायेंगे।

लॉकडाउन के समय इजी मनी मेकिंग का रास्ता बना : बाबूलाल ने कहा कि लोग बताते हैं कि हेमंत सरकार बनने के चंद महीने बाद ही कोविड लॉक डाउन लग गया। सरकारी-गैर सरकारी कामकाज, रोजगार ठप पड़ गये। बेईमानों ने इस अवधि में इजी मनी मेकिंग का सबसे आसान रास्ता जमीन की हेराफेरी को बनाया। रांची में इस गोरखधंधे को अच्छे से चलाने के लिए 'सर्टिफाइड भ्रष्ट' अफसर की प्रेम से खोज हुई। कोडरमा में सरकारी पेड़ तक कटवा कर बेच खाने के मामले में हाइकोर्ट से जमानत प्राप्त चार्जशीटेड आइएएस अधिकारी छवि रंजन को इस 'काम' के लिए सही आदमी समझ कर लाया गया। उन्हें यह समझाया गया कि तुम मन माफिक धंधा चलाओ-बदले में पेड़ काटने के केस से बचाने में मदद लो। इस तर्ज. पर जमीन लूट योजना का नियंत्रण ओर डायरेक्शन सत्ता के मशहूर उस दलाल ने संभाला, जो अभी जेल में बंद है।

पहला शिकार मेडिका अस्पताल के बगल की जमीन: बाबूलाल ने कहा कि पहला शिकार मेडिका अस्पताल के बगल वाली जमीन को बनाया गया। भारी संख्या में पुलिस के बल पर जमीन कब्जा करवाया गया। मुझे यह भी जानकारी मिली है कि इस गोरखधंधे को अंजाम देने के लिए दो सीनियर अफसरों ने तो उस दिन छुट्टी लेकर जमीन कब्जाने का नियंत्रण किया, ताकि हंगामा हो, लोग पूछताछ करें तो बता सकें कि वे तो छुट्टी पर हैं, कुछ पता ही नहीं है। इस जमीन कब्जाने की योजना की सफलता से इन बेइमानों का मनोबल इतना बढ़ गया कि इन लोगों ने कागजातों में हेराफेरी कर जमीन कब्जाने के धंधे को मोटी कमाई का जरिया ही बना लिया।

बजरा की जमीन भी निशाने पर: भाजपा विधायक दल के नेता ने कहा कि बजरा की जमीन भी इनके निशाने पर रही। 75 सालों की लगान रसीद एक दिन में काट कर भारी संख्या में पुलिस के दम पर दिन-रात जमीन कब्जा कराने का ऐसा काम हुआ, जिसकी दूसरी मिसाल नहीं मिल सकती। हाइकोर्ट ने ज़िला प्रशासन के अंधा कानून की इस कार्रवाई को अभी रद्द कर दिया है। जमीन के विवाद में जांच या कब्जा के लिए रात में पुलिस को भेजने का नियम नहीं है। लेकिन कई ऐसे वीडियो हमें देखने को मिला है, जिसमें रात में पुलिस लाइन से बसों में भर कर पंहुचे फोर्स और अफसर आतंक कायम करने के लिए गेट तोड़ कर कई जगहों पर घुसने का प्रयास करते देखे जा सकते हैं। बाबूलाल ने कहा कि सुना है कि 'जमीन लूटो' गोरखधंधा रात में इसलिए किया जाता था कि पब्लिक की भीड़ और हंगामा न हो। कम से कम पत्रकार मौके पर पंहुचे। पीड़ित पक्ष अगर फरियाद लेकर किसी जनप्रतिनिधि के माध्यम से सीनियर अफसरों से संपर्क करना चाहे, तो रात का बहाना बना कर कोई अफसर मिले ही नहीं। और दिन के उजाले से पहले गोरखधंधा हो जाये।

मुख्यमंत्री को सवालों का जवाब देना चाहिए: बाबूलाल ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जी को बताना चाहिए कि ये सब काम किसके आदेश पर, किसकी सह पर होता था? क्या यह संभव है कि बिना मुख्यमंत्री की जानकारी के राज्य की राजधानी में इतना बड़ा गोरखधंधा हो जाये? ये कैसे संभव है कि कोई अफसर ऐसे धंधों को अंजाम देने के लिए किसी दलाल से सीधे डायरेक्शन ले और अपने किये की रिपोर्ट दलाल को ही करे? बाबूलाल ने कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (इडी) को जमीन महाघोटाले में इन बिंदुओं पर विस्तार से पूछताछ करनी चाहिए। पर्दे के पीछे रिमोट कंट्रोल से इस धंधे में शामिल चेहरों को भी बेनकाब कर उनकी गर्दन पकड़नी चाहिए, जिनके चलते आज झारखंड की देश-दुनियां में बदनामी हो रही है। उन्होंने कहा कि मेरा दावा है कि अगर रांची जमीन गोरखधंधे के षड्यंत्र की गहराई से जांच होगी, तो साहिबगंज का चर्चित 1000 करोड़ का पत्थर घोटोला बौना दिखने लगेगा।



आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

सर्राफा
सोना (बिक्री) 56,900 रु./10 ग्राम
चांदी 76,000 रु./प्रति किलो

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in

देश-समाज के लिए महंगी पड़ सकती है जातीय जनगणना की राजनीति

■ बिहार-यूपी की इस सियासत का होगा दूरगामी असर

■ तात्कालिक लाभ के लिए इस मुद्दे पर जोर देने से होगा नुकसान

आजाद सिपाही विशेष

कर्नाटक में आसन्न विधानसभा चुनाव से पहले जिस तरह जातीय जनगणना का मुद्दा उछला है और बिहार में इस प्रक्रिया का दूसरा चरण शुरू होने के बाद कांग्रेस ने इसे बड़ा मुद्दा बना लिया है, उससे देश में एक बार फिर जाति आधारित राजनीति के जोर पकड़ने की संभावना बनने लगी है। यूपी-बिहार में जाति आधारित राजनीति का यह बड़ा स्वरूप उभर कर सामने आया है और अब सभी दल इस गंगा में डुबकी लगाना चाह रहे हैं। कांग्रेस नेताओं ने जहां जातीय आंकड़ों को लेकर भाजपा को कठघरे में खड़ा करने की कोशिश की है, तो वहीं भाजपा ने पलटवार किया है कि कांग्रेस देश को धर्म और जाति में बांटना चाहती है। सवाल है कि जाति की राजनीति का आरोप लगाकर भाजपा को कोसने वाली कांग्रेस क्या खुद जाति की राजनीति कर रही है। कर्नाटक में चुनाव प्रचार के दौरान राहुल गांधी ने ओबीसी के बहाने जातीय जनगणना के आंकड़े जारी करने की मांग कर दी। वैसे तो कांग्रेस यह दावा करती रहती है कि वह जाति की राजनीति नहीं करती, लेकिन राहुल गांधी का यह बयान सत्ता, समाज और देश को जाति के आधार पर बांटने का इशारा कर रहा है। इससे पहले कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे भी पीएम मोदी को जातिगत जनगणना के मुद्दे पर पत्र लिख चुके हैं। जाहिर है कि विधानसभा चुनाव वाले राज्यों की राजनीति भी जातिगत जनगणना के मुद्दे पर घूमती नजर आ रही है। इतना ही नहीं, बिहार में नीतीश कुमार ने जिस तरह जाति आधारित जनगणना की प्रक्रिया शुरू की है, उससे लगता है कि यह मुद्दा 2024 के आम चुनाव में भी केंद्र में होगा। लेकिन सच यही है कि जातीय जनगणना के लाभ हैं, तो नुकसान भी हैं। जातीय राजनीति से तात्कालिक लाभ की उम्मीद की जा सकती है, लेकिन लंबी अवधि में यह देश और समाज के लिए नुकसानदेह ही साबित होगी। इसलिए बोतल में बंद इस जिन्न को बाहर निकालने में हड़बड़ी नहीं दिखानी चाहिए। जातीय जनगणना की पृष्ठभूमि में जाति आधारित राजनीति के नफा-नुकसान समेत इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में बता रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

18वें आम चुनाव के मुहाने पर खड़े देश में जाति आधारित राजनीति का केंद्र बिहार में जातीय जनगणना का काम शुरू हो गया है। वह इस तरह की जनगणना कराने वाला पहला राज्य है। इसलिए अब जातीय जनगणना की मांग जोर पकड़ने लगी है। इसके साथ ही देश में जाति आधारित राजनीति भी जोर पकड़ने लगी है। कांग्रेस और क्षेत्रीय दल इस तरह की राजनीति की शुरुआत कर चुके हैं। भाजपा को इससे हिचक इसलिए है, क्योंकि इससे जाति आधारित राजनीति को बल मिलने के साथ आरक्षण की नयी मांगें सामने आने का अंदेशा है। सच जो भी हो, यह अच्छा है कि बिहार सरकार जातीय गणना के साथ लोगों की आर्थिक स्थिति का भी आकलन करने जा रही है। लोगों की आर्थिक स्थिति जानना इसलिए आवश्यक है, क्योंकि उसे जानकर ही क्षेत्र विशेष के लिए आर्थिक उत्थान की कारगर योजनाएं शुरू की जा सकती हैं। आर्थिक स्थिति का आकलन निर्धनता निवारण की योजनाओं के क्रियान्वयन में भी सहायक होता है, लेकिन यही बात जातीय जनगणना के बारे में नहीं कही जा सकती। सैद्धांतिक रूप से तो देश के सामने यह स्पष्ट होना ही चाहिए कि किस जाति के कितने लोग हैं, क्योंकि सामाजिक विकास की कई योजनाएं इसी आधार पर संचालित होती हैं कि कहां, किस जाति की कितनी संख्या है। जाति भारतीय समाज की एक सच्चाई है और उसकी अनदेखी नहीं की जा सकती। जाति का सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक दृष्टि से भी महत्व है, लेकिन जातीय जनगणना के खतरे भी हैं। सबसे बड़ा खतरा यह है कि विभिन्न राज्यों में जातियों का आकलन करने के नाम पर जातिवाद की राजनीति को नए सिरे से धार दी जा सकती है। इस बात की अनदेखी नहीं की जा सकती कि अपने देश में जातियों को गोलबंद करके किस तरह वोट बैंक की राजनीति की जाती है। देश में कई दल ऐसे हैं, जो जाति विशेष की राजनीति करते हैं। इन दलों ने विभिन्न जातीय समूहों को गोलबंद करके तरह-तरह के समीकरण बना रखे हैं। क्षेत्रीय राजनीतिक दल ऐसे समीकरण बनाने में माहिर हैं। भले ही जातियों के आधार पर राजनीति करने वाले दल सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने का दावा करते हों, लेकिन सच यह है कि वे जातिगत आधार पर लोगों का ध्रुवीकरण करते हैं और चुनावों के समय उसका लाभ उठाते हैं। इस तरह की राजनीति न केवल समाज को बांटने का काम करती है, बल्कि कई बार विभिन्न जातियों के बीच वैमनस्य भी पैदा करती है।

जातीय जनगणना क्या है

जैसा कि सभी जानते हैं कि हमारे देश में हर 10 साल में जनगणना की जाती है। इसे हमें देश की आबादी के बारे में सटीक जानकारी मिलती है। कई नेताओं की मांग है कि जब देश में जनगणना की जाये, तो इस दौरान लोगों से उनकी जाति भी पूछी जाये। इससे हमें देश की आबादी के बारे में तो पता चलेगा ही, साथ ही इस बात के जानकारी भी मिलेगी कि देश में कौन सी जाति के कितने लोग रहते है। सीधे शब्दों में कहे तो जाति के आधार पर लोगों की गणना करना ही जातीय जनगणना कहलाता है।

आखिरी बार जातीय जनगणना कब हुई थी

भारत में आखिरी बार जातीय जनगणना साल 1931 में ब्रिटिश शासनकाल के दौरान हुई थी। आजाद भारत में कभी भी जातीय जनगणना नहीं हुई है। हालाँकि जातीय जनगणना एक ऐसी मांग है, जिसे समय-समय पर कई नेताओं द्वारा उठाया जा चुका है। वैसे देखा जाये, तो साल 1941 में भी जाति जनगणना हुई, लेकिन उसके आंकड़े जारी नहीं किये गये। इसके अलावा साल 2011 में यूपीए के शासनकाल में भी जातीय जनगणना हुई थी, लेकिन रिपोर्ट में कमियां बता कर उसे जारी ही नहीं किया गया था।

जातीय जनगणना के क्या फायदे हैं

अगर बात करें जातीय जनगणना के फायदों के बारे में, तो बता दे कि इसको लेकर नेताओं के अपने-अपने तर्क हैं। जातीय जनगणना की मांग करने वाले कुछ नेताओं का कहना है कि जातीय जनगणना से हमें यह पता चल सकेगा कि देश में कौन जाति अभी भी पिछड़ेपन की शिकार है। यह आंकड़ा पता चलने से पिछड़ी जातियों को आरक्षण का लाभ देकर उन्हें सशक्त बनाया जा सकता है। इसके अलावा यह भी तर्क दिया जाता है कि जातीय जनगणना से किसी भी जाति की आर्थिक, सामाजिक और शिक्षा की वास्तविक का पता चल पायेगा। इससे उन जातियों के लिए विकास की योजनाएं बनाने में आसानी होगी।

जातीय जनगणना के क्या नुकसान हैं

देश में ऐसे भी लोग हैं, जो चाहते हैं कि देश में जातीय जनगणना नहीं होना चाहिए। उनका मानना है कि जातीय जनगणना से देश को कोई तरह के नुकसान हो सकते है। जैसे यदि किसी समाज को पता चलेगा कि देश में उनकी संख्या घट रही है, तो उस समाज के लोग अपनी आबादी बढ़ाने के लिए परिवार नियोजन अपनाना छोड़ सकते हैं। इससे देश की आबादी में तेजी से इजाफा होगा। इसके अलावा जातीय जनगणना से देश का सामाजिक ताना-बाना बिगड़ने का खतरा भी रहता है। साल 1951 में भी तत्कालीन गृह मंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल ने यही बात कहकर जातीय जनगणना के प्रस्ताव को खारिज कर दिया था।

जातीय जनगणना का राजनीतिक खेल

अब बात जातीय जनगणना के पीछे चल रहे राजनीतिक खेल की। साल 2010 में जब केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी, तब भाजपा नेता गोपीनाथ मुंडे ने संसद में जातिगत जनगणना की मांग की थी। लेकिन अब सरकार में आने के बाद भाजपा सरकार जातीय जनगणना से पीछे हटती दिखाई दे रही है। इसके अलावा कांग्रेस सरकार ने भी साल 2011 में शरद पवार, लालू यादव और मुलायम सिंह यादव के दबाव में जातीय जनगणना करवायी जरूर थी, लेकिन उसके आंकड़े ही जारी नहीं किये। भाजपा और कांग्रेस दोनों ही राष्ट्रीय पार्टियों का जातीय जनगणना को लेकर एक सा रुख नजर आता है, हालांकि इसके पीछे कुछ राजनीतिक वजह भी है। दरअसल भाजपा की राजनीति हिंदुत्व के मुद्दे पर टिकी है। भाजपा के हिंदुत्व का मतलब है पूरा हिंदू समाज। दूसरी तरफ कई प्रदेशों में क्षेत्रीय दल जाति की राजनीति करते है। ऐसे में जातीय जनगणना से हिंदू समाज जाति में विभाजित हो जाता है, तो इसका फायदा क्षेत्रीय दलों को होगा और भाजपा को बड़ा नुकसान होगा।

भाजपा और कांग्रेस, दोनों ही देश की बड़ी पार्टियां हैं और उनका लगभग पूरे देश में वर्चस्व है। इनके वोटर किसी खास जाति के नहीं हैं। इसके उलट देश में कई ऐसी पार्टियां हैं, जो किसी खास जाति की राजनीति ही करती हैं। ऐसे में जातीय जनगणना से देश में जाति की राजनीति जोर पकड़ सकती है। इससे क्षेत्रीय दलों को तो फायदा होगा, लेकिन भाजपा और कांग्रेस दोनों को ही नुकसान उठाना पड़ सकता है।

जाति आधारित राजनीति का दूसरा बड़ा नुकसान यह है कि वैश्विक मंच पर अग्रिम पंक्ति में स्थान हासिल करने के लिए जाति और वर्ग विहीन समाज की स्थापना एक अहम शर्त है, लेकिन यदि देश में इस दिशा में काम नहीं होगा, तो विश्वगुरु बनने की हमारी आकांक्षा धरी की धरी रह जायेगी। इसलिए इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार किये जाने की जरूरत है।

रवींद्रनाथ टैगोर के वंशजों के ट्रस्ट की संपत्ति पर भू-माफिया का कब्जा, पुलिस से की शिकायत

आजाद सिपाही संवाददाता

जामताड़ा। कवि गुरु रवींद्रनाथ टैगोर के वंशजों के नाम से बने ट्रस्ट की तकरीबन चार एकड़ से भी ज्यादा जमीन पर भू-माफिया ने कब्जा कर लिया है।

इतना ही नहीं इन कब्जेदारों ने जमीन पर कब्जा कर इन्हें सात हिस्सों में बांट कर किसी और को बेच भी दिया। यहां और भी हैरान करने वाली बात यह है कि इन जमीनों के एवज में इन कब्जेदारों ने बैंक से लोन भी पास करवा लिया और अब इन पर धड़ल्ले से निर्माण कार्य चल रहा है।

1934 में बनाया गया था ट्रस्ट, वंशावली के आधार पर परिवार का हक

रवींद्र नाथ टैगोर के वंशज ऋषिकेश भट्टाचार्य ने शनिवार को जामताड़ा में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान इस बात की जानकारी साझा की।

भट्टाचार्य ने बताया कि श्रीश्री सर्वदेश्वर शिवलिंग ट्रस्ट रवींद्र ठाकुर के भतीजे अतनु नंदन ठाकुर और उनकी पत्नी अक्षय कुमारी देवी ने 1934 में बनाया था, जिस ट्रस्ट पर उनके बाद वंशावली के आधार पर उनका और उनके परिवार के लोगों का अधिकार है।

2018 में मिली थी कब्जे की जानकारी

सन 2018 में उन्हें इस ट्रस्ट की जमीन पर कब्जे की सूचना मिली थी। बाद में उन्होंने तब की वर्तमान एसपी जया राय के पास इस बात की शिकायत की थी।

उस समय कब्जेधारियों ने इस पर किसी भी तरह का मालिकाना होने की बात से इनकार किया था, लेकिन दोबारा से फिर यहां कुछ लोगों ने पुलिस और प्रशासन की मिलीभगत से इस ट्रस्ट की चार एकड़ से भी ज्यादा जमीन पर कब्जा कर लिया और इन संपत्तियों की अब तक कई बार खरीद-बिक्री भी कर ली।

ऋषिकेश भट्टाचार्य ने पुलिस से की शिकायत

भट्टाचार्य ने बताया कि करमाटांड़ थाने की पुलिस को मामले की शिकायत की गयी है। साथ ही इस जमीन से संबंधित दस्तावेजी प्रमाण के साथ वे जामताड़ा एसपी, डीसी, एसडीओ और डीएफओ को भी मामले की शिकायत करेंगे।

15 मिनट तक दो भालुओं से लड़ता रहा आइआरबी जवान

महुआ चुनने गया था जवान, तभी भालुओं ने हमला किया, गंभीर हालत में रिम्स रेफर

आजाद सिपाही संवाददाता

महुआडांड़। जिला के पीटीआर के महुआडांड़ प्रखंड स्थित गड़बुढ़नी पंचायत के केवरकी निवासी आइआरबी जवान संदीप टोप्पो को जंगली भालू ने गंभीर रूप से घायल कर दिया। जवान महुराम नामक स्थान पर महुआ चुनने गया था। रविवार की सुबह तकरीबन सात बजे दो जंगली भालू ने उस पर हमला कर दिया। वह करीब 15 मिनट तक दोनों भालूओं से लड़ता रहा। बाद में भालू उसे छोड़ कर जंगल की ओर भाग गये। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी वन विभाग को दी।

घटना की सूचना मिलते ही वनरक्षी विष्णु कुमार व वन ट्रैकर प्रसाद यादव मौके पर पहुंचे व घटना का जायजा लिया। उन्होंने घायल युवक को तत्काल सरकारी अस्पताल, महुआडांड़ में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए लातेहार रेफर किया गया। वहां से उसे बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। महुआडांड़ रेंजर वृंदा पांडेय ने घायल युवक को इलाज के लिए तत्काल पांच हजार रुपये की सहायता राशि दी। उन्होंने कागजी प्रक्रिया पूरी कर प्रावधानों के अनुसार अन्य मुआवजा देने की बात कही।

16 करोड़ से बना दिया स्कूल भवन, पर नामांकन शुरू नहीं

आजाद सिपाही संवाददाता

जामताड़ा। सरकार द्वारा जामताड़ा जिले में तीन उत्कृष्ट विद्यालय स्थापित किया गया है। इनमें इस वर्ष 2023-24 नामांकन प्रक्रिया शुरू होनी थी। इन विद्यालयों में सीबीएसइ बोर्ड के तहत छात्र-छात्राओं को शिक्षा दी जायेगी। मगर अब तक नामांकन प्रक्रिया शुरू नहीं होने से छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। अभिभावकों का कहना कि अन्य विद्यालयों में नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

ऐसे में उत्कृष्ट विद्यालयों में इस सत्र में पढ़ाई आरंभ हो सकेगी कि नहीं इसे लेकर ऊहापोह की स्थिति बनी हुई है। जेबीसी प्लस टू विद्यालय को सीबीएसइ की मान्यता प्राप्त है जबकि बालिका उच्च विद्यालय जामताड़ा एवं कस्तूरबा विद्यालय को मान्यता प्राप्त नहीं है।

इस वजह से नामांकन प्रक्रिया में विलंब हो रहा है। अप्रैल महीना खत्म होने को है अब तक विभाग की ओर से किसी भी प्रकार का आदेश जारी नहीं किया गया है। उत्कृष्ट विद्यालय में 6 से 12 वर्ग तक की पढ़ाई करायी जायेगी।

आदेश नहीं मिला तो नामांकन कैसे करें

जेबीसी हाइस्कूल के प्राचार्य सुशील मरांडी ने बताया कि

विद्यालय का सीबीएसइ रजिस्ट्रेशन मिल चुका है। लेकिन अभी तक नामांकन के लिए विभाग की ओर से किसी भी प्रकार की गाइडलाइन जारी नहीं की गयी। गर्ल्स हाइस्कूल के प्राचार्य देवेंद्र मरांडी ने बताया कि विद्यालय का सीबीएसइ रजिस्ट्रेशन नहीं किया गया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी डॉ गोपाल कृष्ण झा जिले में तीन उत्कृष्ट विद्यालयों में सीबीएसइ पैटर्न पर जून में नामांकन की प्रक्रिया पूरी की जायेगी। कंस्ट्रक्शन का कार्य पूरा नहीं किया गया है। जल्द पूरी कर लिया जायेगा। शिक्षक बहाली प्रक्रिया 1 मार्च से 25 मार्च तक ऑनलाइन अप्लाई करायी गयी थी। टेक्निकल प्रॉब्लम की वजह से उसे रद्द कर दिया गया है। जिले में 3 उत्कृष्ट विद्यालय बनाये गये हैं। भवन निर्माण में लागत जेबीसी प्लस टू विद्यालय राशि 5 करोड़ 50 लाख रुपये लागत, बालिका उच्च विद्यालय जामताड़ा राशि 4 करोड़ 50 लाख रुपये लागत, कस्तूरबा विद्यालय जामताड़ा राशि 6 करोड़ लागत से भवन निर्माण किया गया है।

नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 29 अप्रैल को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 29 अप्रैल को होगी. इसके लिए एडमिट कार्ड जारी कर दिया गया है। परीक्षा ऑफलाइन मोड में होगी। परीक्षा 2 घंटे की होगी। रिपोर्टिंग टाइम सुबह 10:30 बजे रखा गया है।

परीक्षा दिन के 11:30 बजे से शुरू होगी, जो 1:30 तक चलेगी। झारखंड में यह परीक्षा चार भाषाओं हिंदी, इंग्लिश, उर्दू और ओड़िया में ली जायेगी। परीक्षा में कुल 80 प्रश्न पूछे जायेंगे। रिजनिंग में 40 प्रश्न पूछे जायेंगे, इसके लिए 50 नंबर मिलेगा। वहीं अंकगणित में 20 प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसमें 25 नंबर मिलेगा। भाषा में 20 प्रश्न पूछे जायेंगे, जिसमें 25 नंबर दिये जायेंगे। सभी प्रश्न ऑब्जेक्टिव प्रकार के होंगे और प्रत्येक के लिए 1 अंक मिलेगा। कोई निगेटिव मार्किंग नहीं होगी। प्रश्न पत्र में 3 खंड में कुल 100 अंक के 80 प्रश्न होंगे। दिव्यांग छात्रों को अतिरिक्त 40 मिनट का समय दिया जायेगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	31.6 °c	18.6 °c
सूर्यास्त (आज) :		18.13 बजे
सूर्योदय (कल) :		05.22 बजे

शहीद जीतराम बेदिया के बलिदान दिवस पर प्रतिमा का किया अनावरण

क्रांतिकारियों की गाथा को सभी लोगों तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी पर : सुदेश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने शहीद जीतराम बेदिया के बलिदान दिवस पर बरवादाग, जोन्हा में उनकी प्रतिमा अनावरण कर, उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि क्रांतिकारियों की माटी झारखंड ने असंख्य वीर शहीदों को जन्म दिया। जिन्होंने इस माटी के मान, सम्मान और स्वाभिमान के लिए अपना सर्वस्व अर्पण कर दिया। लेकिन इतिहासकारों ने झारखंड के महानायकों को इतिहास के पन्नों में वह जगह नहीं दिया। जिसके वे असली हकदार थे। झारखंड की गौरवशाली इतिहास, वैभवशाली संस्कृति तथा गुमनाम क्रांतिकारियों की गाथा को जन-जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी हम सभी पर

है। युवा पीढ़ी को अपने गौरवशाली इतिहास से सीखने की जरूरत है।

झारखंड के महानायकों के विचारों को समझना होगा

सुदेश ने आगे कहा कि झारखंड के वीर सपूत शहीद जीतराम बेदिया ने अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ आंदोलन को जो बिगुल फूंका, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। देश ऋणी है उन क्रांतिवीरों का जिन्होंने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त कराने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। युवाओं को वीर शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राज्य और देश निर्माण में योगदान देना चाहिए तथा इतिहास पुनर्लेखन लिए आगे आना चाहिए। साथ ही उन्होंने कहा कि हमें झारखंड के महानायकों और उनके विचारों को समझना होगा, नीति-निर्णयों में शामिल करना होगा। यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वीर शहीद जीतराम बेदिया जी की प्रतिमा का अनावरण किया सुदेश महतो ने आगे कहा कि देश की स्वतंत्रता, एकता व अखंडता को अक्षुण्ण रखने के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले झारखंड के वीर सपूतों की संघर्ष गाथा को जन-जन तक पहुंचाने हेतु हम संकल्पबद्ध हैं और इस दिशा में निरंतर प्रयास जारी है। इसी क्रम में आज वीर शहीद जीतराम बेदिया जी की प्रतिमा का अनावरण किया गया है।

सीएम हेमंत सोरेन ने वीर शहीद तेलंगा खड़िया को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अमर वीर शहीद तेलंगा खड़िया के शहादत दिवस पर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल, जंगल और जमीन की रक्षा के लिए अंग्रेज शोषकों के खिलाफ उनके विद्रोह और शहादत को सदैव याद रखा

जायेगा। झारखंड की माटी के वीर सपूत को शत-शत नमन।

चार दिन के लिए बेंगलुरु जायेंगे दीपक प्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश कर्नाटक विधानसभा चुनाव में प्रचार के लिए चार दिन के 24 अप्रैल को बेंगलुरु जायेंगे। यह जानकारी रविवार को प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक ने दी। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष 24, 25, 26 और 27 अप्रैल को कर्नाटक विधानसभा

चुनाव में पार्टी के विभिन्न प्रचार कार्यक्रमों में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष बेंगलुरु में आयोजित रोड शो, प्रेसवार्ता और रैली आदि को संबोधित करेंगे।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष नये पद-अधिकार प्राप्त होगा,मगर आपको आसपास के लोगों से कष्ट बना रहेगा।

वृष आपके सोचे कामों में व्यवधान आयेंगे,जहां तक संभव हो इस समय ज्यादा पेचीदा मामलों में हाथ न डालें।

मिथुन आज का दिन काफी कुछ शुभ फलदायी है,व्यापार-व्यवसाय में उन्नति होगा।

कर्क आज ग्रहयोग आपके पक्ष में नहीं है.परिश्रम के बावजूद स्थिति मनमाफिक नहीं रहेगी।

सिंह अपने सोचे अनुसार काम कम होंगे.किसी न किसी समस्या से उलझना पड़ सकता है।

कन्या आपको आकस्मिक धन लाभ होने की संभावना, रोजगार-व्यापार के कार्य तेजी से चलेगा।

तुला आपका स्वास्थ्य अच्छा रहेगा, आपका काम बनेगा.किसी काम से आपको पैसा मिलेगा।

वृश्चिक संतान पक्ष के लिये खर्च होगा.यह खर्च उनकी प्रगति के लिये किया जायेगा।

धनु विशिष्ट कार्य सिद्धि,यशस्वी कार्य करने का अवसर मिलेगा,अभी तक जो कोई इच्छा अधूरी रही हो।

मकर आपने क्षेत्र के प्रमुख व्यापारियों अधिकारियों एवं उच्चस्तरीय लोगों से आप संबंध बनाने की चेष्टा करें।

कुंभ अनिवार्य कामों में आपकी व्यवहार कुशलता सिद्धि और प्रसिद्धि देने वाली है।

मीन आपके सामने आर्थिक समस्या बनी रहेगी, आपने जिस पर आज तक भरोसा किया वह विरोध में कार्य करेगा।

समय रहते अगर सर्वे होता तो नहीं चलती भूमि माफियाओं की मनमानी : राजेंद्र प्रसाद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भुमि घोटाले पर मूलवासी सदान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद ने कहा है कि सरकार समय रहते झारखंड बनने के साथ ही शहरी क्षेत्रों के भूमि का सर्वे कराकर रिकॉर्ड ऑफ राइट बना लेती तो इस प्रकार के घोटाले को अंजाम भूमि माफिया नहीं दे पाते। इस संबंध में सिंहभूम जिला सरकार के समक्ष ज्वलंत उदाहरण है। कहा कि रांची और अन्य शहरी क्षेत्रों में भूमि घोटाला का मुख्य कारण शहरी क्षेत्र की भूमि की मांग है। इसके साथ ही शहरीकरण भी इसके लिए जिम्मेदार है। प्रसाद ने कहा कि भूमि के स्वामित्व का निर्धारण रिकॉर्ड ऑफ राइट या खतियान से होता है, झारखंड विशेषकर शहरी क्षेत्रों की भूमि का रिकॉर्ड ऑफ राइट से बना है। मात्र सिंहभूम का रिकॉर्ड ऑफ राइट आजादी और जमींदार उन्मूलन के बाद का है। प्रसाद ने कहा कि रांची म्यूंसिपल क्षेत्र का रिकॉर्ड ऑफ राइट साल 1927 का है जो कि ब्रिटिश गवर्नमेंट के समय का है। उक्त अवधि में जमीन का निबंधन कोलकाता में होता था।

जिसका दुरुपयोग का परिणाम अभी सेना की भूमि घोटाला के रूप में देखा जा रहा है। प्रसाद ने कहा कि यदि सरकार समय रहते या झारखंड बनने के साथ ही शहरी क्षेत्रों के भूमि का सर्वे कराकर रिकॉर्ड ऑफ राइट बना लेती तो इस प्रकार की घोटाले को भूमि माफिया अंजाम नहीं दे पाते। प्रसाद ने मूलवासी सदान मोर्चा की ओर से सरकार से जमीन का सर्वे अभिलंब कराने की मांग की और दोषी अधिकारियों के उपर कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई करने और जितनी भी मूल निवासियों की भूमि को गलत ढंग से हड़पा गया है, उसको वापस करवाने की मांग की है। प्रसाद ने जमीन का सर्वे पूरा नहीं होने तक भूमि के हस्तांतरण पर रोक लगाने की मांग की है।

विधानसभा मैदान में खतियान बचाओ महाजुटान का आयोजन

हम लड़ कर लोगों की जमीन वापस दिलायेंगे, चाहे लड़ाई अपनी ही सरकार से क्यों ना हो : लोबिन

झारखंड में जो भी जमीन घोटाला हुआ है, उसकी जांच कर जमीन वापस दिलायी जाये

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची स्थित पुराना विधानसभा मैदान में रविवार को बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने खतियान बचाओ महाजुटान का आयोजन किया। इस दौरान बोरियो विधायक ने कहा कि हम लड़कर लोगों की जमीन वापस दिलवायेंगे। अगर ये लड़ाई अपनी ही सरकार के खिलाफ हो तब भी लड़ेंगे। क्योंकि आज अपनी ही सरकार गलत कर रही है।

पूरे झारखंड़ में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है। इसी लूट को रोकने के लिए आज हम इस मंच पर एकत्रित हुए हैं। आज लोगों को जगाने का काम करेंगे ताकि सभी को अपने अधिकार के बारे में पता चल सके और हम सरकार को आईना दिखा सकें। वहीं, जमीन घोटाला मामले को भी उन्होंने उठाते हुए कहा कि

राज्य में कई ऐसे सीओ हैं, जो जमीन दलालों के साथ संलिप्त पाये जा रहे हैं। इडी की जांच भी की जा रही है। अब हमारा प्रयास है कि झारखंड में जो भी जमीन घोटाला हुआ है उसके लिए रणनीति बनाकर वापस लिया जाये। साथ ही उन्होंने कहा कि इस लड़ाई में अगर उन्हें अपनी सरकार के खिलाफ हि जंग लड़नी पड़ी तो वो पीछे नहीं हटेंगे।

स्थानीय लोगों को नौकरियों में प्राथमिकता दी जानी चाहिए

लोबिन हेंब्रम ने आगे कहा कि जिसके पास खतियान है, उसे ही झारखंडी माना जाना चाहिए। ऐसा नहीं कि जो झारखंड बनने से पहले से यहां रह रहे हो उसे ही झारखंडी का दर्जा मिले। जिसके भी पास यहां का खतियान है वहीं असल झारखंडी है। इसके साथ ही लोबिन ने राज्य में नौकरियों और स्थानीयता को प्राथमिकता दिए जाने की मांग दोहराई। उन्होंने कहा कि खतियान आधारित स्थानीय नियोजन नीति से ही यहां के युवाओं का भला होगा। स्थानीय लोगों को नौकरियों की प्राथमिकता दी जानी चाहिए। हालांकि स्थानीय नीति तय करने में कई खास वर्ष या अवधि तय नहीं होनी चाहिए।

रांची में 30 अप्रैल तक बारिश के आसार

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राजधानी समेत पूरे झारखंड में पिछले दो दिनों में हुई बारिश से मौसम सुहाना हो गया है। लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार रांची समेत राज्य भर में 30 अप्रैल तक बारिश होने का पूवार्नुमान है। 24 और 25 अप्रैल को राज्य के उत्तर-पश्चिमी, दक्षिणी (पलामू, गढ़वा, चतरा, कोडरमा, रामगढ़, सरायकेला खरसावां, लातेहार, लोहरदगा) तथा निकटवर्ती मध्य भागों (रांची, बोकारो, गुमला, हजारीबाग) में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। 26 से 30 अप्रैल तक राज्य के दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्की वर्षा हो सकती है। राजधानी में 30 अप्रैल तक बारिश के आसार हैं। साथ ही अधिकतम तापमान में तीन से चार डिग्री तक गिरावट दर्ज होने की संभावना है। मौसम विभाग ने वेदर को लेकर येलो अलर्ट भी जारी किया है। सोमवार से बुधवार तक राज्य के उत्तर-पश्चिमी दक्षिणी तथा निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन और वज्रपात के साथ

तेज सतही हवा (अधिकतम गति 30-40 किलोमीटर प्रति घंटा) चलने की संभावना है। मौसम के बदलते मिजाज से अधिकतम तापमान और न्यूनतम तापमान में बदलाव दर्ज किया गया है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र की रिपोर्ट के अनुसार पिछले 24 घंटे में राज्य में कुछ स्थानों पर गर्जन के साथ हल्के दर्जे की वर्षा हुई। सबसे अधिक वर्षा 14.0 मिलीमीटर रांची विमानपत्तन में दर्ज की गयी। सबसे अधिक उच्चतम तापमान 38.3 डिग्री गोड्डा में, जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 18.6 डिग्री रांची में दर्ज किया गया।

पारस एचइसी हॉस्पिटल का पहला स्थापना दिवस मनाया गया

हॉस्पिटल में रोबोटिक सर्जरी की शुरुआत जल्द

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। धुर्वा स्थित पारस एचइसी अस्पताल का पहला स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत गणेश वंदना से हुई। मेडिकल डायरेक्टर और न्यूरोसर्जन डॉ संजय कुमार, फैसिलिटी डायरेक्टर डॉक्टर नितेश कुमार, नेफ्रोलॉजी डायरेक्टर डॉ अशोक कुमार वैद्य, डायरेक्टर एमआइएस और जनरल सर्जन डॉक्टर मेजर रमेश दास सहित अन्य लोगों ने दीप प्रज्ज्वलित कर विधिवत कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान अस्पताल के सभी डॉक्टर, नर्स और कर्मचारी उपस्थित थे। कर्मचारियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया।

इस मौके पर मेडिकल डायरेक्टर और न्यूरोसाइंसेज विभाग के वाइस चेयरमैन डॉ संजय कुमार ने कहा कि 1 साल के सफर में पारस अस्पताल को बेस्ट मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का अवार्ड मिला है, जिससे हम उत्साहित हैं। इसी के साथ हमारे कंधों पर नयी जवाबदेही भी आ गयी है। यहां पर एक छत के नीचे अलग-अलग सुविधाएं मरीजों को उपलब्ध करायी जा रही है। इसके साथ ही यहां नयी टेक्नोलॉजी के साथ और नये डिपार्टमेंट की भी स्थापना की जायेगी, जिसमें किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा, आंकोलॉजी बिल्डिंग की भी शुरूआत की जायेगी जहां पर कैंसर के मरीजों का इलाज किया जा सकेगा। रोबोटिक सर्जरी की सुरुआत करने की भी तैयारी है। डॉ संजय कुमार ने कहा कि पारस अस्पताल में पेशेंट केयर सबसे मोस्ट इंपोर्टेंट है।

फैसिलिटी डायरेक्टर डॉक्टर नीतेश कुमार ने कहा कि 1 साल पहले हमने सेवाओं को सुदृढ़ बना कर एक छत के नीचे लोगों को सभी तरह के इलाज की सुविधा उपलब्ध करायी। वहीं नेफ्रोलॉजी के डायरेक्टर डॉ अशोक कुमार बैद्य ने कहा कि जो भी मरीज यहां से इलाज करा कर जा रहे हैं उनका बहुत अच्छा फीडबैक मिल रहा है। हम कोशिश करेंगे कि समाज के लोगों का विश्वास जीतें। यहां किडनी ट्रांसप्लांट की सुविधा तीन चार महीने में शुरू होने वाली है, जिसमें टीम भावना के साथ सभी डॉक्टर काम करेंगे। हमारा मकसद अपना फायदा नहीं बल्कि जनता की सेवा के लिए काम करना है। डायरेक्टर एमआइएस और जनरल सर्जन डॉक्टर मैजर रमेश दास ने कहा कि पारस अस्पताल के 1 साल के सफर में नीचे से लेकर ऊपर तक के सभी सहयोगियों का बहुत बड़ा योगदान है। यहां एक छत के नीचे एडवांस इक्विपमेंट की सुविधा मरीजों को दिलायी जाती है जोकि वर्ल्ड क्लास है।

जैक बोर्ड की 10वीं और 12वीं की कॉपी जांच शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड में जैक ने मैट्रिक और इंटर की कॉपियों की जांच शुरू कर दी है। गौरतलब हो कि मैट्रिक की परीक्षा 3 अप्रैल और इंटर की परीक्षा 5 अप्रैल को संपन्न हुई थी। तकरीबन 20 दिनों के बाद जैक परीक्षा की कॉपियों का मूल्यांकन शुरू हो चुका है। कॉपियों की जांच के लिए पूरे राज्य के 19 जिलों में 66 केंद्र बनाये गये हैं। इनमें मैट्रिक की कॉपियों की जांच के लिए 35 केंद्र और इंटर की कॉपियों की जांच के लिए 31 केंद्र बनाये गये हैं। मालूम हो कि इस साल मैट्रिक और इंटर की परीक्षा में लगभग आठ लाख परीक्षार्थी शामिल हुए थे।

जैक के अनुसार मैट्रिक और इंटर का रिजल्ट मई महीने के अंत तक जारी किया जायेगा। सबसे पहले मैट्रिक का रिजल्ट जारी किया जायेगा। मैट्रिक के साथ-साथ इंटर साइंस का भी रिजल्ट जारी किया जायेगा। इसके बाद अंत में इंटर कला और इसके साथ वाणिज्य संकाय का रिजल्ट जारी होगा। जैक अधिकारियों के मुताबिक, 10वीं और 12वीं का रिजल्ट 21 मई के बाद जारी किया जा सकता है।

कॉपियों की जांच को लेकर सभी जांच केंद्रों के केंद्राधीक्षक को जांच से जुड़े सभी आवश्यक दिशा-निर्देश दे दिये गये हैं। वहीं जो शिक्षक ब्लैक लिस्टेड हैं, या सेवानिवृत्त हो चुके हैं, वैसे शिक्षकों को कॉपियों के जांच कार्य में भाग नहीं लेने को कहा गया है। साथ ही वैसे शिक्षक, जिनकी नियुक्ति जिस विषय में हुई है, वे उसी विषय की उत्तर पुस्तिका की जांच करेंगे। इसे सभी जांच केंद्रों के केंद्राधीक्षक को सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। जैक के अनुसार परीक्षक एक दिन में अधिकतम 70 कॉपियों का मूल्यांकन कर सकेंगे।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना: झारखंड में नयी तकनीक से बनेंगी 1030 किमी ग्रामीण सड़कें

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना से इस बार 1030 किलोमीटर ग्रामीण सड़कें नयी तकनीकी से बनेंगी। इसे फुल डेप्थ रेक्लिमेशन (एफडीआर) के तहत मेटेरियल के फिर से इस्तेमाल करके बनाया जायेगा। ऐसे में मौजूदा सड़क से उसका मेटेरियल निकाल कर उसे नयी सड़क के निर्माण पर लगाया जायेगा। इससे चिप्स आदि खरीदने की जरूरत नहीं होगी, बल्कि सड़क पर लगे चिप्स का ही

इस्तेमाल कर लिया जायेगा.

इस तरह चिप्स और पत्थर के लिए पहाड़ नहीं तोड़े जायेंगे। ऐसे में पर्यावरण के लिए यह अच्छा होगा। इस पद्धति पर झारखंड स्टेट रूरल रोड डेवलपमेंट अथॉरिटी आगे बढ़ गया है। हाल ही में सारे इंजीनियरों और ठेकेदारों को इसकी ट्रेनिंग दी गयी है। अब जाकर इसे लागू करने के लिए सारे प्रमंडलों को आवश्यक निर्देश दिये गये हैं। भारत सरकार ने भी इसके अनुपालन पर विशेष जोर देने को कहा है। राज्य के इंजीनियरों को बताया गया है कि इस सिस्टम से सड़कों के निर्माण का प्रदर्शन बेहतर रहा है। सड़कें मजबूत और टिकाऊ बन रही हैं। सड़कों के निर्माण के दौरान इसकी जांच कैसे हो, इसकी गुणवत्ता मापने के क्या तरीके हों, इससे भी इंजीनियरों को अवगत कराया गया है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel

आजाद सिपाही
रांची, सोमवार, 24 अप्रैल, 2023
www.azadsipahi.in

रातू थाना परिसर में आग से तीन कारें जल कर राख

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। जिला के रातू थाना परिसर के पास रविवार को आग लगने की वजह से अफरा-तफरी मच गयी। इस आग में थाना परिसर में दुर्घटनाओं के बाद जब्त की गयी तीन कारें जल कर राख हो गयीं। हालांकि इस अग्निकांड में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। थाना प्रभारी सपन महथा ने बताया कि किसी ने गेट के समीप पड़े पत्तों में आग लगा दी थी। आग धीरे-धीरे फैल कर वाहन तक पहुंच गयी और आग लग गयी। आग से तीन दुर्घटनाग्रस्त कारें जल कर राख हो गयीं। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड का वाहन कुछ देर से पहुंचा और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इससे पहले पुलिसकर्मियों ने भी आग बुझाने के लिए काफी प्रयास किया।

सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के 863 पदों पर होगी नियुक्ति

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए अच्छी खबर है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने अर्थिक प्रशाखा पदाधिकारी की नियुक्ति को लेकर अधियाचना जारी की है। जिसमें बताया गया है कुल 863 पदों पर नियुक्ति की जायेगी। कर्मचारी चयन आयोग को इससे संबंधित अधियाचना कार्मिक विभाग से प्राप्त हुई है। अधियाचना के अनुसार राज्य सचिवालय में नियुक्ति के लिए रिक्त तमाम पदों पर नियुक्तियां होनी हैं और इनमें सहायक प्रशाखा पदाधिकारी के 863 पद हैं। इसके पूर्व जेएसएससी ने 10 प्रतियोगिता परीक्षाओं का कैलेंडर जारी कर दिया है। झारखंड प्रयोगशाला सहायक प्रतियोगिता परीक्षा -2023, इसी वर्ष जून में आयोजित की जायेगी।

छत्तीसगढ़ इडी ने विनय चौबे से नौ घंटे तक की पूछताछ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के सीनियर आइएएस अधिकारी विनय चौबे शनिवार को छत्तीसगढ़ इडी के सामने अपना बयान दर्ज करवाने के लिए हाजिर हुए थे। इस दौरान उनसे इडी की टीम ने करीब नौ घंटे पूछताछ की। सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक यह पूछताछ चली। बता दें कि छत्तीसगढ़ शराब घोटाले की जांच कर रही इडी ने झारखंड के उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे और बेवरेज कॉरपोरेशन के एमडी करण सत्यार्थी को नोटिस जारी किया था। इस केस में झारखंड उत्पाद विभाग ने छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड के साथ करार करते हुए उसे कंसल्टेंट चुना था। इडी ने झारखंड के अधिकारियों से इस करार के बारे में पूछा है और उनको अपना पक्ष रखने को कहा है।

झारखंड से जुड़े हैं तार

इडी छत्तीसगढ़ में जिस शराब घोटाले की जांच कर रही है, उसमें सीएसएमसीएल के तत्कालीन एमडी अरुण पति त्रिपाठी और उनके सहयोगी सिद्धार्थ सिंघानिया की बड़ी भूमिका बतायी जा रही है। इडी विनय कुमार चौबे और सत्यार्थी से यह जानना चाहती है कि झारखंड में शराब बिक्री की पॉलिसी में इन दोनों अधिकारियों की क्या भूमिका थी। मालूम हो कि झारखंड सरकार ने छत्तीसगढ़ की तर्ज पर ही एक्साइज पॉलिसी लागू की थी। छत्तीसगढ़ का शराब माफिया अनवर देबर भी होलसेलर एजेंसियों के जरिये झारखंड में काम कर रहा था। इडी ने सीएसएमसीएल के एमडी समेत अन्य के यहां बीते दिनों छापेमारी की थी।

राजनीतिक हलकों में फैली सनसनी

स्वास्थ्य मंत्री बन्ना का अश्लील बात करते हुए वीडियो वायरल

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का एक वीडियो सोशल मीडिया में रविवार को अचानक से वायरल हुआ। इस वीडियो में एक युवती से अश्लील बातें करते नजर आ रहे हैं। 21 सेकंड के इस वीडियो को भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने ट्वीट किया है। उन्होंने लिखा है कि यह है कांग्रेस का चरित्र, झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता जी का यह तथाकथित माजरा है। महिलाओं के इज्जत से खेलना, कांग्रेस कार्यकर्ता सुशील शर्मा का अपने पत्नी को तंदूर में जलाना, काश गांधी परिवार समझ पाता, यदि यह सही है, तो कांग्रेस के लिए डूब मरने वाली बात है। वायरल वीडियो के कारण राजनीतिक हलकों में सनसनी फैल गयी है। हालांकि, यह वीडियो सही है या नहीं ये तो जांच का विषय है।



यह तो बस एक झांकी है, पूरी पिक्चर बाकी है : सरयू राय

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो पर निर्दलीय विधायक सरयू राय ने ट्वीट किया। लिखा, यह तो बस एक झांकी है, पूरी पिक्चर बाकी है। इस एक एपिसोड के बाद कतार में कई खंड एपिसोड संभावित हो सकते हैं।

वीडियो फर्जी, केस दर्ज कराया : बन्ना

उधर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा है कि वीडियो फर्जी है। मुझे इसके अतिरिक्त कोई भी जानकारी नहीं है। वीडियो वायरल होने की सूचना पर मैंने थाने में शिकायत की है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया में मेरी छवि को धूमिल करने और राजनीतिक विद्वेष भावना के साथ राज्य के कुछ प्रमुख राजनीतिक विरोधियों ने एक सोची समझी साजिश के तहत, एक फेक और एडिट वीडियो को जानबूझ कर वायरल किया है, वीडियो में स्पष्ट दिख रहा है कि फोटो शॉप या अन्य किसी एडिटिंग एप के माध्यम से यह कुकृत्य किया गया है जिसके विरुद्ध मैंने एफआइआर करवा दिया है, जल्द ही इस मामले में पुलिस जांच के बाद दूध का दूध और पानी का पानी हो जायेगा, जिन लोगों ने इस फर्जी और एडिटेड वीडियो के माध्यम से मुझे फंसाने का कार्य किया है उन सभी के खिलाफ भी कानूनी कार्यवाई करूंगा, सत्यमेव जयते!

रिटायर्ड रेंजर के घर हुई डकैती का खुलासा 24.57 लाख के साथ 10 अपराधी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। टाटीसिलवे थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर में रिटायर्ड रेंजर रुद्र नारायण प्रसाद के घर हुई डकैती का पुलिस ने खुलासा किया है। एसएसपी किशोर कौशल के निर्देश पर गठित टीम ने कार्रवाई करते हुए 10 अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधियों के पास से पुलिस ने 24.57 लाख कैश, तीन देसी कट्टा, एक देसी पिस्तौल और पांच जिंदा कारतूस बरामद किया है। गिरफ्तार हुए अपराधियों में हजारीबाग जिले का रहने वाला संतोष कुमार पासवान, निशांत कुमार, हरिओम कुमार, बिहार के गया जिले का रहने वाला सुरेंद्र कुमार चौधरी, कविंद्र प्रसाद, अजीत कुमार, राहुल वर्मा मोहम्मद शाहनवाज आलम, बिहार के नालंदा जिले का रहने वाला मनिंदर कुमार और रांची के टाटीसिलवे का रहने वाला अजीत कुमार शामिल हैं। टाटीसिलवे थाना क्षेत्र अंतर्गत आदर्श नगर में बीते पांच अप्रैल को अपराधियों ने सेवानिवृत्त रेंजर रुद्र नारायण प्रसाद सहित परिवार के अन्य सदस्यों को बंधक बनाकर डकैती की घटना को अंजाम दिया था। डकैतों ने 20 लाख नकद एवं जेवरात मिलाकर कुल 40 लाख की डकैती की एवं आसानी से फरार हो गये। सूचना मिलने पर पहुंची टाटीसिलवे पुलिस एवं फोरेंसिक जांच टीम ने घटनास्थल की आवश्यक छानबीन की थी। साथ ही मामले में रेंजर ने अज्ञात अपराधियों पर प्राथमिकी दर्ज करायी इसके बाद एसएसपी के निर्देश पर इस मामले का खुलासा के लिए विशेष टीम का गठन किया गया। गठित पुलिस की टीम ने बिहार और झारखंड में कार्रवाई करते हुए इस घटना में शामिल 10 अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।

टाटीसिलवे में चार साल से रह रहा परिवार

वहीं, रेंजर के अनुसार, 2019 से आदर्श नगर में घर बनाकर पत्नी सावित्री देवी, बहू नीता देवी एवं दो साल के पोते के साथ रह रहे हैं. बेटा पटना एवं दोनों बेटी दिल्ली में रहते हैं। 2021 में सेवानिवृत्त हुए। रेंजर कार चालक के साथ बेटी की शादी को लेकर हजारीबाग के चरही गये थे। जैसे ही वहां से 8:30 बजे घर लौटे और घर के मुख्य गेट से अंदर प्रवेश किया, वैसे ही चार अपराधियों ने उन्हें एवं चालक चंदन कुमार शर्मा को बंधक बनाकर कमरों में रखे अलमीरा एवं बॉक्स पलंग की छानबीन कर पैसे एवं गहने इकठ्ठा किये। जाने के क्रम में पैसे एवं गहने लेकर पहले तीन युवक निकले। रात 11 बजे बाथरूम से आवाज सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे एवं सभी को बाहर निकाला।

निःशुल्क चलंत प्याउ अग्रसेन धारा का शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अग्रवाल युवा सभा रांची ने निःशुल्क चलंत प्याउ अग्रसेन धारा की शुरुआत की। रविवार को भारतीय युवक संघ, बकरी बाजार, दुर्गा मंदिर के प्रांगण से महाराजा अग्रसेन की निःशुल्क चलंत प्याऊ का शुभारंभ अग्रसेन धारा के नाम किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि समाजसेवी एवं रांची गौशाला के अध्यक्ष पुनित पोद्दार एवं अग्रवाल सभा, रांची के सचिव मनोज चौधरी के कर कमलों द्वारा किया गया। अध्यक्ष सौरभ बजाज ने पौधा देकर, शॉल उढ़ाकर उनका स्वागत किया एवं प्रतीक चिन्ह के रूप में मोमेंटो भेंट किया। कार्यक्रम संयोजक तिरू आशीष जालान एवं शिरीष खेतान और अग्रसेन धारा प्रभारी मयूर पोद्दार एवं मोहित अग्रवाल को बनाया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी रौनक झुनझुनवाला एवं अमित बजाज ने दी।

इंटर जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट में बोकारो रहा विजयी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस झारखंड राज्य इकाई द्वारा राज्य में तैनात अपने अधिकारी सदस्यों के लिए इंटर जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसके फाइनल मैच का आयोजन रविवार को बोकारो अंचल और जमशेदपुर अंचल के बीच जेके इंटरनेशनल स्कूल अगरू रातू में खेला गया। दोनों अंचल के बीच हुए कड़े मुकाबले में बोकारो विजयी हुआ। बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस झारखंड राज्य इकाई के महासचिव कॉमरेड सुनील लकड़ा ने बधाई और शुभकामनाओं सहित विजयी टीम बोकारो अंचल के कप्तान मनीष चंचल को इंटर जोनल क्रिकेट टूर्नामेंट - 2023 की ट्रॉफी और उप विजेता की ट्रॉफी जमशेदपुर अंचल टीम के कप्तान सत्यम युवराज को दिया। श्रेष्ठ बल्लेबाजी के लिए जमशेदपुर अंचल के सव्यसाची पात्रा और श्रेष्ठ गेंदबाजी के लिए बोकारो अंचल के रोहित प्रसाद पुरस्कृत हुए। वहीं मैन ऑफ द सीरीज का खिताब जमशेदपुर अंचल के नीरज कुमार ने जीता। मौके पर रांची अंचल के आंचलिक प्रबंधक संजीव कुमार सिंह, उप आंचलिक प्रबंधक नरेंद्र कुमार दास, जमशेदपुर अंचल के उप आंचलिक प्रबंधक अनवर जमाल, इकाई के चैयरमैन राज कुमार श्रीवास्ताव, अध्यक्ष अमित कुमार, उप महासचिव विजय वाधवा, सहायक महासचिव मनीष नारायण, भरत लाल ठाकुर, हरीश सिंह, शैलेंद्र सिंह समेत बड़ी संख्या में बैंक अधिकारी, समर्थक और उनके सगे-संबंधी उपस्थित थे।

बैंक ऑफ इंडिया ऑफिसर्स एसोसिएशंस झारखंड राज्य इकाई द्वारा आयोजित था टूर्नामेंट

शारदा ग्लोबल स्कूल में मॉक ड्रिल का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। आरएस फाउंडेशन और झारखंड अग्निशमन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शारदा ग्लोबल स्कूल में अग्नि शमन सेवा सप्ताह के दौरान मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूल के छात्र-छात्राओं को आधारभूत जानकारी दी गयी। इस मौके पर झारखंड अग्निशमन विभाग के राजेंद्र यादव के नेतृत्व में स्कूल में आयोजित फायर फाइटिंग कार्यशाला के दौरान स्कूल के बच्चों को आग लगने के कारन तरीके तथा उनपर तात्कालिक कारवाही करते हुए कैसे काबू पाया जाये इसकी पूर्ण जानकारी दी गयी। साथ ही उन्हें प्रयोगात्मिक तरीके से आग लगाकर उसपर विभिन माध्यमों से काबू करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। इस अवसर पर संस्था के सदस्य पंकज बंका, संतोष कुमार, प्रशांत कुमार एवं स्कूल के शिक्षकगण तथा विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

श्यामली कम्युनिटी हॉल में नील रोंगेर घोड़ा नाटक का मंचन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्यामली कम्युनिटी हॉल में रविवार को सांस्कृतिक संस्था कृष्टि के तत्वावधान में ह्यनील रोंगेर घोड़ा नाटक का मंचन किया गया। इस नाटक को मोहित चट्टोपाध्याय ने लिखा है। इस नाटक में दर्शाया गया है कि आम आदमी अपने छोटे-छोटे सपनों को पूरा करने के लिए किस तरह की जद्दोजहद में लगा रहता है। इसमें आम आदमी के जीवन संघर्ष और इससे जुड़ी घटनाओं को दिखाया गया है

नील घोड़े से किस्मत बदलने की उम्मीद

नील रोंगेर घोड़ा नाटक के मुख्य पात्र सोमनाथ घुड़दौड का है। जिसे साधारण-सी नौकरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने में कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इसके बाद भी वह अपनी किस्मत आजमाने में जुटा रहता है। उसके सपने में नीले रंग का घोड़ा है। उसे आखिरी दम तक उम्मीद रहती है कि यह घोड़ा उसकी किस्मत बदलेगा। लाइट, म्यूजिक, साउंड और पात्रों के संवाद से यह नाटक बहुत ही बेहतरीन ढंग से मंच पर उतारा गया। इस नाटक ने दर्शकों को लगभग डेढ़ घंटे तक सम्मोहित किया। लेकिन नाटक के मुख्य किरदार सोमनाथ की रेस कोर्स में मौत हो जाती है, तो दर्शकों का सम्मोहन टूट जाता है। पूरे हॉल में सन्नाटा पसर जाता है। नाटक में अर्णव बोस ने सोमनाथ की भूमिका, रीता डे ने सोमनाथ की पत्नी मृण्मयी, स्वरणेंदु बाग ने पुत्र की, पापिया चक्रवर्ती ने पुत्री की सोमेन ने बेटी के प्रेमी चंचल की, सुमोना कुंडू ने सोमनाथ की प्रेमिका पोरना की, तनुश्री ने मिट्टू का और सौरव मुखर्जी ने पोरना के पति सुभाष की भूमिका निभायी।

पुस्तक का विमोचन

कोलकाता के जाने-माने नाटककार सौरव पालोदी ने इस नाटक का निर्देशन किया। सोमनाथ कुंडू, अभिषेक, रिंकू सेन, सुपर्णा, छंदोश्री, अरूप सेन, सजल सहित अन्य लोगों का भी इस नाटक में विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की शुरुआत में पुस्तक का विमोचन वर्षा बासु और अंजू ठाकुर ने किया।

पृथ्वी दिवस पर रोटरैक्ट क्लब ऑफ यूनाइटेड रांची और स्थानीय संस्थाओं का स्वच्छता अभियान

सभी लोग वातावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभायें

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रोटरैक्ट क्लब ऑफ यूनाइटेड रांची और रोटरैक्ट क्लब ऑफ सेंट जेवियर्स कॉलेज ने पृथ्वी दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान का आयोजन रविवार को टीम ग्रीन, टीम हेल्प रांची, तथा एनसीसी कीसहभागिता से किया गया। यह अभियान सुबह 6:30 बजे शहर के फिरायालाल से होकर जेल चौक तक आयोजित किया गया। इसके माध्यम से स्वच्छता के महत्व के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। अभियान में सामान्य सफाई की गतिविधियों के अलावा जनता के बीच अपनी बात रखने के लिए 1/3 कंपनी सेंट जेवियर्स कॉलेज, रांची नेशनल कैडेट कोर द्वारा नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन हुआ। इसके साथ ही क्लब ने शहर के सभी नागरिकों से अनुरोध किया है कि सभी लोग वातावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभायें और वातावरण को स्वच्छ बनायें।

राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से अहमदाबाद के सांसद डॉ किरीट पी सोलंकी ने मुलाकात की

रांची (आजाद सिपाही)। झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से रविवार को लोकसभा सांसद (अहमदाबाद पश्चिम संसदीय निर्वाचन क्षेत्र) डॉ किरीट पी सोलंकी ने मुलाकात की। राजभवन में हुई इस मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया गया।

श्रीकृष्ण प्रणामी के 83वें नि:शुल्क अन्नपूर्णा भंडारे का आयोजन

रांची (आजाद सिपाही)। संस्था की वरिष्ठ सदस्या शोभा जालान ने संजय अग्रवाल को जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मंदिर में श्रीराज श्यामाजी (राधा-कृष्ण) भगवान के सामने चंदन का तिलक कर अंग वस्त्र उपहार स्वरूप देकर सम्मान किया। उसके पश्चात 83वां श्रीकृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का प्रसाद भगवान को अर्पित कर 1400 श्रद्धालुओ के बीच वितरण किया गया। रविवार को श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारे का संचालन अपने पुत्र संजय अग्रवाल के जन्मदिवस पर संस्था के वरिष्ठ सदस्य महेंद्र प्रसाद सुशीला देवी अग्रवाल और उनके परिवार के सौजन्य से किया गया। अन्नपूर्णा भोजन प्रसाद भंडारे की सेवा कार्य में विशेष रूप संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल, उपाध्यक्ष निर्मल जालान, राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल, सुरेश कुमार चौधरी, ओम प्रकाश सरावगी, महेंद्र कुमार अग्रवाल, संजय अग्रवाल, अशोक लाठ, सुशील गाडोदिया, युवराज बंसल, प्रतीक बंसल, ज्ञान प्रकाश शर्मा, पवन पोद्दार, चन्द्रदिप साहु, महेश वर्मा, परमेश्वर साहु, महिला समिति की विधा देवी अग्रवाल, सुशीला देवी अग्रवाल, सुरभी अग्रवाल, वंदना बंसल, शकुन्तला केजरीवाल, सुधा सुल्तानियाउपस्थित थीं। यह सभी जानकारी संस्था के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल (राजु अग्रवाल) ने दी।

सेटेलाइट कॉलोनी में डॉ आंबेडकर के आदमकद प्रतिमा का अनावरण

रांची (आजाद सिपाही)। सेटेलाइट कॉलोनी में भारत रत्न संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के आदम कद प्रतिमा का अनावरण हुआ। लोकसभा सांसद डॉक्टर (प्रो) किरीट प्रेमभाईजी सोलंकी ने इस प्रतिमा का अनावरण किया। मौके पर सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री की जो सोच है कि जन जन तक सरकार की योजना को पहुंचाना है। इसके लिए उड़ान कार्यक्रम के माध्यम, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति एवं अन्य गरीब लोगों के समस्याओं को सुना जायेगा। इस अवसर पर सेल रांची के कार्यपालक निदेशक जगदीश अरोरा, निर्विक बनर्जी, संजीव कुमार एवं आशीष चक्रवर्ती उपस्थित थे। इसके अलावा विशिष्ठ अतिथि राष्ट्रीय संगठन महामंत्री (उड़ान) के महासचिव अरुण कुमार साधू एवं सेल एससी एसटी इंपलाइज फेडरेशन नयी दिल्ली के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार रामटेके भी मौजूद थे। मौके पर उन्होंने कहा कि आज हम लोग जो भी हैं, भारतीय संविधान निर्माता बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के देन है। अनावरण के बाद सुनील कुमार रामटेके ने सेल के सभी यूनिट के एससी-एसटी के समस्याओं से अवगत कराया, जिसमें अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति के अधिकारियों को सेल प्रबंधन के द्वारा उनका न्यायोचित हक चाहे वो प्रोन्नतिहो या विदेश दौरा बिना किसी भेद-भाव के अवश्य मिलना चाहिए। मूर्ति का अनावरण जय प्रकाश कुमार, संयुक्त महासचिव केंद्रीय कमेटी के नेतृत्व में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व सीएम उमाकांत, रांची के पंकज नायक, संजय सुमन प्रभात होरो, बोकारो यूनिट अध्यक्ष एमके अभिमन्यु, रविंद्र महली दिनेश रविदास, शंभू प्रसाद, महेश पासवान, सुनील कुमार, दिलीप कुमार पासवान, वीरेंद्र कुमार, ताराचंद, सौरभ चांद, दिलीप कुमार आदि थे। इस्पात एग्जीक्यूटिव हॉस्टल में सभा का आयोजन था तथा सेवा कार्यालय में सांसद द्वारा पौधारोपण भी किया गया। संजय पंकज सिंह तथा जयप्रकाश के आग्रह पर किरीट प्रेमभाईजी सोलंकी द्वारा झारखंड प्रदेश का उड़ान का उद्घाटन किया गया, जिसमें गरीब बच्चों को प्रोत्साहित शिक्षा स्वास्थ्य और कला संस्कृति के उत्थान के लिए आगे कार्य होगा।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव दिवस मनाया

वीर कुंवर सिंह की दिलेरी आज भी युवाओं को देती है प्रेरणा: चंद्रप्रकाश

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के तत्वावधान में रविवार को विजयोत्सव का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम सुभाष चौक से लेकर क्षत्रिय धर्मशाला तक एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा नई सराय स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि कुमार महेश सिंह सहित कई लोगों ने माल्यार्पण किया। इसके उपरांत क्षत्रिय धर्मशाला परिसर में एक समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, विशिष्ट अतिथि कुमार महेश सिंह सहित समाज के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से वीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। वही, अतिथियों का स्वागत पगड़ी पहनाकर और तलवार भेंट कर किया गया। समारोह के दौरान समाज के बच्चों ने सांस्कृतिक नृत्य पेश किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह आज भी युवाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत हैं। उन्होंने दिलेरी से अंग्रेजों से युद्ध लड़ी थी। आज हम उसी दिलेरी से समाज की बुराइयों से लड़ना चाह रहे हैं। आज हम आजाद हैं, लेकिन कुर्तियों की वजह से हमारा समाज गुलाम की स्थिति में फंस जाता है। आज अगर हम अन्याय और कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होकर आवाज उठाएं तो हमारा समाज वीर कुंवर सिंह के सपनों को साकार करने में सफल होगा। आज एक बार फिर हमें एक बड़ा निर्णय लेने की जरूरत है।

समारोह में ये थे उपस्थित

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा के अध्यक्ष सरोज सिंह, महासचिव अमरजीत सिंह, वरीय उपाध्यक्ष विनय कुमार सिंह, अखिलेश सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, आजाद सिंह, विकास सिंह, अक्षय कुमार सिंह, शैलेंद्र सिंह, अभय प्रताप सिंह, कुमार अरविंद सिंह, कमलेश्वर सिंह, दुर्गा प्रसाद सिंह, मनजीत सिंह, मिथिलेश सिंह, सुरेश सिंह, डॉ के के सिंह, रत्नेश सिंह, मृत्युंजय सिंह, मृत्युंजय सिंह पप्पू, रंजन सिंह, गुड्डू सिंह, निधि सिंह, रविशंकर सिंह, पूनम सिंह, रेनू सिंह, सुधा सिंह, प्रतिमा सिंह, कल्पना सिंह, कांति सिंह, ममता सिंह, अशोक सिंह, बबलू महोबिया, धर्मेंद्र कुमार सिंह, बरुन सिंह, रंजन फौजी, नीरज प्रताप सिंह, अनूप सिंह, चंदन सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।

अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ ने मनाया परशुराम जन्मोत्सव

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। अंतरराष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के तत्वावधान में रविवार को शहर के प्राचीन महावीर मंदिर में भगवान परशुराम जयंती धूमधाम से मनाया गया। जयंती समारोह को लेकर पुरोहित भास्कर पाठक ने विधिवत भक्तिनाथ चौधरी व उनकी पत्नी भारती चौधरी को पूजा अर्चना कराया। वहीं समारोह में मुख्य रूप से विधायक सुनीता चौधरी भी शामिल होकर लोगों के बीच भगवान परशुराम के जीवनी पर प्रकाश डाला। अक्षय तृतीया के दिन जन्म लेने के कारण ही भगवान परशुराम की शक्ति भी अक्षय थी। इस दिन भगवान विष्णु के परशुराम अवतार की पूजा करने से शौर्य, कांति एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति होती है और शत्रुओं का नाश होता है। मौके पर नीरज झा, सानुज पांडेय, सुनील पांडेय, देवचरण पांडेय, प्रकाश मिश्रा, शांतानु मिश्रा, दिनेश पाठक, राजु चतुर्वेदी, नित्यानंद पाठक, वसुध तिवारी, मनोज गोस्वामी, अमित पाठक, सुशांत पांडेय, राजेश पांडेय सहित ब्राह्मण संघ के कई सदस्य शामिल थे।

भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच की हुई बैठक

भुरकुंडा में फिर से केंद्रीय विद्यालय स्थापित नहीं हुआ, तो चक्का जाम किया जायेगा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुरकुंडा। केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को भुरकुंडा में पुर्नस्थापित करने को लेकर रविवार को भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच की बैठक पंचायत सचिवालय भुरकुंडा में हुई। इसमें 20 अप्रैल की बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार आज पंचायत प्रतिनिधियों एवं समाज के गणमान्य समाजसेवी के साथ बैठक हुई। बैठक में सबों ने एक स्वर में कहा की केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा, भुरकुंडा में स्थापित नहीं हुआ तो बरका-सयाल क्षेत्र का चक्का जाम होगा। बैठक में पतरातू प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अभय कुमार ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय को लेकर संघ गंभीर है।यह स्कूल भुरकुंडा की अमानत है जिसे जिला प्रशासन बरकाकाना के मसमोहना में स्थापित करना चाहती है। जो कहीं से उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि संघ की मांग है की केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को मसमोहना के बजाय भुरकुंडा क्षेत्र में स्थापित हो। कहा गया कि केंदीय विद्यालय भुरकुंडा को भुरकुंडा में स्थापित करने को ले संघ उपायुक्त को ज्ञापन सौंपेगी। बताया गया कि मामले को ले 27 अप्रैल गुरुवार को भुरकुंडा पंचायत भवन में पुनः बैठक होगी। ज्ञापन के बाद भी अगर केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को लेकर कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया तो पोषक क्षेत्र के सभी पंचायत के जन प्रतिनिधि कार्य का बहिष्कार करेंगे और इसके खिलाफ पेन ड्रॉप आंदोलन चलाएंगे। वहीं पंचायत प्रमुख के प्रतिनिधि सीताराम मुंडा ने कहा कि केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को लेकर जो भी कदम उठाने पड़े हम हर तरह से तैयार हैं। हम हर आंदोलन के लिए भी तैयार हैं। बैठक में तय हुआ कि वे प्रशासन से भुरकुंडा हाई स्कूल मैदान सहित आसपास मौजूद 10 एकड़ भूमि पर केंद्रीय विद्यालय भुरकुंडा को स्थापित कर संचालित करवाने की पहल करें। बैठक की अध्यक्षता दर्शन गंझू व संचालन योगेश दांगी ने किया। मौके पर पतरातू प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष अभय प्रताप सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि सीताराम मुंडा, भुरकुंडा मुखिया अजय पासवान, सुंदरनगर मुखिया व्यास पांडेय, दोतल्ला मुखिया सत्यवंती देवी, चोरधरा मुखिया रामनारायण कुमार, भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के संस्थापक सदस्य गिरधारी गोप, विनय कुमार सिंह, गुलाब चंद्र मिश्रा सहित अभीतेश कुमार सिंह, उदय मालाकार, सुबोध कुमार, राज कुमार सिंह, शीला कुमार प्रेमनाथ साहू, डॉ जयश्री मेहता, लवकुमार महतो, विजेंद्र कुमार, पवन कुमार, अविनाश कुमार, संतोष कुमार, आजाद भुइयां, पंकज, अनिल, दीपक कुमार, शंकर कुमार, सागर कुमार, प्रदीप अग्रवाल, रॉकी अग्रवाल, तनु उपाध्याय, संजय मिश्रा सहित कई लोग मौजूद थें।

सुतरी की मजदूर की संबलपुर में मौत पीड़ित परिवार से मिली विधायक सुनीता

गोला (आजाद सिपाही)। गोला प्रखंड के सुतरी पंचायत अंतर्गत संगातू गांव निवासी चरकू तुरी का पुत्र प्रदीप तुरी का उडीसा के संबलपुर में मौत हो गई। वह मजदूरी करने जा रहा था इसी क्रम में ट्रेन के चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। स्थानीय प्रसाशन की मदद से मौत की खबर घर में दी गई। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। शव रविवार को विधायक सुनीता देवी के सहयोग एंबुलेंस के माध्यम से गांव लाया गया। विधायक सुनीता चौधरी, प्रमुख गीता देवी के साथ मृतक के परिजनों से मिलने गांव पहुंची। परिजनों से मिलकर हर संभव मदद का अस्वाशन दिया। समाजसेवी आरती देवी, विशु रजवार, विनय नायक, नितिश खन्ना, जगदीश तुरी, इंदेव तुरी, जगदीश सिंह, प्रवीण कुमार, विशुन तुरी, आंनद बेदिया, गोपाल करमाली आदि मौजूद थे।

टंडवा में आंबेडकर के नाम पर बनेगा पार्क

टंडवा (आजाद सिपाही)। प्रखंड स्तरीय भारत रत्न डॉ.भीम राव अम्बेडकर जी की 132वीं जयंती समारोह धूम धाम से अंबेडकर चौक में रविवार को मनायी गयी। इस समारोह के मुख्य अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास,विशिष्ठ अतिथि डीएसपी केदार राम, टंडवा सीओ विजय कुमार दास, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव, जिला जिप अध्यक्ष ममता देवी, भीम आर्मी महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष प्रभा देवी, आम्रपाली कार्मिक उप प्रबंधक एसके सहारे, टंडवा मुखिया सुनीता देवी, समाज सेवी सुभान अंसारी, समाज सेवी तिलेश्वर साहू शामिल हुए। सर्व प्रथम अतिथियो ने अंबेडकर जी की आदम कद प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित किया गया। मंच का उद्घाटन एवं कार्यक्रम की शुभारंभ अतिथि सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास समेत अतिथियों ने फीता काटकर किया। अंबेडकर जयंती के प्रखंड कमेटी कार्यकर्ताओं ने अतिथियों को अंग वस्त्र, बुके देकर स्वागत किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक किशुन कुमार दास के संबोधन में कहा की डॉ. भीम राव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 ई. मध्य प्रदेश इंदौर महू छावनी में जन्म हुआ और 5 वर्ष के उम्र में ही उनकी माता का निधन हो गया। उनके पिता सेना में सूबेदार थे। उनके समय में समाज में छुआ छूत की भावना भरी हुई थी। इसको लेकर शिक्षित हो, संघर्ष करो, आगे बढ़ो का नारा दिया। वे शिक्षा को महत्व देकर पूरे विश्व में ख्याति प्राप्त किये। आजादी के बाद उनके जैसा शिक्षा के अग्रणी विद्वान होने की वजह से संविधान का निर्माण करने का मौका मिला उन्होंने विदेशों में भ्रमण करते हुए कई देशों का भी संविधान निर्माण किया। ने आगे कहा की उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला अतिशयोक्ति होगी। समारोह में लोगो से कहा की अम्बेडकर जी के नाम से टंडवा पार्क निर्माण कराने की घोषणा किया।वही में वक्ताओं डीएसपी केदार राम, बीस सूत्री अध्यक्ष सुभाष यादव,सुभाष दास,प्रयाग राम, सुवेश राम ने अंबेडकर जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। डॉ.भीम राव की स्मृतियों पर चलने संयुक्त रूप समारोह में संकल्प लिया गया। समारोह की अध्यक्षता रविंद्र दास, संचालन प्रयाग राम ने किया। इस मौके पर भाजपा जिला महामंत्री मिथलेश कुमार गुप्ता, रामावतार राम, अमरीका राम, संजय राम, पिंटू राम, रामधनी राम, किशुन राम, मंटू राम, कृष्णा भुइयां, संतोष पसवान, गोविंद पासवान समेत सैकड़ों महिला पुरुष उपस्थित थे।

पुलिस ने अज्ञात शव बरामद किया

गोला (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बेटुलकला पंचायत अंतर्गत बंदरचुआ पहाड़ी से सड़े गले हालत में गोला पुलिस द्वारा एक अज्ञात व्यक्ति का शव रविवार को बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि आसपास गांव से बकरी चराने गये कुछ लोगों द्वारा उक्त गांव के चौकीदार को बताया गया कि पहाड़ी पर एक शव पड़ा हुआ है। चौकीदार ने इसकी सूचना गोला पुलिस को दी। जिसके बाद चौकीदार के द्वारा पुलिस को शव के पास ले जाया गया। जहां देखा कि एक अज्ञात व्यक्ति का शव सड़े गले हालत पड़ा हुआ है। पुलिस ने बताया कि शव से काफी दुर्गंध आ रही है। वहीं निर्वस्त्र अवस्था में है। हालांकि शव के पास से एक लूंगी बरामद किया गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में कर थाने ले आई है। ये कौन है कहां से आया, मौत कैसे हुई जांच पड़ताल के बाद ही बताया जा सकता है। अंदेशा लगाया जाता है कि व्यक्ति का शव किसी दूसरे थाना क्षेत्र का है।

साहू भवन में दानवीर भामाशाह जयंती पर समारोह का आयोजन

देश और समाज में दानवीर भामाशाह जैसे लोगों की जरूरत : सुरेंद्र गुप्ता

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। शहर के गोला रोड स्थित साहू भवन में शनिवार को साहू भवन प्रबंधन समिति के तत्वावधान में दानवीर भामाशाह की 476वीं जयंती पर समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ साहू समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ छोटू सहित साहू भवन प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों ने संयुक्त रूप से दानवीर भामाशाह के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं, समाज के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार गुप्ता उर्फ छोटू ने लोगों के बीच उनके जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दानवीरता के लिए भामाशाह का नाम इतिहास में आज भी अमर है। देश एवं समाज में आज दानवीर भामाशाह जैसे लोगों की जरूरत है, जो समाज और देश के नागरिकों को खुल के मदद कर सकें। उन्होंने कहा कि वे दानवीर और त्यागी पुरुष थे। साहू भवन प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष दीपक साह ने समाज के लोगों से दानवीर भामाशाह के आदर्शों को अपनाकर उनके बताये रास्ते पर चलने की अपील की। समारोह का संचालन निलेश कुमार गुप्ता ने किया। विशेष योगदान करने वाले समाज के वरिष्ठ लोगों को सम्मानित किया गया। जिसमे, पशुपति साह, डॉ जितेंद्र गुप्ता, विनोद साह, एस एस साह, देवनारायण प्रसाद, जय प्रकाश साह, अर्जुन साह सहित अन्य लोगों को बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।

मौके पर ये थे उपस्थित

इस अवसर पर विनोद कुमार, पशुपति नाथ साह, अमित साहू, राजीव कुमार, राकेश कुमार गुप्ता, देवानंद कुमार, प्रमोद कुमार साह, तरूण कुमार साह, सुनील कुमार साह, अनूप कुमार गुप्ता, उपेंद्र प्रसाद गुप्ता, श्याम कुमार साह (अधिवक्ता), शंभू प्रसाद साह, रंजीत साह, अनिल कुमार गुप्ता, अरविंद कुमार गुप्ता, राकेश गुप्ता, नरेश प्रसाद साहू सहित साहू समाज के कई लोग शामिल थे।

ईद मिलन समारोह में शामिल हुई ममता देवी

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। शहर के नयी सराय स्थित इदगाह कब्रिस्तान के निकट अंजुमन कमेटी और इदगाह नईसराय कब्रिस्तान कमेटी के संयुक्त तत्वधान में इद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक ममता देवी, विशिष्ट अतिथि कांग्रेस पार्टी के पूर्व प्रत्याशी बजरंग महतो, समाजसेवी कमल बगड़िया, कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष मुन्ना पासवान आदि शामिल हुए। इस दौरान सर्वप्रथम अंजुमन कमेटी और ईदगाह नईसराय कब्रिस्तान के पदाधिकारियों ने अतिथियों के आगमन पर उन्हें बुके देकर और माला पहनाकर स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ममता देवी ने कहा कि आप सभी का प्यार, स्नेह मुझे आगे बढ़ने का हौसला देता है। ईद पर्व भाई चारगी का त्यौहार है।

ये थे उपस्थित

ईद मिलन समारोह में सीपी संतन, मुकेश यादव, संजय साह, शहजाद खान, मो आसिफ इकबाल, अंजुमन कमेटी ने सराय के सदर मो सलीम खान, सचिव मो कमाल, ईदगाह नईसराय कब्रिस्तान के सदर मो गुलजार, सचिव मो खालिद, अमीना खातून, इशरत खातून, मो बशीर खान, मो जावेद, मो बाबर खान, मो सोनू, अजमल हुसैन, मो अफरीदी हुसैन, मो इमरान, मो आयम, मो आसिफ सहित कई लोग उपस्थित थे।

प्रचलित उर्दू शब्दों की प्रासंगिकता

भारतीय संस्कृति शिक्षा और भाषा पर विदेशी आक्रमणकारियों का विशेष एवं विपरीत प्रभाव हमेशा से रहा है तथा सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रयासों के बावजूद भी देश के कई विभागों विशेषतयः पुलिस व राजस्व जैसे महत्वपूर्ण विभागों में अभी भी कई विदेशी शब्दों का ही प्रयोग किया जाता है। यह शब्द पुलिस की जुबान पर तो इस तरह से घर कर गये हैं कि उनसे मोह टूट ही नहीं पा रहा हैं। वास्तव में पूर्व औपनिवेशिक भारत की पहचान स्वदेशी शिक्षा प्रणाली ही थी, क्योंकि देश गुलाम था तथा सभी हिंदू व मुस्लिम एक ही भारत देश के निवासी थे तथा स्वाभाविक है कि हिंदी भाषा के साथ-साथ उर्दू व फारसी भाषा का भी प्रयोग होता रहा है। अंग्रेज लोग तो केवल अपनी पाश्चात्य भाषा इंगलिश को ही बढ़ावा देना चाहते थे, मगर वे भारत में पहले से बोली जा रही भाषाओं के बीच में किसी भी प्रकार की लकीर नहीं खींचना चाहते थे। इसके अतिरिक्त यह बात भी सच है कि 17 वीं शताब्दी से पहले भारत में मुस्लिम-मुगल सुल्तानों व राजाओं का ही आधिपत्य था तथा उन्होंने हिंदी व संस्कृत जैसी भाषाओं को तरजीह न देकर उर्दू व फारसी को ही आगे बढ़ाया तथा स्कूलों-कालेजों में वनैर्कुलर भाषा का ही प्रयोग किया गया। इन शासकों ने राजस्व व पुलिस जैसे महत्वपूर्ण विभागों में केवल ऊर्दू का ही प्रयोग किया तथा हिंदी भाषा का तो नाममात्र प्रयोग ही किया जाता रहा है। यदि देश की स्वतंत्रता से पहले का थानों में रखा हुआ रिकार्ड देखें तो पता चलता है कि पुलिस का सारा काम उर्दू भाषा में ही किया जाता था। देश की आजादी के बाद भले ही हिंदी भाषा का प्रयोग किया जाने लगा, मगर फिर भी पुलिस व राजस्व जैसे विभागों की प्रशासनिक भाषा के रूपांतरण की तरफ उचित ध्यान नहीं दिया गया। भारत में हिंदी को भले ही वर्ष 1950 में प्रशासनिक भाषा का दर्जा दे दिया गया था मगर प्रथम राजभाषा आयोग, जोकि वर्ष 1955 में बनाया गया था, ने अपना प्रतिवेदन वर्ष 1956 में प्रस्तुत किया। हिंदी का प्रयोग बढ़ाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाये हैं तथा इसी तरह हिंदी दिवस 14 सितंबर एवं अंतरराष्ट्रीय हिंदी दिवस 10 जनवरी को व्यापक स्तर पर मनाया जाने लगा है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों को भी हिंदी का प्रयोग करने के लिए कई प्रकार के प्रोत्साहन भी दिये जाने लगे हैं, मगर इन सब के बावजूद भी पुलिस विभाग में अनेकों शब्द परंपरागत ढंग से उर्दू में ही प्रयोग किये जा रहे हैं। ब्रिटिश राज से स्वतंत्रता पाने के लिए एवं मुस्लिम समुदायों में जागरूकता पैदा करने के लिए मुसलमानों द्वारा इसका व्यापक प्रयोग किया गया था, मगर अब देश आजाद है तथा लोगों का रुझान अन्य भाषाओं की तरफ बढ़ता जा रहा है।

भारत में हिंदी को भले ही वर्ष 1950 में प्रशासनिक भाषा का दर्जा दे दिया गया था मगर प्रथम राजभाषा आयोग, जोकि वर्ष 1955 में बनाया गया था, ने अपना प्रतिवेदन वर्ष 1956 में प्रस्तुत किया।

अभिमत
आजाद सिपाही

आरएसएस ने आजादी का अमृत महोत्सव और गांधी जयंती के मद्देनजर राज्य में पथ संचलन करने की अनुमति अक्टूबर 2022 में तमिलनाडु सरकार से मांगी थी। राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद आरएसएस ने पथ संचलन की इजाजत के लिए उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की थी।

सज्जन शक्ति की जीत है तमिलनाडु में आरएसएस के पथ संचलन को सुप्रीम कोर्ट की अनुमति

सुखदेव वशिष्ठ

तमिलनाडु में डीएमके सरकार द्वारा एड़ी-चोटी का जोर लगाने के बावजूद राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन वह रोक नहीं सकी। सरकार ने पहले सत्ता और फिर न्यायालय का प्रयोग करते हुए अड़ंगा डालने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया। रविवार, 16 अप्रैल को राज्य में 45 स्थानों पर पथ संचलन संपन्न हुआ।

मद्रास उच्च न्यायालय के एकल पीठ के फैसले को आरएसएस ने दो सदस्यीय पीठ के समक्ष चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की पीठ ने फरवरी में अपने आदेश में आरएसएस की याचिका को स्वीकार कर लिया था और उसे पथ संचलन की अनुमति दी थी।

क्या है पथ संचलन

वास्तव में संघ का संचलन संघ के दैनंदिन आचरण का एक अंग है। जन साधारण और हिंदू समाज में आत्मविश्वास पैदा करने तथा स्वयं-अनुशासन व प्रामाणिकता बनाए रखने के लिए संचलन होता है। यह ऐसा कार्यक्रम होता है, जिसमें दिखाया जाता है कि हिंदू समाज एकजुटता से, दृढ़ता से और स्थिरता से कूच कर सकता है। संगठन के रूप में रा. स्व. संघ की प्रक्रिया का वह अंग है।

दक्षिण तमिलनाडु में यह आंकड़ा 12 हजार से अधिक और उत्तर तमिलनाडु प्रांत में आठ से अधिक था।

क्या था मामला

न्यायमूर्ति वी रामासुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने राज्य सरकार की याचिका खारिज कर आरएसएस को तमिलनाडु में निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्यव्यापी पथ संचलन (रूट मार्च) अनुमति का फैसला सुनाया। तमिलनाडु सरकार ने उच्च न्यायालय के 10 फरवरी 2023 के फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें पथ संचलन की इजाजत दी गयी थी।

आरएसएस ने आजादी का अमृत महोत्सव और गांधी जयंती के मद्देनजर राज्य में पथ संचलन करने की अनुमति अक्टूबर 2022 में तमिलनाडु सरकार से मांगी थी। राज्य सरकार ने कानून-व्यवस्था का हवाला देते हुए अनुमति देने से इनकार कर दिया था। इसके बाद आरएसएस ने पथ संचलन की इजाजत के लिए उच्च न्यायालय के समक्ष याचिका दायर की थी।

शीर्ष अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की उस दलील के बाद सुनवाई स्थगित कर दी थी, जिसमें कहा गया था कि वह आरएसएस से बातचीत कर पथ संचलन विवाद का हल निकालने का प्रयास करेगी।

सरकार ने अदालत को बताया था कि वह प्रस्तावित कार्यक्रम के लिए उपयुक्त मार्गों को तलाशने के वास्ते आयोजक आरएसएस से बातचीत करेगी। पीठ ने तीन मार्च को राज्य सरकार की इस दलील के बाद पथ संचलन के प्रस्तावित मार्गों पर 17 मार्च तक आरएसएस के साथ बातचीत करने की अनुमति दी थी। पीठ के समक्ष सरकार का पक्ष रखते हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने कहा था कि राज्य सरकार ने आरएसएस के पथ संचलन का विरोध नहीं किया, बल्कि कानून व्यवस्था के मद्देनजर संवेदनशील मार्गों का मुद्दा उठाया था। पीठ के समक्ष दलील देते हुए मुकुल रोहतगी ने कहा था कि राज्य सरकार प्रतिबंधित संगठन पीएफआइ की गतिविधियों और बम विस्फोटों से प्रभावित छह जिलों में राज्यव्यापी पथ संचलन को प्रतिबंधित करना चाहती है।

वरिष्ठ अधिवक्ता रोहतगी कहा था कि उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने हमारी (राज्य सरकार की) दलीलों पर सहमति जताई, लेकिन खंडपीठ ने अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए इसे (पथ संचलन को) अनुमति दे दी थी।

शीर्ष अदालत के समक्ष वकील जोसेफ अरस्तू के माध्यम से दायर अपनी अपील में तमिलनाडु सरकार ने तर्क दिया था कि इस तरह के पथ संचलन की अनुमति देने से राज्य में कानून-व्यवस्था समेत अन्य समस्याएं पैदा हो सकती हैं। याचिका में कहा गया है कि मार्च के खिलाफ राज्य का निर्णय सार्वजनिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए संविधान के अनुच्छेद 19 (2) के तहत मौलिक अधिकारों पर उचित प्रतिबंधों के तहत था। राज्य सरकार ने अपनी याचिका में सितंबर 2022 में पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआइ) पर प्रतिबंध के मद्देनजर सार्वजनिक शांति भंग की आशंका से संबंधित रिपोर्टों का भी हवाला दिया था।

मद्रास उच्च न्यायालय के एकल पीठ के फैसले को आरएसएस ने दो सदस्यीय पीठ के समक्ष चुनौती दी थी। न्यायमूर्ति आर महादेवन और न्यायमूर्ति मोहम्मद शफीक की पीठ ने फरवरी में अपने आदेश में आरएसएस की याचिका को स्वीकार कर लिया था और उसे पथ संचलन की अनुमति दी थी।

उच्च न्यायालय की दो सदस्यीय पीठ ने यह भी कहा था कि राज्य को नागरिकों के भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार को बनाये रखना चाहिए।

राज्य के अलग-अलग हिस्सों में सज्जन शक्ति की महत्वता दिखाते संचलनों में अकेले चेन्नई में कोरट्टूर के संचलन में पेरांबूर, तिरुवोट्टीयुर, अम्पाथूर और वडपलनी इलाकों के 1,200 से अधिक स्वयंसेवक गणवेश में सहभागी हुए थे।

दक्षिण तमिलनाडु में यह आंकड़ा 12 हजार से अधिक और उत्तर तमिलनाडु प्रांत में आठ से अधिक था। यानि दोनों प्रांत मिलाकर 20 हजार से अधिक स्वयंसेवकों ने संचलन किया।विघ्नैः पुनः पुनरपि प्रतिहन्यमाना, प्रारब्धमुत्तमजनाः न परित्यजंति... इस उक्ति के अनुसार 2024-25 में अपना शताब्दी वर्ष मनाने जा रहे संघ की सज्जनशक्ति का विश्व को फिर से दर्शन हुआ है।

जमशेदपुर की खबरें

परमेश्वर सरदार हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, हत्यारा गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

खरसावां। सरायकेला खरसावां जिला पुलिस ने बीते दिनों परमेश्वर सरदार हत्याकांड का खुलासा कर दिया। रविवार को हत्याकांड का खुलासा करते हुए खरसावां थाना प्रभारी पिंटू महथा ने बताया हत्त्या के मुख्य अभियुक्त रवि मछुआ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। उन्होंने अपने स्वीकारोक्ति बयान में बताया गाली-गलौज से तंग आकर पत्थर से कुचलकर परमेश्वर सरदार की हत्या की थी। साक्ष्य छुपाने के लिए मृतक के शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया था।

उन्होंने बताया घटना बीते 31 मार्च का है। खरसावां- सीनी मुख्य मार्ग के रायडीह पुलिया के समीप झाड़ियों से सड़े-गले अवस्था में अज्ञात शव बरामद किया गया था। शव की पहचान खरसावां के बाघराईडीह गांव निवासी 45 वर्षीय परमेश्वर सरदार उर्फ पीला के रूप में किया गया था। घटनास्थल पर खून के धब्बे लगे थे। मृतक की पत्नी सरदारिन के बयान पर मामला दर्ज कार्रवाई शुरू की गई।

गाली गलौज से तंग आकर की हत्या

पुलिस अनुसंधान में पाया गया खरसावां रायडीह पुलिया के समीप जमबडीह साप्ताहिक हाट लगा था। पुलिया के समीप शाम को लगभग 5 बजे शराब के नशे में खरसावां के बाघराइडीह के निवासी परमेश्वर सरदार के द्वारा आने जाने वालों के साथ गाली-गलौज किया जा रहा था। इसी क्रम में खरसावां के धातकीडीह निवासी 22 वर्षीय रवि मछुआ काम से घर लौट रहा था। गाली गलौज करने से तंग आकर उसकी हत्या कर दी गई थी। उन्होंने बताया अभियुक्त रवि मछुआ के द्वारा हत्या कर फरार हो गया। घटना के 22 दिनों के अंदर खरसावां पुलिस ने परमेश्वर सरदार हत्याकांड का खुलासा करते हुए अभियुक्त रवि मछुआ को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। मौके पर खरसावां थाना प्रभारी पिंटू महथा,लव कुमार चौधरी व खरसावां की सैट टीम व रिजर्व गार्ड के सशस्त्र बल शामिल रहे।

भुइयांडीह सिदो-कान्हू चौक के पास स्क्रैप लदा ट्रक पलटा, बड़ी दुर्घटना टली

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। सीतारामडेरा थाना अंतर्गत भुइयांडीह सिदो कान्हू चौक के पास अनियंत्रित होकर अचानक एक स्क्रैप लदा ट्रक पलटने से बड़ी दुर्घटना टल गया। घटना रविवार सुबह की है।दुर्घटना में ट्रक का चालक ट्रक के केबिन में ही फंसा रहा। वही ट्रक के पलटने से उसपर लदा सारा स्क्रैप सड़क पर बिखर गया।उधर घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगो ने किसी तरह चालक को बाहर निकाल कर पुलिस को

सूचना दी। दुर्घटना में चालक को हल्की चोट आई। उधर ट्रक पलटने से सड़क में जैम की स्थिति उत्पन्य होने लगी। मौके पर पहुची पुलिस क्रेन से ट्रक को सीधा करवा कर स्क्रैप को ट्रक में लोड करावाया। कुछ देर के बाद आवागामा सामान्य होगया। स्थानीय लोगो के अनुसार स्क्रैप लदे ट्रक मानगो की ओर जा रहा था। उसी दौरान सिदो कान्हू चौक के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। गनीमत रही वहां कोई मौजूद नहीं था। नहीं तो एक बड़ी दुर्घटना हो सकती थी। फिलहाल पुलिस चालक का इलाज कराकर आगे की कारवाई कर रही है।

कुंवर सिंह की वीरता देशवासियों को सदैव प्रेरित करेगी : काले

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। बागबेड़ा स्थित 1857 की क्रांति के महानायक बाबू वीर कुंवर सिंह के स्मारक स्थल पर प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उनके विजयोत्सव दिवस पर झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर स्थानीय कमेटी के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में उपस्थित महिलाएं, युवाओं एवं बुजुर्गों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर अमरप्रीत सिंह काले ने कहा कि अंग्रेजी शासन के विरुद्ध 80 साल की आयु में भी अदम्य साहस एवं शौर्य का प्रदर्शन करने वाले महान स्वाधीनता सेनानी, राष्ट्र गौरव, बाबू वीर कुंवर सिंह की वीरता देशवासियों को सदैव प्रेरित करती रहेगी। इस मौके पार्षद कविता परमार एवं पूर्व पार्षद किशोर यादव ने अपने विचार रखे। मंच संचालन महामंत्री मिथिलेश कुमार ने एवं धन्यवाद विशाल सिंह ने किया। इस मौके पर समिति के अध्यक्ष सीएचपी सिंह, महामंत्री मिथलेश कुमार, दिग्विजय कुमार सिंह, ए सिंह, राजकुमार, सुनील गुप्ता, अनिल सिंह, विशाल सिंह, राहुल सिंह, लविन्दू कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

मानव कल्याण पुराण फाउंडेशन और चैरिटेबल ट्रस्ट की हुई बैठक

वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान करना सभी का कर्तव्य : नीरज सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। मानव कल्याण पुराण फाउंडेशन एवं चेरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा सोनारी राममंदिर पार्क में 'दोस्त' नाम से एक बैठक का आयोजन किया। मौके पर आस पास के लगभग 200 वरिष्ठ नागरिकों ने हिस्सा लिया। रविवार को आयोजित बैठक का उद्घाटन अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक नीरज सिंह, सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार को अंगवस्त्र प्रदान किया गया। संस्था के अध्यक्ष पुरान वर्मा ने बताया संस्था के द्वारा वरिष्ठ नागरिकों के हितों के लिए कार्य किया जायेगा। साथ ही उन्हें किसी भी तरह की परेशानी या सरकारी योजनाओं के लाभ लेने में मदद की जायेगी। समय-समय पर नेत्र जांच व ऑपरेशन में भी संस्था मदद

करेगी। वही भाजपा नेता नीरज सिंह ने कहा वरिष्ठ नागरिक हमारे समाज में एक खजाने के रूप में हैं। जिन्होंने अपने तजुर्बे से हमें समय-समय पर मार्गदर्शन देते रहते हैं। संस्था के लोगों को जब भी किसी भी प्रकार की जरूरत होगी हर समय साथ खड़ा रहूंगा। मौके पर विरेंद्र प्रताप सिंह, संजय रजक, सतेंद्र सिंह यादव, सुधीर लाल, रामेश्वर प्रसाद, गुहा राम, बहुर सिंह, विजय कुमार, जयप्रकाश प्रसाद, चंद्रशेखर, रमेश प्रसाद, डाक्टर दिपक घोष, कृष्णा यादव, निरज प्रसाद, केशव कुमार,निर्मल दास सहित अन्य शामिल रहे।

जमशेदपुर मारवाड़ी युवा मंच ने जुगसलाई में पर्यावरण संरक्षण के लिए लगाये पौधे

संगठन के सदस्यों और उनके परिजनों की एनिवर्सरी पर पौधा रोपण का लिया निर्णय

ये पौधे मनोकामना मंदिर, एवं जुगसलाई दुखू मार्केट के पीछे लगाये गये। तीन चरणों में शाखा की ओर से अब तक 44 पौधे लगाये जा चुके हैं।

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। मारवाड़ी युवा मंच की जमशेदपुर शाखा की टीम ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लेते हुए प्रत्येक रविवार को जमशेदपुर के विभिन्न स्थानों पर पौधा रोपण करने का निर्णय लिया है। यह कार्यक्रम सप्ताह के अंतर्गत आये सदस्यों या उनके परिवार जन के जन्मदिन या विवाह की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में संयोजित होगा। रविवार को शाखा के सदस्य दीपक रामुका के विवाह की वर्षगांठ, शाखा सचिव अश्विनी अग्रवाल की पत्नी भावना अग्रवाल एवं सदस्य दिलीप अग्रवाल की

पत्नी काजल अग्रवाल के जन्मदिन पर के अवसर पर 21 पौधे लगाये गये। ये पौधे मनोकामना मंदिर, एवं जुगसलाई दुखू मार्केट के पीछे लगाये गये। इस प्रकार तीन चरणों में शाखा की ओर से अब तक 44 पौधे लगाये जा चुके हैं। शाखा अध्यक्ष दिनकृत अग्रवाल के नेतृत्व में आयोजित उक्त पौधा रोपण कार्यक्रम में शाखा उपाध्यक्ष हेमंत अग्रवाल, विकास शर्मा, पर्यावरण संयोजक नीरज शर्मा, आशीष अग्रवाल, आशीष अग्रवाल (गढ़वाल), गोविंद भारद्वाज, दीपक रामुका, दिलीप अग्रवाल, काजल अग्रवाल, मनोज पटवारी, गोविंद साबू आदि ने अहम भूमिका निभायी।

महत्वपूर्ण न्यूज

चैंबर ऑफ कॉमर्स श्री बंशीधर नगर ने नमाजियों के लिए लगाया सेवा शिविर

श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिदों एवं ईदगाह में ईद उल फितर की नमाज अकीदत के साथ अदा किया। ईद-उल-फितर पारंपरिक श्रद्धा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। नमाज के बाद सभी ने एक दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। गोसाईबाग स्थित ईदगाह में जामिया इस्लामिया जब्बारिया के पेश इमाम अब्दुल कादिर साहब के द्वारा नमाज अदा कराया गया। चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज श्री बंशीधर नगर के द्वारा गोसाईबाग स्थित ईदगाह के समीप शिविर लगाकर नमाजियों के लिए शरबत पानी की व्यवस्था की गयी थी। चैंबर अध्यक्ष शम्भू नाथ सौदागर ने कहा कि पानी पिलाना पुण्य का काम है। उन्होंने कहा कि हमारे यहां हिंदू मुस्लिम मिलकर आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनाते हैं।

नवनियुक्त बीएलओ और प्रेक्षकों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य का दिया गया प्रशिक्षण

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड के सभागार में प्रखंड के नवनियुक्त बीएलओ एवं प्रेक्षकों को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्य 2023 मतदाता से संबंधित कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण में रंका प्रखंड विकास पदाधिकारी सह संहायक निर्वाचन निबंधन अधिकारी देवानंद राम, मास्टर ट्रेनर मेराल के बसंत कुमार पाण्डेय, रंका प्रखंड के जनसेवक पंकज कुमार तिवारी निर्वाचन शाखा के कम्प्यूटर ऑपरेटर मधु कुमारी ने मतदाता सूची की तैयारी करने, मतदाता का प्रकार, निर्वाचन संबंधी प्रपत्र भरने, गरूड़ ऐप का प्रयोग करने, अपने मतदाता एवं मतदान केन्द्र कि जानकारी रखने, फॉरम 6, 7,8 को भरने की जानकारी, वोटर हेल्पलाइन ऐप की जानकारी आदि मास्टर ट्रेनरों के द्वारा विस्तार से दिया गया। इस अवसर पर बीएलओ मुकेश कुमार पांडेय, अरविंद साहू, संदेश चौबे, दीपक कुमार, प्रियंका तिवारी, अमरेंद्र कुमार, नंदू राम, प्रिंस दुबे, उमेश्वरी देवी, कंचन देवी, सुनीता कुमारी, नीरू देवी, संगीता देवी, अंजू देवी, कलावती देवी, उर्मिला देवी, सुहाना खातून, उर्मिला बाख्ला, मुनि देवी, हीरा मोती देवी, मंजू देवी, श्वेता देवी, ललित राम, पूरन सिंह, रिंकेश यादव, महेंद्र ठाकुर, दीपक कुमार, सत्येंद्र कुमार, रंभा देवी, ऊषा सिन्हा, रविकांत विश्वकर्मा, गिरधारी यादव, प्रदीप राम सहित काफी संख्या में बीएलओ एवं पर्यवेक्षक शामिल थे।

जायंट्स ग्रुप श्री बंशीधर नगर इकाई ने किया पनशाला का उद्घाटन

बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)। जायंट्स ग्रुप श्री बंशीधर नगर इकाई की ओर से रविवार को यहां अल्का मैरेज गार्डेन के पास पनशाला का शुभारंभ किया गया। पनशाला का उद्घाटन डॉक्टर धर्मचंद्र लाल अग्रवाल ने फीता काटकर किया। इस मौके पर जायंट्स ग्रुप श्री बंशीधर नगर के अध्यक्ष रंजन कुमार उर्फ छोटू, अनूप कुमार निराला, सुजीत कुमार, हेमन्त प्रताप देव, विनोद कुमार कांस्यकार, राहुल जायसवाल, हृदयानंद कमलापुरी, अश्वनी कुमार, उमेश कुमार, देव शंकर प्रसाद, ध्रुव कुमार, राजेश प्रसाद, चंदन जयसवाल, आशीष कुमार, अभय कुमार, सुमित कुमार, अंकित कुमार, अजित कुमार, रविन्द्र प्रसाद, शिवम कुमार, साहिल कुमार, गौतम कुमार, शुभम कुमार, राजू मेहता, गुड्डू कुमार, मुन्ना प्रसाद, शाहिल राज समेत कई लोग उपस्थित थे।

धुरकी पुलिस ने अवैध महुआ शराब के खिलाफ चलाया छापेमारी अभियान

धुरकी (आजाद सिपाही)। धुरकी पुलिस ने अवैध जावा महुआ शराब के कारोबार पर रोक लगाने को लेकर थाना प्रभारी सदानंद कुमार के नेतृत्व में रविवार को छापामारी अभियान चलाया। अभियान के दौरान पुलिस ने थाना क्षेत्र के कदवा उर्फ लिखनिधौरा में संचालित अवैध महुआ शराब भठी को ध्वस्त किया। इस दौरान पुलिस ने महुआ शराब बनाने के लिए रखा हुआ 60 किलो जावा महुआ को नष्ट करते हुए महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त होने वाले उपकरण को नष्ट किया। जबकि पुलिस के पहुंचने से पूर्व ही इसमें संलिप्त लोग फरार हो गए। मौके पर थाना प्रभारी सदानंद कुमार ने कहा कि किसी भी हाल में अवैध महुआ शराब का कारोबार नहीं होने दिया जायेगा। इस पर रोक लगाने के लिए पुलिस क्षेत्र में लगातार छापामारी अभियान चलाकर शराब के अवैध कारोबारियों पर कड़ी कार्रवाई करेगी।

बैठक : उपायुक्त ने की विभिन्न विभागों से संचालित योजनाओं की समीक्षा, दिये निर्देश

संबंधित पदाधिकारी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्यों को पूर्ण करायें

उपायुक्त ने सभी बीडीओ और जेएसएलपीएस को समन्वय बनाकर कार्य करने के दिये निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। समाहरणालय के सभागार में उपायुक्त शेखर जमुआर की अध्यक्षता में आज विभिन्न विभागों एवं संचालित सरकारी योजनाओं को लेकर समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त ने मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण, 15वें वित्त के तहत संचालित योजना, मनरेगा, जेएसएलपीएस, स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उपायुक्त ने एक एक कर विभिन्न विभागों से प्राप्त प्रतिवेदन एवं संबंधित विभाग के पदाधिकारियों से जानकारी लेते हुए कार्यों की वर्तमान स्थिति एवं आगे के कार्यप्रणाली को लेकर योजनाबद्ध तरीके से बेहतर कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिया। मनरेगा कार्यों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने एंप्लॉयमेंट जेनरेशन, 100 डेज एंप्लॉयमेंट, लंबित योजनाएं, एरिया मॉनिटरिंग, आंगनबाड़ी केंद्र, आधार एंट्री, रिजेक्टेड ट्रांजैक्शन, स्कीम कंप्लीशन समेत अन्य की बारी बारी से समीक्षा की एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं बाबा भीमराव अंबेडकर आवास योजना की भी समीक्षा कर ससमय किस्त की राशि का भुगतान लाभुकों को करने एवं लंबित योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। उपायुक्त ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को अपने पद के अनुसार जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए कार्यों को पूर्ण करने की बात कही।

बैठक में उपायुक्त ने डीपीएम जेएसएलपीएस से जिले में किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली, साथ ही आवश्यक निर्देश देते हुए सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं जेएसएलपीएस को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया। अमृत सरोवर योजना की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सरकार द्वारा अमृत सरोवर योजना के लिए निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए तय समय पर सभी योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश दिया। निर्धारित लक्ष्य एवं योग्य लाभुकों को पीएमईजीपी, सीएमईजीपी एवं केसीसी ऋण का लाभ देने हेतु जिला अग्रणी प्रबंधक को बैंकों से संबंध में बनाते हुए ऋण की प्रक्रिया पूर्ण कर योजना का लाभ दिलाने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने मेडिकल इक्विपमेंट, रोस्टर अनुसार चिकित्सकों की ड्यूटी समेत अन्य जानकारी लेते हुए कई आवश्यक निर्देश दिए।

बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त राजेश कुमार राय समेत जिला कृषि पदाधिकारी, डीपीओ, विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंता, स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, कार्यपालक दंडाधिकारी, डीपीएम खरछढर, सभी बीपीओ, कनीय अभियंता एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन ने भामाशाह की जयंती मनायी

जयंती के मौके पर कार्यक्रम स्थल से शहर में निकाली गई शोभायात्रा

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जिला मुख्यालय स्थित नवादा मोड़ बंधन मैरिज हॉल में राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन गढ़वा के द्वारा भामाशाह की जयंती मनाया गयी। जयंती के मौके पर कार्यक्रम स्थल से शहर में शोभायात्रा निकाली गई। जो नवादा मोड़ से लेकर टंडवा पुरनचंद चौक होते हुए सोनपुरवा बस स्टैंड से वापस कार्यक्रम स्थल तक शहर का भ्रमण करते हुए पहुंची। इसके बाद कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों एवं राष्ट्रीय तेली साहू महासंगठन के अध्यक्ष उपाध्यक्ष एवं सभी सम्मानित जनों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलित कर की गयी।

मौके पर विभिन्न जिलों से आये अतिथियों का सम्मान बुके देकर एवं माला पहना कर किया गया। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

मौके पर डॉ राकेश रंजन गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, मुकेश कुमार गुप्ता, जितेंद्र प्रसाद गुप्ता, मानिक चंद प्रसाद गुप्ता, विकास स्वदेशी, गणेश प्रसाद गुप्ता, सर जी गुप्ता, रामधनी प्रसाद, तारकेश्वर गुप्ता, विनोद गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, राजवली प्रसाद गुप्ता, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता, सुनील कुमार गुप्ता, महामंत्री टिंकू गुप्ता, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार गुप्ता, संगठन मंत्री लखन प्रसाद गुप्ता, सोनू गुप्ता, विवाह अध्यक्ष रुपेश गुप्ता, जिला प्रवक्ता अरविंद प्रसाद गुप्ता, जिला प्रभारी मनोज गुप्ता, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संत कुमार, प्रदेश मंत्री दिनेश गुप्ता, नगर मंडल अध्यक्ष विशाल गुप्ता, सोशल मीडिया प्रभारी सूरज गुप्ता, कार्यकारी नगर मंडल अध्यक्ष रुपेश कुमार गुप्ता आदि उपस्थित थे।

अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने बाबू कुंवर सिंह की जयंती मनायी

वीर कुंवर सिंह ने देश को आजाद करने के लिये अंतिम सांस तक संघर्ष किया : पुष्पा सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

बंशीधर नगर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा की ओर से बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप वीर कुंवर सिंह की पौत्रवधू पुष्पा सिंह मौजूद थी। कार्यक्रम की शुरूआत वीर कुंवर सिंह के तस्वीर पर माल्यार्पण और दीप जलाकर की गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पुष्पा सिंह ने कहा कि क्षत्रिय समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। क्षत्रिय समाज के लोगों ने देश की एकता, अखंडता को लेकर अपनी जान की परवाह कभी नहीं की। वीर कुंवर सिंह ने देश को आजाद करने के लिये अंतिम सांस तक संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि समाज के सभी लोगों को एकजुट होने की जरूरत है।

सोनभद्र करनी सेना के अध्यक्ष राहुल सिंह ने कहा कि इतिहास के साथ छेड़छाड़ कर महाराणा प्रताप, वीर कुंवर सिंह की जगह अकबर को महान बताया जाता है। जबकि हमारे पूर्वजों ने देश के लिये जान तक न्यौछावर कर दिया है। उन्होंने अभिभावकों से क्षत्रिय समाज के गौरव की कहानी अपने बच्चों को बताने की बात कही। कार्यक्रम में कई लोगों ने भी अपने अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के अध्यक्ष इंदल सिंह व संचालन आशुतोष सिंह ने किया। इसके पूर्व महासभा की ओर से अतिथियों को श्री बंशीधर जी की तस्वीर एवं तलवार भेंट कर स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में करीवाडीह पंचायत की मुखिया मनसा देवी, डॉ दिनेश सिंह, शैलेंद्र प्रताप देव, रूपेश सिंह, अवध बिहारी सिंह, ममता सिंह, अनिल सिंह, ललन देव, विजय सिंह, राणा प्रताप देव, रवीन्द्र प्रताप देव, सज्जन प्रताप देव,शशि कांत देव (छोटू सिंह), कृष्ण मुरारी सिंह (दारा सिंह), अमित सिंह, अरुण सिंह, खुशदिल सिंह, अमित प्रताप देव, पंकज सिंह, चंचल सिंह, बंगाली सिंह, बंटू सिंह, राकेश सिंह, विक्रांत सिंह उर्फ सोनू, विक्की देव, कामेश्वर प्रताप देव, प्रशांत सिंह, देवेंद्र सिंह, विकास देव, मिथिलेश सिंह, प्रभात कुमार देव, बिकु सिंह, अरुण सिंह, विक्रमादित्य सिंह, ईश्वरी सिंह, वैभव सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग मौजूद थे।

झामुमो नेता ने लड़की की शादी में किया सहयोग

रंका (आजाद सिपाही)। रंका प्रखंड अंतर्गत बांदू दक्षिणी पंचायत समिति सदस्य बीडीसी सह झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता मो. आसीफ आलम ने रविवार को चुतरु बाजार टांड़ निवासी गरीब व्यक्ति रमन मांझी की पुत्री की शादी में लगभग पांच हजार रुपये की लागत का बड़ा बक्शा देकर सहयोग प्रदान किया है। इस सहयोग के लिए रमन मांझी एवं उनके परिवार जनों ने बहुत बहुत बधाई दी है।

वैश्य महासम्मेलन की बैठक में प्रखंड स्तर पर कमेटी गठन का निर्णय

गढ़वा जिले के सभी वैश्य परिवार मिलकर एक वैश्य महासम्मेलन का आयोजन करेंगे : रविंद्र जयसवाल

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन गढ़वा जिला इकाई द्वारा भामाशाह की जन्मजयंती के शुभ अवसर पर टंडवा में एक बैठक आहूत की गई। बैठक मुख्य रूप से प्रमंडलीय प्रभारी अहिल्या देवी के आगमन पर हुआ। मौके पर अहिल्या देवी ने समाज के उत्थान की बात कही एवं प्रखंड स्तर पर कमेटी गठित करने की बात कही। वहीं जिला अध्यक्ष रविंद्र जयसवाल ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि हमारा समाज आज हर क्षेत्र में आगे है। चाहे शिक्षा हो, खेल हो या व्यवसाय हमारे समाज की भूमिका अग्रणी रही है। आज हमारे समाज के युवा वर्ग अपना योगदान हर क्षेत्र में दे रहे हैं। गढ़वा जिले के सभी वैश्य परिवार मिलकर एक वैश्य महासम्मेलन का आयोजन करेंगे, जिसमें सारे वैश्य परिवार की भूमिका रहेगी।

बैठक में प्रदेश संरक्षक सुभाष केशरी, राजकुमार मद्धेशिया एवं राजमणि कमलापुरी, सह सचिव अशोक कुमार पटवा, अधिवक्ता चंदन कुमार जयसवाल, रंजीत चौरसिया, कार्यसमिति सदस्य अजय लाल, चंदन केसरी, कैलाश कश्यप, शुभम केसरी, आकाश केसरी, अनमोल जयसवाल, सुनील कुमार अग्रवाल, रवि सोनी, सरवन कुमार गुप्ता एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

कुंवर सिंह जयंती पर करणी सेना परिवार संगठन का प्रखंड स्तरीय किया गया विस्तार

आज के युवाओं को बाबू वीर कुंवर सिंह के जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है : बिनय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

मझिआंव। बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती के अवसर पर कोयल नदी के मेला छठ घाट के समीप काली मंदिर परिसर में क्षेत्रीय करणी सेना परिवार संगठन का प्रखंड स्तरीय विस्तारीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सेना के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह एवं प्रदेश महासचिव मनोज सिंह मुख्य रूप से उपस्थित थे। सबसे पहले मुख्य अतिथियों एवं विशिष्ट अतिथियों ने श्री करणी माता जी, बाबू वीर कुंवर सिंह, महाराणा प्रताप एवं वंदे भारत मातरम की तस्वीर पर दीप प्रज्वलित करने के पश्चात पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह महानायक थे। जिन्होंने अपने प्राण तक न्योछावर कर दिए पर अंग्रेजों के सामने उन्होंने कभी घुटना नहीं टेका। कहा कि आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। वहीं करणी सेना के प्रदेश महासचिव मनोज सिंह एवं रजनीश सिंह ने कहा कि करणी सेना संगठन के लोग जातीय गौरव के भावात्मक मुद्दों को लेकर बराबर सक्रिय रहे हैं। इस दौरान सेना के प्रदेश अध्यक्ष बिनय सिंह के द्वारा क्षत्रिय समाज को जिला स्तर पर विस्तारीकरण एवं संगठन को सशक्त और मजबूत बनाए जाने को लेकर युवा समाजसेवी नीरज सिंह को जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत गया। कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र सिंह ने किया।

मौके पर कृपाल सिंह, प्रदीप सिंह, कृष्णा सिंह, पप्पू सिंह, नवल सिंह, लाला सिंह, अजय सिंह, सुदेश्वर सिंह, रिंकू सिंह, रजनी सिंह, सत्येंद्र सिंह, अजय सिंह, विजय सिंह, संजना सिंह, लक्ष्मण सिंह, काफी संख्या में क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थित थे।।

कार्यक्रम : मेराल प्रखंड की विभिन्न पंचायतों में ईद मिलन समारोह में शामिल हुए मंत्री मिथिलेश, कहा

हमारा देश विभिन्नताओं में एकता का देश है

मंत्री ने गले मिल कर लोगों को दी ईद की मुबारकवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

मेराल। प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रविवार को ईद मिलन समारोह आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय विधायक सह झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने पहुंच कर लोगों से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी। वे सबसे पहले प्रखंड के चामा मदरसा के मैदान में आयोजित ईद मिलन समारोह में शामिल हुए, जहां तीन पंचायत- चामा, दुलदुलवा तथा तिसरटेटुका पंचायत के बड़ी संख्या में लोग शामिल थे। मंत्री ने सभी को ईद की मुबारकबाद दी तथा लोगों का कुशलक्षेम जानने के बाद क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता दुहराई। इसके बाद उन्होंने लोवादाग के मुखिया के घर के समीप आयोजित ईद मिलन समारोह में शामिल हुए जहां लोवादाग तथा पढुआ पंचायत के लोग शामिल थे। इसके बाद बाना तथा मेराल प्रखंड मुख्यालय के ईदगाह टोला के मदरसा प्रांगण में आयोजित ईद मिलन समारोह में शामिल होकर लोगों को ईद की मुबारकबाद देते हुए कहा कि हमारा देश विभिन्नताओं में एकता का देश है। हम सभी धर्म सम्प्रदाय के लोग एक साथ मिलजुल कर सभी पर्व त्यौहार मनाते हैं ताकि हमारी एकजुटता, अखंडता और आपसी भाईचारा बनी रहे। जिसके लिए भारतवर्ष दुनिया भर में जाना जाता है। उन्होंने अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए कहा कि मेरी कोशिश रहती है कि सरकारी योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचा सकूं। गांव, टोला, पंचायत का विकास मेरा लक्ष्य है। 2024 तक गढ़वा विधानसभा बदला-बदला सा नजर आएगा।

मौके पर उपस्थित दोनों समुदाय के लोगों ने सेवई खाकर दावत का लुत्फ उठाया। ईद मिलन समारोह में मुख्य रूप से कारी कमालुद्दीन, मौलाना यासीन, अतहर अली, दशरथ प्रसाद, मनोज ठाकुर, 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शंभू प्रसाद, मुखिया रामसागर महतो, मुखिया पति शंभू राम, दिलजान शेख, सुनील कुमार कालिया, मिथिलेश देव, जफीर अंसारी, नजमुद्दीन अंसारी, सूर्य प्रकाश, विनोद प्रसाद, महिला नेत्री रेखा चौबे, आराधना सिंह, करीब अंसारी, ज्ञान रंजन मिश्र, मैनुल्लाह अंसारी, मुस्ताक अंसारी, किताबुद्दीन अंसारी, लक्ष्मी विश्वकर्मा, लक्ष्मण साह, विजय दुबे, यासीन अंसारी, मकसूद अंसारी, जलालुद्दीन, हैसियत अंसारी, नबीज अंसारी, हेमंत कुमार सिंह, फनीराज गुप्ता, मनसरेश यादव एक बड़ी संख्या में लोग थे।

जायंट्स ग्रुप ने दो जगहों पर किया पनशाला का उद्घाटन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा। जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा के तत्वावधान में रविवार को जायंट्स अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में गढ़वा सुतली पट्टी स्थित जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन फेडरेशन 8 के पूर्व पदाधिकारी मनोज केशरी के प्रतिष्ठान हिंदुस्तान सेनेटरी के पास एवं टंडवा मुख्य पथ स्थित जायंट्स के अध्यक्ष के प्रतिष्ठान पर भीषण गर्मी को देखते हुए राहगीरों के लिए पनशाला का उद्घाटन किया गया। उपस्थित जायंट्स पदधिकारियों ने राहगीरों को मिष्ठान खिलाकर एवं शीतल जल पिलाकर पनशाला का उद्घाटन किया।

मौके पर उपस्थित पदधिकारियों ने कहा कि राहगीरों एवं जरूरतमंदों को पानी पिलाना पुण्य का काम है। साथ ही जायंट्स ग्रुप ऑफ गढ़वा की तरफ से आम लोगों से अपील की गई कि अपने-अपने घरों की छतों पर या खुले में पक्षियों के लिए बर्तन में पानी अवश्य रखें ताकि पक्षी इस भीषण गर्मी में प्यास बुझा सकें। साथ ही, सदस्यों ने कहा कि गर्मी के मौसम में भर पेट पानी पीयें ताकि लू से बचा जा सके। इस अवसर पर जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केशरी, फेडरेशन 8 के निवर्तमान अध्यक्ष अलखनाथ पांडेय, फेडरेशन 8 के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी एवं एम पी केशरी, फेडरेशन 8 के उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता, यूनिट 2 डायरेक्टर मनोज केशरी रूपा गंजी , गढ़वा ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक चंद्र भूषण सिन्हा , मोजीबुद्दीन खां , सुनील अग्रवाल, दीपक तिवारी, रवि केशरी, रितेश केशरी (मोनू), रविन्द्र केशरी, मनोज केशरी (सन रेडियो), अवधेश कुशवाहा आदि उपस्थित थे।

श्रद्धांजलि : क्षत्रिय विकास मंच ने डकरा में वीर कुंवर सिंह की जयंती को विजय उत्सव के रूप में मनाया

वीर कुंवर सिंह सभी के प्रेरणास्रोत: जीएम संजय कुमार

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। डकरा में क्षत्रिय विकास मंच के तत्वावधान में रविवार को बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती पर विजय उत्सव मनाया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि के रूप में एनके महाप्रबंधक संजय कुमार के अलावा चुरी पीओ कमल माजी और पुरनाडीह पीओ नरेश सिंह भी शामिल हुए। महाप्रबंधक संजय कुमार ने वीर कुंवर सिंह के चित्र पर माल्यार्पण किया। जिसके बाद उपस्थित अन्य अतिथियों एवं लोगों ने भी वीर कुंवर सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। महाप्रबंधक संजय कुमार ने कहा कि वीर कुंवर सिंह एक महान योद्धा थे। देश की आजादी की लड़ाई में इनका अहम योगदान था। आज हम सभी उनका जन्मदिवस विजय उत्सव के रूप में मना रहे है। हम सभी को महान वीर स्वतंत्रता सेनानी बाबू वीर कुंवर सिंह से प्रेरणा लेनी चाहिए। महाप्रबंधक ने कहा कि इस चौक पर उनकी प्रतिमा लगेगी जो हम खलारी कोयलांचल वासियों के लिए एक प्रेरणास्थल के रूप काम करेगा। इस मौके पर मिथिलेश कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, धर्मेंद्र सिंह, अमरभूषण सिंह, विकास सिंह, गुड्डू सिंह, विनय सिंह मानकी, डी पी सिंह, शैलेश कुमार, प्रेम कुमार, हरेंद्र सिंह, सत्येंद्र सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, शैलेन्द्र सिंह, मनोज सिंह, लाला, इस्माईल अंसारी, शशि सिंह, शत्रुंजय सिंह, राजू, मुन्नु आदि उपस्थित थे।

वीर कुंवर सिंह की जयंती पर नमन करते लोग।

देश सेवा की प्रेरणा हमें वीर कुंवर सिंह से लेने की जरूरत : कमलाकांत

राहे में मनायी गयी वीर कुंवर सिंह की जयंती

आजाद सिपाही संवाददाता

राहे। क्षत्रिय समाज के तत्वाधान में रविवार को राहे में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनायी गयी। राहे ऊपरटोली में स्थित वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए कमलाकांत सिंह ने वीर कुंवर सिंह की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि देश सेवा के लिए उम्र और समय की जरूरत नहीं होती है। किसी भी उम्र में देश की सेवा करने की प्रेरणा हमें वीर कुंवर सिंह से लेने की जरूरत है। समाज सेवी जगन्नाथ मुखर्जी ने कहा कि जाति धर्म से ऊपर स्वतंत्रता सेनानी वीर कुंवर सिंह समाज के लिये प्रेणास्रोत है। इस मौके पर दिवाकर सिंह, सुशांत सिंह, प्रताप सिंह, संजय सिंह, प्रमोद सिंह, रंगबहादुर महतो, मणिभूषण सिंह, भीम सिंह, भोला सिंह, अनूप सिंह, संजय सिंह, संजय शिखर, सत्यनारायण सिंह, निशांत शेखर, शिव चरण मिस्त्रा, रामकृष्ण बैठा, सुफल बैठा, तीर्थ नाथ बैठा आदि उपस्थित थे।

राहे में वीर कुंवर सिंह की जयंती मनाते क्षत्रिय समाज के लोग।

तमाड़ में पांच दिनों के विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होंगे केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा

आजाद सिपाही संवाददाता

बुंडू। केंद्रीय जनजागरण मामलों के मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा तमाड़ विधानसभा क्षेक्ष में आयोजित होने वाले पांच दिन के विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से जनता से जुड़ेंगे। इसे लेकर रविवार को बुंडू के राज दरबार में बैठक की गई। जिसमें रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष सुरेंद्र महतो, रांची ग्रामीण जिला के संगठन प्रभारी विनोद सिंह, प्रदेश पंचायती राज प्रकोष्ठ के सह संयोजक रंजीत लहरी, सांसद प्रतिनिधि लक्ष्मण महतो, महेंद्र नाथ शहदेव, गोलक दास अधिकारी, विवेकानंद जयसवाल, मंडल अध्यक्ष आलोक दास, मंडल ग्रामीण अध्यक्ष धीरेंद्र महतो सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

नौ दिनों का अखंड हरिनाम संकीर्तन का शुभारंभ

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू में लगने वाले 9 दिनों के अखंड हरिनाम संकीर्तन (नवरात्रि) मेला का आयोजन रविवार की मध्य रात गंध दिवस के साथ शुरू हुई, जो दो मई तक चलेगी। इस अवसर पर पूरा 84 मौजा मांस, मछली, अंडा और मदिरा के सेवन नहीं करेगा। इस मेला में लगातार नौ दिनों तक हरि नाम संकीर्तन सहित हरी नाम का जाप भी होगा। इधर मौत का कुंआ, ब्रेक डांस, टॉय ट्रेन, झूला आदि मौसी बाड़ी मंदिर में लगाया गया है जहां लोग मनोरंजन भी कर सकते हैं।

सीसीएल अधिकारी लापता दूसरे दिन भी नहीं मिला सुराग

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। खलारी से शनिवार की सुबह घर से टहलने बाहर निकले सीसीएल अधिकारी गोरेलाल सिंह का रविवार को दूसरे दिन भी कोई सूराग नहीं मिला। गोरेलाल सिंह सीसीएल मगध संघमित्रा क्षेत्र में एल एंड आर अधिकारी है। शनिवार को ही अधिकारी के परिजनों द्वारा सभी रिश्तेदारों के पास फोन कर पता लगाया गया। वहीं देर शाम लापता अधिकारी की पत्नी और भाई हजारीबाग जाकर भी उनकी तलाश की, लेकिन अभी तक कुछ पता नहीं चल पाया है। रविवार की शाम लापता अधिकारी के बेटे सुमन सिंह अपने रिश्तेदारों के साथ खलारी थाना पहुंचकर लापता होने का सनहा दर्ज कराया है। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी फरीद आलम ने बताया कि कल से ही उनके मोबाइल फोन के लोकेशन के आधार पर तलाश की जा रही है। ज्ञात हो कि शनिवार की सुबह सुभाष नगर कॉलोनी से सुबह में टहलने निकले मगध संघमित्रा क्षेत्र के सीसीएल अधिकारी गोरेलाल सिंह लापता हो गए हैं। उनका मोबाइल फोन के लोकेशन के आधार पर कोडरमा, हजारीबाग, झुमरीतिलैया आदि जगहों पर खोजबीन की गई लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

कई कष्टसाध्य अनुष्ठान के साथ लोकपर्व मंडा संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। कई कष्टसाध्य अनुष्ठानों के साथ शिवोपासना का ऐतिहासिक आठ दिवसीय लोक पर्व मंडा रविवार को झूलन अनुष्ठान के साथ सपन्न हो गया। आठ दिनों तक खूंटी और इसके निकटवर्ती 12 गांवों में जय जगन्नाथ, काशी विश्वनाथ, भोले शिवा मणि महेश, गया गजाधर, देवी महादेव के जयकारों से गुंजते रहे। अक्षय तृतीया को महादेव मंडा परिसर में सुबह से शाम तक परंपरागत मंडा मेला का आयोजन किया गया। जिसमें 30 फीट ऊंचे चरक खूंटा में बल्ली के सहारे अनुष्ठान में शामिल भगतियों को बाध कर चारो ओर झुलाया गया। झूलन कार्यक्रम को देखने और भगतियों द्वारा फेंके जा रहे फूलों को पाने के लिए हजारों ग्रामीणों में होड़ सी लग गई थी। मान्यता है कि भगतियों द्वारा फेंके गए फूलों को आंजल या हाथ में लेने से घर में सुख-शांति आती है। खूंटी के इस ऐतिहासिक मंडा पर्व को देखने और पूजा-अर्चना के लिए शहर और आसपास ग्रामीण क्षेत्रों से लोग पहुंचे। बड़े बुजुर्ग बताते हैं कि खूंटी का मंडा पर्व संभवतः इस भूभाग का सबसे पुरातन धार्मिक अनुष्ठान है, जो अपनी सुचिता, तपोमय क्रियाओं एवं अनुष्ठानों को पारंपरिक परिवेश में संजोकर रखा है। इस पर्व में सदानों की अपेक्षा जनजातीय आबादी, अनुसूचित जाति व अन्य पिछड़े वर्ग के लोग ज्यादा उत्साह और धार्मिक निष्ठा से भाग लेते हैं। इस वर्ष 121 भगतियों का पर्व की दीक्षा में प्रवेश करना इसकी महत्ता को दर्शाता है। पर्व की दीक्षा में शामिल होने के बाद सभी भगतिए गृह त्याग कर शिवालय व अन्य मंदिरों में वास करते हैं। इस दौरान फलाहार पर ही निर्भर रहते हैं। दूसरी ओर भगतियों के स्वजन भी इस दौरान मांस-मदिरा को त्याग कर रहन-सहन व खानपान में पूरी शुद्धता व पवित्रता बरतते हैं। अनुष्ठान में शामिल भगतियों द्वारा अंतिम तीन दिन वैशाख मास के शुक्ल प्रतिपदा से अक्षय तृतीया तक 36 घंटों का निर्जला उपवास रखकर कष्टसाध्य आराधना की जाती है। इसी कड़ी में शुक्रवार रात धुआं सुआं अनुष्ठान के तहत भक्तों को प्रज्वलित अग्नि के नीचे उल्टा लटका कर झुलाया गया, जबकि शनिवार को जागरण की रात में फुलखूंदी अनुष्ठान के तहत दहकते अंगारों में नंगे पांव चलकर भोक्ताओं ने भगवान भोलेनाथ के प्रति अपनी श्रद्धा और अटूट विश्वास को दर्शाया। जागरण की रात में बंगाल से आई महिला व पुरुष छऊ नृत्य मंडलियों ने सनातन धार्मिक कथाओं पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर लोगों को रात भर बांधे रखा। पूरे आयोजन में पूजन अनुष्ठान पुरोहित सूरज पांडे ने संपन्न कराया, जबकि शिवपट्ट की सुरक्षा का प्रभार पट्टभक्ता बबलू सिंह ने निभाया।

सीसीएल खदानों में सुरक्षा नियमों के अनुपालन को लेकर विशेष चर्चा

कुजू (आजाद सिपाही)। कोयला खदानों में सुरक्षा नियमों के पालन को लेकर सीसीएल स्तरीय बैठक सीसीएल कुजू महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में हुई। बैठक में मुख्यालय रांची के जीएम सेफ्टी आरके सिन्हा सहित कुजू, रजरप्पा, हजारीबाग, बरका सयाल, अरगड्डा क्षेत्र की विभिन्न परियोजनाओं के अधिकारी शामिल हुए। बैठक के दौरान कोल इंडिया की सहायक कंपनी एमसीएल में हॉल रोड पर हुई बोलेरो दुर्घटना को लेकर चर्चा करते हुए अपने परियोजनाओं में ऐसी घटनाओं से सीख लेकर सुरक्षात्मक कदम उठाने पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही, हॉल रोड में छोटे-बड़े वाहनों की आवाजाही पर रोक, छोटे वाहनों में 2.1 मीटर का फ्लैग लगाने, छोटे बड़े वाहनों के लिए अलग-अलग हॉल रोड बनाने, हॉल रोड में जगह की कमी होने पर वेटिंग पाइंट बनाने, हायर किए गए वाहनों के चालक को वीटीसी कराने आदि पर चर्चा की गई। इस दौरान जीएम सेफ्टी ने सख्ती पूर्वक सुरक्षा के नियम और उपायों को अनुपालन करने का निर्देश दिया। बैठक में कुजू महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी, एसओ सेफ्टी संजय कुमार सिंह, पीओ मनीष कुमार, पवन कुमार, ओपी सिंह सहित विभिन्न क्षेत्रों के परियोजना पदाधिकारी मौजूद रहे।

बीएस कॉलेज में मूल्यांकन के लिए दो दिवसीय दौरे पर आ रही पीयर टीम

लातेहार (आजाद सिपाही)। लातेहार जिला मुख्यालय के बानपुर में स्थित बनवारी साहू महाविद्यालय में मुल्यांकन के लिए दो दिवसीय दौरे पर पीयर की टीम पहुंच रही है। यह टीम महाविद्यालय के हर तरह की व्यवस्थाओं की जांच करेगी। टीम आगामी 27 अप्रैल को आ रही है और 28 अप्रैल तक रहेगी। प्राचार्य प्रदीप तिवारी ने कहा है कि कॉलेज के सभी छात्र छात्राओं की 75 फीसदी उपस्थिति को देखते हुए कॉलेज आना निर्धारित करें। सभी छात्र छात्राएं आगामी 24 अप्रैल से कॉलेज यूनिफॉर्म में आएं। साथ ही उन्होंने कॉलेज के अन्य कर्मचारियों को भी सही समय से कॉलेज आने का निर्देश जारी किया है।

कायाकल्प वाटिका में पौधरोपण के साथ की गयी अमृत वन की शुरुआत

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। पृथ्वी दिवस और आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में पिपरवार के कयाकल्प वाटिका में पर्यावरण विभाग की ओर से मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण कर अमृत वन की शुरूआत की गई। जिसमें स्थानीय सीसीएल अधिकारी भी शामिल हुए। पिपरवार के पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि कायाकल्प वाटिका के लगभग आधे हैक्टेयर भूमि पर मियावाकी पद्धति से वृक्षोपन कर अमृत वन को विकसित किया जाना है। मियावाकी पद्धति से वृक्षारोपण करने पर वृक्ष अधिक सघन और जल्दी बढ़ते हैं एंव जैव विविधता को स्थपित करने में मदद मिलती है। वर्ष 2023 के मानसून के आने के पहले आधे हेक्टेयर भूमि पर वृक्षारोपण का कार्य पूरा कर लिया जाना है। पिपरवार के स्टाफ ऑफिसर पीएंडपी दिलीप शर्मा द्वारा वृक्षारोपण कर अमृत वन योजना की शुरूआत की गई। मौके पर क्षेत्रीय पर्यावरण पदाधिकारी संजय कुमार, सत्येंद्र कुमार,संतोष कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

स्कूल के समीप लगा चापाकल महीनों से खराब

आजाद सिपाही संवाददाता

सिल्ली। सिंगपुर विद्यालय के समीप में लगा चापानल पिछले कई महीनों से खराब है। जिससे स्थानीय लोगों के साथ ही राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय के शिक्षक ने बताया कि चापानल खराब होने की सूचना मुखिया और विभाग को लिखित व मौखिक रूप से दे दी गई है, लेकिन आजतक उसकी मरम्मत कराने की दिशा में कोई पहल नहीं की गयी। चापानल मरम्मत करने के लिये विभाग के कार्यपालक अभियंता को पत्र भी लिखा गया है। स्कूल के समीप चापानल खराब होने की वजह से लोगों को गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वैसे स्कूल परिसर में पानी की व्यवस्था की गई है पर शुद्ध पानी पीने के लिए विद्यालय के समीप का चापानल ही बेहतर है।

भगवान परशुराम ने की थी सृष्टि के सभी जाति-धर्म के लोगों की भलाई

सर्व ब्राह्मण महासभा ने धूमधाम से मनाया भगवान परशुराम का जन्मोत्सव

आजाद सिपाही संवाददाता

खलारी। डकरा में सर्व ब्राह्मण महासभा के तत्वावधान में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव समारोह पूर्वक मनाया गया। अध्यक्षता सर्व ब्राह्मण महासभा के खलारी, पिपरवार कोयलांचल अध्यक्ष नवकुमार बनर्जी ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत क्षेत्र के मंदिरों के पुजारियों द्वारा भगवान परशुराम के चित्र के समक्ष मंत्रोच्चारण और दीप जलाकर किया गया। उपस्थित लोगों ने भगवान परशुराम की पूजा की और विप्र बंधुओं द्वारा समाज को संगठित करने व संपूर्ण मानव जाति की सुख शांति व समृद्धि के लिए प्रार्थना की। भगवान परशुराम जन्मोत्सव में खलारी, पिपरवार, मैकलुस्कीगंज, डकरा, बुड़मू, चान्हो से सैकड़ों लोग शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान बच्चियों द्वारा भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समारोह में एसके झा, सुजीत उपाध्याय, नवलकिशोर दूबे, आभास त्रिपाठी, सतीश पांडेय, बीएन पांडेय, मुक्तिनाथ गिरि, बीके तिवारी, जीतेंद्रनाथ पांडेय, रतन मिश्रा, गिरिधर मिश्रा द्वारा भगवान परशुराम के जीवनी पर प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने भगवान विष्णु के छठे अवतार के रूप में भगवान परशुराम के पराक्रम के बारे में बताया। कहा कि भगवान परशुराम ने सृष्टि के सभी जाति धर्म के कल्याण के लिए काफी कार्य किया है। महासभा के अध्यक्ष नवकुमार बनर्जी ने कहा कि इस तरह के आयोजन का उद्देश्य ब्राह्मण समाज को एकजुट करना है। समाज के जरूरतमंद लोगों को सहयोग करने, बच्चों में शिक्षा का अलख जगाने, समाज के साथ-साथ देश के विकास में योगदान देने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें सभी क्षेत्रों से काफी सहयोग मिला है। मंदिरों के पुजारी, वृद्ध महिला एवं पुरुषों, मेधावी छात्र छात्राओं, सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाली बच्चियां व अन्य अतिथियों को सम्मानित किया गया। अंत में सामूहिक भंडारा में लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन अवधेश उपाध्याय और धन्यवाद ज्ञापन दिनेश पांडेय घंटु ने किया। इस मौके पर प्रमोद पाठक, प्रमोद तिवारी, गिरिधर तिवारी, राजीव चटर्जी, राजीव मिश्रा, यशवंत पांडेय, अजीत पांडेय, अनिल पांडेय, सोनू पांडेय, विकास दूबे, प्रशांत दूबे, धीरेंद्र शर्मा, सोनू तिवारी, जीतेंद्र गिरि, संपन्ननाथ पांडेय, सत्यनारायण चौबे, रंगनाथ चौबे, आशुतोष तिवारी, प्रदीप मिश्रा, राजू चौबे, गुड्डू गिरि, लक्ष्मण दूबे, प्रेमशंकर पांडेय, राजीव कुमार आदि उपस्थित थे।

भगवान परशुराम की पूजा अर्चना करते लोग।

खूंटी प्रशासन के सकारात्मक प्रयास और पुलिस की डर से अफीम की खेती से मुंड मोड़ रहे किसान

अफीम के लिए बदनाम खूंटी जिले में हो रही तरबूज और खीरा की बंपर खेती

अनिल मिश्रा

खूंटी (आजाद सिपाही)। एक समय था जब तरबूज की खेती सिर्फ बिहार में ही होती थी। गांव-देहात के लोग जब रांची या अन्य किसी बड़ शहरों में जाते थे, तो तरबूज खरीद कर लाते थे, लेकिन अब खूंटी जिला तरबूज उत्पदान का हब बनता जा रहा है। जो खूंटी जिला अफीम और गांजा की खेती के लिए बदनाम था, आज वहीं खेतों में तरबूज और खीरा की फसलें लहलहा रही हैं। कुछ साल तक अफीम की खेती कर पैसे कमाने वाले मुरहू प्रखंड के एक किसान बताते हैं कि अफीम की खेती में जितनी कमाई होती है, उतनी कमाई तरबूज और खीरा की खेती से ही हो जाती है। कहा कि अफीम से समाज पर बहूत खराब प्रभाव पड़ता है। पुलिस का झंझट अलग रहता है। इसलिए उसने अफीम की खेती छोड़कर तरबूज की खेती पर हाथ आजमाया है। उन्होंने कहा कि तरबूज के साथ ही वह अपने खेत में परवल की भी खेती कर रहे है। तोरपा प्रखंड के सुंदारी गांव में तरबूज की खेती करने वाले हीरालाल साहू बताते हैं कि इस वर्ष खूंटी जिले के तोरपा, खूंटी, कर्रा, रनिया, मुरहू और अड़की प्रखंड में लगभग साढ़े चार हजार एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में तरबूज की खेती की गई है। कर्रा प्रखंड के युवा किसान गणेश महतो बताते हैं कि एक किसान तरबूज की खेती से तीन महीने में औसतन दो लाख रुपये की कमाई कर लेता है। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण के दौरान तरबूज उत्पादक किसानों को बाजार नहीं मिलने के कारण काफी नुकसान हुआ है, लेकिन इस बार खेती भी बंपर हुई है और बाजार भी अच्छा मिला है। मौसम ने भी इस बार तरबूज उत्पादक किसानों का अच्छा साथ दिया है। कर्रा प्रखंड के बिकुवादाग गांव के युवा किसान साकेत कुमार शर्मा बताते हैं कि खूंटी जिले के तरबूज बड़े-बड़े वाहनों से रांखी, खूंटी, कोलकाता, राउरकेला, संबलपुर से लेकर नेपाल तक भेजे जाते हैं। व्यापारी किसानों के खेत में ही आकर तरबूज की खरीदारी कर रहे हैं। इस बार तरबूज की मांग काफी अच्छी है और कीमत भी अच्छी मिल रही है। किसानों को खेत से ही गोल तरबूज की कीमत सात रुपये प्रति किलो और लंबा किरण प्रजाति के तरबूज की कीमत नौ से दस रुपये प्रति किलो मिल रही है।

अफीम छोड़ तरबूज की खेती में जुटे खूंटी के किसान।

खीरा और परवल की खेती से भी हो रही अच्छी आमदनी

नई किस्म के इंग्लिश खीरा और परवल की खेती आधुनिक मचान तरीके से करना किसानों के लिए काफी लाभदायक साबित हो रहा है। सिजेंटा फाउडेशन के सहयोग और प्रेरणा से तोरपा के किसानों ने पहली बार मचान विधि से खीरा की खेती की है। आधुनिक तरीके से इंग्लिश खीरा और परवल की जैविक खेती करने से किसानों को काफी लाभ हुआ है। तोरपा प्रखंड के डांड़टोली गांव की महिला किसान शबनम टोपनो ने पहली बार छह डिसमिल खेत में इंग्लिश कुकुम्बर की खेती की है। उन्होंने बताया कि अंग्रेजी खीरा की बाजार में काफी मांग है। एक पौधे से पांच से सात किलो खीरा का उत्पादन होता है। सिजेंटा फाउंडेशन के रंजीत वर्मा बताते हैं कि पहली बार प्रायोगिक तौर पर किसानों ने इंग्लिश कुकुम्बर की खेती की है और इससे उन्हें काफी लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया सामान्य खीरा तोड़ने के दो तीन दिनों के अंदर खराब हो जाते हैं, पर अंग्रेजी खीरा आठ-दस दिनों तक खराब नहीं होता। इसके कारण बाजार में इसकी काफी मांग है।

खतियानी झारखंडी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता पार्टी से निष्कासित

आजाद सिपाही संवाददाता

सिल्ली। खतयानी झारखंडी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मुरी पूर्वी पंचायत के छोटा मुरी निवासी फ्लारी महतो को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। प्रखंड अध्यक्ष अंबुज रजक ने रविवार को इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रखंड कार्यालय में सदस्यों की एक आवश्यक बैठक बुलाई गई। जिसमें पार्टी विरोधी कार्य करने के आरोप से 6 साल के लिए फ्लारी महतो को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है।

अवैध कब्जा को लेकर पुलिस के साथ ग्राम प्रधान मिलकर करेंगे काम

24 घंटे के अंदर लापता दो नाबालिगों को बरामद करने पर समाजसेवी सह कांग्रेस नेता ने एएसपी एवं थानेदार को शॉल व बुके देकर किया सम्मानित

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। अपराध, जमीन दलालों द्वारा अवैध कब्जा, सेना के मैदान में अड्डा व अन्य समस्याओं पर अंकुश को लेकर नामकुम प्रखंड के सभी ग्राम प्रधान, समाजसेवी व पुलिस के साथ मिलकर काम करेंगे। उक्त निर्णय रविवार को नामकुम थाना परिसर में थानेदार सुनील तिवारी की अध्यक्षता में पुलिस पब्लिक मीट में लिया गया। मौके पर विशेष रूप से एएसपी प्रथम मुख्यालय मूमल राजपुरोहित उपस्थित थीं।

इस मौके पर ग्रामप्रधान सह जिप सदस्य रामअवतार केरकेट्टा, हरिश गंझू, लाल सिंह मुण्डा, मोगो, लक्ष्मण लकड़ा, अर्जुन पाहन ने अपनी-अपनी गांवों की समस्याओं से अवगत कराते हुये पुलिस से मिलकर काम करने का निर्णय लिया। इस दौरान नामकुम पुलिस द्वारा 24 घंटे के अंदर लापता दो नाबालिगों को बरामद करने पर समाजसेवी सह कांग्रेस के वरीय नेता रमेश पांडेय के द्वारा एएसपी एवं थानेदार को शॉल व बुके देकर स्वागत किया। मौके पर रमेश पांडेय ने कहा कि वर्तमान थाना प्रभारी द्वारा कई ग्रामीण क्षेत्रों में समाजिक कार्य करने के साथ ही पब्लिक के साथ तालमेल व असमाजिक तत्वों पर लगाम लगाने का प्रयास करने की बात कही और

थानेदार के नेतृत्व में ग्रामीणों से सीधा सर्पक कर उनकी समस्याओं को हल करने की पहल के लिये बधाई दी। इस मौके पर खरसीदाग ओपी प्रभारी सुखदेव शाहा, संब इंस्पेक्टर रवि केशरी, धीरज कुमार,एसएन तिवारी, सुनील मंडल,बोस मुण्डू, विनय सिंह, अखिलेश सिंह, आत्मानंद पांडेय, रामाशंकर तिवारी, गोपाल पांडेय, संतोष राय, मनीष राय, अभिशेष भारद्वज, विशाल पांडेय सहित अन्य लोग मौजूद थे।

स्वच्छ भारत मिशन फेज-2 के तहत नगड़ी के पांडू टोली गांव में ग्राम सभा का आयोजन

पिस्कानगड़ी (आजाद सिपाही)। राज दिवस के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन फेज- 2 के तहत नगड़ी के पाण्डु टोली गांव में ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें स्वच्छता से संबंधित विभिन तरह की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। जैसे शौचालय की रख रखाव, उपयोग, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन, नाडेब, बरमी कम्पोस्ट, सोख्ता गड्ढा, नाली, इत्यादि योजनाओं के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। मौके पर मौजूद आईडीएफ के सुरेश अग्रवाल, पंचायत के मुखिया जय गोपाल उरांव, जल सहिया रिंकी देवी, वार्ड सदस्य प्रतिमा, बन्धु उरांव, दीपक केशरी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

नामकुम में दो ट्रकों के बीच जोरदार टक्कर, एक ट्रक में फंसा रहा चालक

नामकुम (आजाद सिपाही)। रांची-टाटा मार्ग के सरहुल टांड़ के समीप रविवार सुबह 407 व ट्रक के बीच में जोरदार टक्कर हो गयी। इस टक्कर में एक ट्रक पलट गया। वहीं, 407 के आगे का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया है। टक्कर में 407 का चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। चालक स्टेयरिंग में करीब आधे घंटे तक फंसा रहा। नामकुम पुलिस एएसआई पिंटू पासवान ने क्रेन के सहारे चालक को निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। चालक का दोनों पैर बुरी तरह से चूर हो गया है। उसके माथे में गंभीर चोट लगी है।

ओरमांझी के दूनदून प्राथमिक विद्यालय से उपस्थिति स्कैनर, गैस सिलेंडर और गैस चूल्हा की चोरी

ओरमांझी (आजाद सिपाही)। सदमा पंचायत के दूनदून के प्राथमिक विद्यालय में अज्ञात चोरों के द्वारा स्कूल में चोरी की घटना को अंजाम दिया गया। चोरी के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार चोरी की घटना 22 तारीख के रात की है। चोरी के संबंध स्कूल में कार्यरत सुधा देवी के द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है। चोरों के द्वारा स्कूल से उपस्थिति स्कैनर, गैस सिलेंडर और गैस चूल्हा चोरी की गई है। यह जानकारी मुखिया सुनिल उरांव के द्वारा दी गई है।

शिव मंडा पूजा समिति जरिया की बैठक में मंडा पूजा मनाने को लेकर कमेटी का गठन

बेड़ो (आजाद सिपाही)। शिव मंडा पूजा समिति जरिया की बैठक ग्राम प्रधान पेरो उरांव की अध्यक्षता में हुई। जिसमें मंडा पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। इसके सफल संचालन के लिए एक कमेटी का गठन किया गया। जिसमें शिव मंडा पूजा समिति का अध्यक्ष जय मन बड़ाईक, सचिव मनु बड़ाईक का चयन किया गया। वहीं जतरा एवं जागरण समिति का गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष विश्वा उरांव, सचिव पंकज बड़ाईक, उपाध्यक्ष अनिल गोप, कार्यकारी अध्यक्ष सुखदेव कच्छप व कोषाध्यक्ष के पद पर प्रेम कुमार एवं विशेश्वर उरांव को सर्वसम्मति से चुना गया। वहीं संरक्षक एवं कार्यकारी सदस्य के रूप में राजीव रंजन अधिकारी, बृजेश महतो, सुशील कुजुर, शशि अनामिश एक्का, सुखदेव भगत, मनोज साहू, सुरेश महतो, लक्ष्मण महतो, रमेश महतो, पेरो उरांव, जगन्नाथ भगत, पंचम भगत, अजीत लकड़ा, संतोष लकड़ा, मधु महतो, सुरेंद्र महतो, पिंटू महतो, नंदू महतो, जॉन कच्छप, गोडविन एक्का, शंकर लोहरा, सचिन पाहन, संदीप लकड़ा, सुभाष लकड़ा, अभय किशोर महली, अरुण कच्छप, सोमनाथ उरांव, अमन कच्छप, अजय कच्छप, जीवन महतो, संजय उरांव, वीरेंद्र उरांव, दीपक महतो, बसंत पाहन, राहुल एक्का, रोहित कुमार, सीताराम महतो, भोला साहू, बबलू गोप, मनोज गोप, रोहित गोप, संतोष गोप, राजकुमार गोप, दिलीप गोप, बिगलू गोप, जगमोहन गोप, विकास गोप, अमन गोप, अंकित गोप, मुकेश गोप, मोहित गोप, शिवा गोप, प्रह्लाद महतो, केदार महतो, टीटी पाहन, प्रकाश महतो, मुकेश महतो, प्रमोद महतो, गंदूर गोप व टूना गोप आदि का चयन किया गया।

कार्यक्रम : जयराम कोचिंग सेंटर ने पारितोषिक वितरण समारोह में सुदेश महतो ने कहा

शहीद जीतराम बेदिया के बलिदान और संघर्ष की गाथा को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की आवश्यकता है

अमर शहीद जीतराम बेदिया के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में बालक-बालिका मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का किया गया था आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। जयराम कोचिंग सेंटर बीसा अनगड़ा की ओर से विगत दिनों अमर शहीद जीतराम बेदिया के शहादत दिवस के उपलक्ष्य में बालक-बालिकाओं के लिए मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। रविवार को शहादत दिवस के अवसर पर प्रतियोगिता में सफल प्रतिभागीयों के लिए बीसा जीतराम चैक में पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व डिप्टी सीएम व सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो थे। जबकि विशिष्ट अतिथि के तौर पर आजसू के केन्द्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, जिप सदस्य राजेन्द्र शाही मुण्डा, आजसू पार्टी के जिलाध्यक्ष संजय महतो, खिजरी विस के पूर्व आजसू प्रत्याशी पारसनाथ उरांव, रामधन बेदिया, वरिष्ठ नेता विरेन्द्र सिंह भोगता, जिला प्रवक्ता रोशनलाल मुण्डा, जलनाथ चौधरी, मुखिया मंजोति देवी, पूर्व मुखिया सुषमा बड़ाईक, पंसस दिलीप बेदिया आदि उपस्थित हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता जयराम बेदिया ने की तथा संचालन पारसनाथ उरांव ने किया।

मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि वीर शहीदों को किसी विशेष जाति, धर्म, समाज में नहीं बांटा जा सकता है। शहीद सभी देशवासियों के लिए अभिमान हैं। उन्होंने लोगों को संकुचित मानसिकता से उपर उठकर शहीद जीतराम बेदिया के आदर्श विचार, संघर्ष और बलिदान की कहानी को जीवन में आत्मसात कर जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया। कहा कि आजसू पार्टी गुमनाम वीर शहीदों को सामने लाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है ताकि आने वाली युवा पीढ़ी इनसे प्रेरणा लेकर आगे बढ़े।

इस अवसर पर जयराम बेदिया ने खेल को बढ़ावा देने के लिए सिल्ली की तर्ज पर बीसा को विकास की ओर ले जाने तथा एक खेल स्टेडियम निर्माण कराने की मांग सुदेश महतो से की। जयराम बेदिया ने यह भी कहा कि पारसनाथ उरांव के सहयोग से उनकी 16 सदस्यीय युवा टीम बीसा पंचायत के विकास के लिए हमेशा तत्पर और प्रत्यनशील है।

वहीं पारसनाथ उरांव ने बीसा पंचायत को एक मॉडल पंचायत बनाने के लिए यहां शिक्षा, खेल, कला-संस्कृति, चिकित्सा, कृषि सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं के लिए पहल करने का आग्रह सुदेश महतो से किया।

मौके पर आजसू के केन्द्रीय प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत ने अपने विचार व्यक्त करते हुए जयराम बेदिया की युवा टीम को बधाई दी।

समारोह में मैराथन दौड़ प्रतियोगिता के बालक वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले गेतलातु रांची निवासी धावक संजय महतो को स्पोर्ट्स साईकिल से पुरस्कृत किया गया।

वहीं बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर रही ओवर हराबेड़ा की शंकरी देवी सहित अन्य सफल प्रतिभागियों को मेडल व नकद पुरस्कार से नवाजा गया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में उपमुखिया संजय भोगता, महेश बेदिया, रोहित बेदिया, विभिषण बेदिया, पीकेश्वर बेदिया, रामदेव बेदिया, केशो बेदिया, सहीराम बेदिया, युकेश्वर बेदिया, सोनाराम बेदिया आदि का योगदान रहा।

लापुंग सरसा साई मंदिर का 30वां स्थापना दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

साईं बाबा मंदिर प्रांगण से निकाली गई भव्य कलश शोभा यात्रा

लापुंग। लापुंग के सरसा शिरडी साईं ग्राम में रविवार को साईं राम मंदिर का 30वां स्थापना दिवस सह साईं महोत्सव मनाया गया मौके पर कई प्रकार के वैदिक अनुष्ठान साईं मंदिर के पुजारी विभीषण पांडे व पंचाक्षरी स्वामी ने संपन्न कराये। इस दौरान ओम साई नमो नमः के मंत्रोचार से साईं मंदिर गुंजायमान रहा। कार्यक्रम के पहले दिन सुबह 5:15 बजे बाबा साईं नाथ महाराज की काकड़ आरती हुई। 10:00 बजे साईं बाबा मंदिर प्रांगण से भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई।

कलश यात्रा मंदिर परिसर से निकलकर नदी तट पर पहुंची जहां पुजारी जितु पाठक ने वैदिक अनुष्ठान के साथ कलश यात्रा में भाग लिए श्रद्धालुओं को कलश में पवित्र जल उठाया। इसके बाद कलश यात्रा फिर वापस साईं बाबा मंदिर पहुंची। वहां कलशधारी महिलाएं और बहनों के द्वारा साईं बाबा मंदिर की परिक्रमा करते हुए पवित्र गंगाजल और पंचामृत दूध, दही और गुड़ के साथ साईं बाबा का अभिषेक किया गया।

वहीं दोपहर 12:00 बजे साईं बाबा की मध्याह्न आरती की गई। 12:30 बजे साईं बाबा का भोग लगाया गया व भंडारा का आयोजन किया गया। संध्या चार बजे आरती, छह बजे धूप आरती और रात्रि दस बजे साईं बाबा की सेज आरती की गई।

कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष संतोष चौरसिया, सचिव सत्येंद्र भगत, कोषाध्यक्ष अमीत लाल, पूर्व मुखिया संतोष तिर्की, फुलमनी देवी, राजेंद्र, संतोष शर्मा, नाथूराम भगत, रामपाल भगत, चंद्रसागर भगत समेत कई लोगों का योगदान रहा ।

आस्था : स्वर्णरेखा नदी स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर का प्रथम वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया गया

कलश यात्रा में तीन हजार महिलाएं सहित भारी संख्या श्रद्धालु हुए शामिल

आजाद सिपाही संवाददाता

कलश शोभायात्रा में मुख्य रूप से रांची सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ मांझी, विधायक सीपी सिंह, भाजपा नेता रमेश सिंह, पद्मश्री मुकुंद नायक शामिल हुए

नामकुम। रविवार को केतारी बागान चुटिया नामकुम स्वर्णरेखा नदी स्थित सुरेश्वर महादेव मंदिर के प्रथम वार्षिकोत्सव को लेकर रविवार को भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गयी। कलश शोभायात्रा में चुटिया सहित आसपास के इलाकों से लगभग तीन हजार से ज्यादा महिलाएं सहित आयोजन समिति के सदस्य शामिल हुए।

शोभयात्रा में मुख्य रूप से रांची सांसद संजय सेठ, राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक सीपी सिंह, भाजपा नेता रमेश सिंह, पद्मश्री मुकुंद नायक सहित कई गण्यमान्य लोग शामिल हुए। सबसे पहले सुबह 5 बजे पंडित दिवाकर शास्त्री ने मुख्य यजमान सह मंदिर समिति के अध्यक्ष सुरेश साहू, यजमान रूपेश केशरी, रामशरण तिर्की को मंदिर प्रांगण में पूजन कराकर कलश यात्रा प्रारंभ करायी। इसके बाद महिलाएं कलश लेकर शोभायात्रा शुरू की और कलश शोभायात्रा चुटिया मुख्य मार्ग से होते हुए बहुबाजार के पास करीब तीन किलोमीटर दूरी तय कर बनस तालाब पहुंची। वहां, पंडित दिवाकर शास्त्री ने तालाब के घाट पर विधि विधान से पूजन कराकर कलश में जल भरवाया और उसके बाद कलश लेकर श्रद्धालु नगर भ्रमण करते हुए मंदिर पहुंचे। मंदिर पहुंचने के बाद मंदिर के मुख्य गर्भगृह में वेदियों का पूजन और रूद्राभिषेक सहित अन्य पूजन के बाद हवन, महाआरती के बाद महाभंडारा का आयोजन किया गया, जो देर रात तक चला।

कार्यक्रम में मंदिर समिति के महासचिव संतोष कुमार, कार्यकारिणी अध्यक्ष राजदीप महतो, भाजपा नेता गौतम देब, गोपाल प्रसाद, छत्रधारी महतो, कृष्णा साहू, नंदू ठाकुर, रितिक राज, गुजा तिर्की, मनपूरन नायक, आलोक कुमार, संजय साहू, शंकर साहू, अर्जुन साहू, प्रकाश साहू, नरेंद्र साहू, बीरेंद्र साहू, मुकेश मुक्ता, अनिल टाइगर, किशोर नायक, शशिकांत सिंह, गौतम साहू, दशरथ सिंह, धनंजय सिंह, अमित कुमार, रत्न लाल, रोहित सिंह, मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित सचिदानन्द पांडे, शशिकांत मिश्रा सहित अन्य सदस्य शामिल हुए।

महत्वपूर्ण न्यूज

सिंगारी बजारटांड़ में वीर शहीद जीतराम बेदिया का शहादत दिवस मनाया गया

सिकिदिरी (आजाद सिपाही)। टाटी सिंगारी बजार टांड़ में वीर शहीद जीतराम बेदिया का शहादत दिवस मनाया गया। कर्यक्रम की शुरुआत शहीद जीतराम बेदिया की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर की गई। कर्यक्रम में, उपस्थित सुरसू मुखिया सुमित्रा देवी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वीर शहीद जीतराम बेदिया के शहादत दिवस पर उनके द्वारा समाज के प्रति किये गये बलिदान को याद करना है। उन्होंने जिस तरह अभाव काल में भी लोगों को संगठित कर अन्याय के विरुद्ध अंग्रेजी हुकूमत से लड़ने काम किया। आज हमें हमारे समाज के कमजोर वर्ग के लोगों को राष्ट्र की मुख्यधारा में लाने हेतु संघर्ष करने की आवश्यकता है, ताकि वे खुशहाल जीवन जी सकें। प्रत्येक परिवार में जीतराम बेदिया के द्वारा किये गये बलिदान की कहानी का प्रचार-प्रसार करना है। मौके पर पूर्व मुखिया, एतवा बेदिया, कंचन बेदिया, श्यामसुंदर बेदिया, जीतु बेदिया, लखीचरण बेदिया, वार्ड सदस्य कौशल्या देवी, जगबन्धू बेदिया आदि उपस्थित थे।

बेड़ो के करांजी में मनमोहन बजरंगबली मंदिर की धूमधाम से नौवीं वर्षगांठ मनायी गयी

बेड़ो (आजाद सिपाही)। प्रखंड के करांजी गांव में स्थापित मनमोहन हनुमान मंदिर का नौवां वार्षिक स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। जहां रविवार की प्रातः पुरोहित जितेंद्र पाठक ने यजमान हरिचरन महतो, पत्नी शीला देवी सहित महिलाओं एवं पुरुषों के द्वारा मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जो नगर भ्रमण कर करांजी डैम पहुंचकर वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलश में जल भर कर मंदिर परिसर पहुंचीं। जहां गौरी गणेश पूजा, पंचदेव पूजन के साथ हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। साथ ही प्रसाद वितरण, भोग भंडारा, दोपहर से 24 घंटे का अखंड हरिकीर्तन का आयोजन किया गया। वहीं कार्यक्रम में पूर्व विधायक गंगोत्री कुजूर, थाना प्रभारी मनीष कुमार गुप्ता, जगरनाथ भगत व रमेश प्रसाद गुप्ता आदि शामिल हुईं। इधर वर्षगांठ को सफल बनाने में राजकुमार महतो, रमेश महतो, सूर्य प्रकाश साहू, पंकज महतो, किशुन गोप, कामेश्वर महतो, ओम प्रकाश साहू, लक्ष्मी साहू व जितेंद्र महतो समेत दर्जनों ग्रामीणों ने सराहनीय योगदान दिया।

वज्रपात से मृतकों के परिजनों को अंचल प्रशासन ने दी सहायता राशि

इटकी (आजाद सिपाही)। वज्रपात से मारे गये बिंधानी गांव के अनूप कुजूर व सुशील मुंडा के शवों का रविवार को अंतिम संस्कार कर दिया गया। घायलों का इलाज रिम्स में जारी है। इधर अंचल प्रशासन की ओर से मृतक के परिजनों को तत्काल सहायता के रूप में 10-10 हजार रुपये की राशि प्रदान की गयी। कागजी कार्रवाई के बाद मुआवजा की बाकी राशि देने का आश्वासन दिया गया। मौके पर बीडीओ गौतम प्रसाद साहू, सीआई जय केश्वर साहू, मुखिया फ्रांसिस्का केरकेट्टा, माधवी व प्रदीप कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। इससे पूर्व प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने मृतक के परिजनों से भेंट कर अपनी संवेदना व्यक्त की व हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। तिर्की ने परिजनों को सरकार द्वारा घोषित मुआवजा राशि को यथाशीघ्र दिलाने का आग्रह प्रखंड प्रशासन से किया। उन्होंने गंभीर रूप से घायल दिवा व दुर्गा उरांव के परिजनों से भी भेंट की व अपनी देखरेख में इलाज कराने का आश्वासन दिया। इधर पोस्टमार्टम के बाद शवों को गांव आने पर मृतकों के घरों में कोहराम मच गया। परिजनों के रोने से उपस्थित लोगों की आंखें भी नम हो गयीं। ज्ञात हो कि शनिवार वज्रपात की घटना में गांव के चार युवक चपेट में आ गये थे। इसमें दो की मौत घटना स्थल पर ही हो गयी थी। दो का इलाज रिम्स में जारी है। मृतकों में अनूप दो बहनों के बीच अकेला भाई था व रांची के संत पॉल कॉलेज में इंटर की पढ़ाई कर रहा था। सुशील भी नगड़ी में प्लस टू की पढ़ाई कर रहा था।

इटकी में झूलन के साथ दो दिवसीय शिव उपासना का महापर्व मंडा संपन्न

इटकी (आजाद सिपाही)। झूलन के साथ ही दो दिवसीय शिव उपासना का महापर्व मंडा रविवार को समापन हो गया. । पिछली रात सैकड़ों भोक्ताओं ने दहकते अंगारे पर नंगे पांव चल कर फूलखून्दई की रस्म पूरा किया । बंताया जाता है कि प्राचीन काल मे शिव उपासक भस्मासुर नामक असुर ने. भगवान भोलेनाथ की. काफी कठिन तपस्या किया और उन्हें प्रशन्न कर वरदान प्राप्त किया । शिव ने उन्हें मनोवांछित वरदान दिए । वह वरदान को जांचने के लिए घुऑसी, लोटन सेवा, फुलखूंदी व जलावतरण सहित अन्य उपक्रम किया । जिस परंपरा को आज भी भोक्ता निभाते आ रहे हैं और शिव का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं.।

लाइसेंस बचाये रखने के लिए एडीएसओ ने लिये 1.5 लाख

गंगा स्वयं सहायता समूह ने विभाग से लेकर डीसी, सीएम तक न्याय के लिए लगाई गुहार

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। प्रखंड क्षेत्र के कुलहिया पंचायत अंतर्गत जगदीशपुर गंगा स्वयं सहायता समूह की संचालक के पति शिवपूजन कुमार मेहता ने आपूर्ति विभाग से लेकर डीसी, सीएम तक न्याय के लिए गुहार लगाई है। शिवपूजन मेहता ने आरोप लगाया कि षड्यंत्र के तहत गंगा स्वयं सहायता समूह को निलंबित कर दिया गया, जबकि लाइसेंस बचाए रखने के लिए सहायक जिला आपूर्ति पदाधिकारी निर्मल कुमार सिंह द्वारा मांगे जाने पर दूसरे से कर्ज लेकर एक लाख पांच हजार रुपये दिए हैं। इसमें 35 हजार रुपये जिला आपूर्ति कार्यालय के प्रधान सहायक सुधीर कुमार सिन्हा के लिए भी मांगा गया है। पैसे देने के बावजूद मेरे राशन दुकान का एक सामानांतर समूह बनाकर राशन वितरण के लिए शारदा देवी आदि के नाम हस्तानांतरित करवा दिया और पूर्व में दिए पैसा हड़प लिए गए। पैसा वापिस मांगे जाने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी जा रही है। शिवपूजन मेहता ने बताया कि इस संबंध में पलामू डीसी के जनता दरबार में लिखित शिकायत भई की है। इसे डीसी ने गंभीरता से लेते हुए डीडीसी को जांच का निर्देश भी दिया है। जिसका प्रमुखता से एक दैनिक अखबार में भी प्रकाशित हुआ है। वहीं शिवपूजन कुमार मेहता ने उपरोक्त सभी तथ्यों के आलोक में जांच पड़ताल कर न्याय की गुहार लगायी है।

नपं प्रतिनिधियों ने किया गुलाब बाग स्टेडियम के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

शहर के सर्वांगीण विकास के लिए हमेशा तत्पर: नगर अध्यक्ष

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। शहर के वार्ड नंबर 14 स्थित गुलाब बाग स्टेडियम के सुंदरीकरण कार्य का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष शशि कुमार, झामुमो के वरिष्ठ नेता एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान, नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी, वार्ड पार्षद सुनीता देवी व राजद के प्रदेश सचिव जाकिर अली उर्फ राज अली ने संयुक्त रूप से किया। इसका निर्माण नगर विकास एवं आवास विभाग की ओर से करीब 52 लाख रुपए की लागत से किया जाएगा। इस अवसर पर नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि हुसैनाबाद शहर के गुलाब बाग स्टेडियम खेल मैदान, खेल के साथ ही विभिन्न आयोजनों के लिए काफी उपयोगी है। इसे बचाना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद शहर में विकास के कार्यों के लिए वह हमेशा आगे रहते हैं।

सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास करते नपं प्रतिनिधि व अन्य।

स्टेडियम मैदान के सुंदरीकरण कार्य हो जाने से खिलाड़ियों व खेल प्रेमी-दर्शको के साथ ही आमलोगों को भी काफी सुविधा उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि शहर में चल रहे विकास के कई योजनाओं से शीघ्र ही हुसैनाबाद शहर नए रूप में दिखने लगेगा। वहीं, नगर उपाध्यक्ष गयासुद्दीन सिद्दीकी ने कहा कि शहर को विकास के हर मामले में अग्रणी बनाना हमारा लक्ष्य है। इस मौके पर मनोज शर्मा, आलोक श्रीवास्तव, सुबोध कुमार, आशीष कुमार, दिनेश कुमार, डॉ अजय, चिराग पासवान, संजीत कुमार, शमीम कुरैशी, प्रवीण कुमार, धनु कुमार, शक्ति पासवान, राजकुमार राज और राहुल तिवारी आदि मौजूद थे।

युवाओं को बाबू वीर कुंवर सिंह के पदचिह्नों पर चलने की जरूरत है: कर्नल संजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती सह विजयोत्सव कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस अवसर पर अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित बाबू वीर कुंवर सिंह की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अतिथियों ने नमन किया। इसके बाद लोगों ने बाबू वीर कुंवर सिंह अमर रहे का जयकारा लगाते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के प्रथम आंदोलन के महानायक वीर कुंवर सिंह ने 80 वर्ष की उम्र में अंग्रेजों को छक्के छुड़ा दिए थे। उनके पद चिन्हों पर चलकर ही देश आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि वीर कुंवर सिंह स्वतंत्रता संग्राम के सिपाही और महानायक थे। वे अन्याय के विरोधी व स्वतंत्रता प्रेमी के साथ ही कुशल सेना नायक भी थे। आज के युवाओं को उनके जीवन से प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस मौके पर कर्नल संजय सिंह, श्री राम सिंह, बालकेश्वर सिंह, रामप्रवेश सिंह, हीरा सिंह, संजय सिंह, डीके सिंह, उमेश सिंह, उदय सिंह, राजीव सिंह उर्फ डबल सिंह, बच्चा सिंह, भानु सिंह, नीरज, रवि रंजन सिंह, जगनारायण बैठा, मुकेश सिंह, सुधीर सिंह आदि मौजूद थे।

पलामू में पूर्व नक्सली मिथिलेश यादव की गोली मारकर हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

पलामू। नक्सली गतिविधियों व संगठन से दूरी बना चुके पूर्व नक्सली मिथिलेश यादव की रविवार को सिलदाग स्कूल के पास गोली मारकर हत्या कर दिये जाने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के मुताबिक बाइक पर सवार होकर आये अपराधियों ने गोली मारकर मिथिलेश की हत्या कर दी। वह वर्तमान में ईंट भट्ठा चलाता था। उधर, घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। साथ ही हत्या का मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

बिजली बकाया रखनेवाले घरेलू उपभोक्ता एक मुश्त योजना का लाभ उठायें : प्रदीप सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

हुसैनाबाद। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड रांची की ओर से घोषित एकमुश्त योजना पूरे राज्य में लागू है, जो 30 जून तक चलेगा। इस योजना के अंतर्गत शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के घरेलू उपभोक्ता एवं कृषि उपभोक्ता जिनका विद्युत भार पांच किलोवाट है और दिसंबर 2022 से बिजली बिल बकाया है। उनका 100 यूनिट तक का बिजली बिल माफ कर दिया जाएगा। उक्त जानकारी झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड हुसैनाबाद के कनीय अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। उन्होंने कहा कि उपभोक्ता इस योजना का लाभ पांच बराबर किस्तो में भी ले सकते हैं। साथ ही जो उपभोक्ता अभी तक विद्युत कनेक्शन नहीं लिए है वह यथाशीघ्र अपना कनेक्शन करवा लें। अन्यथा पकड़े जाने पर उनपर विभागीय कारवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिन बिजली उपभोक्ताओं का बकाया राशि पांच हजार रुपये है वह यथाशीघ्र कार्यालय में आकर अपना बिल जमा करें। ऐसा नहीं करने पर बिजली कनेक्शन काटने के साथ ही विभागीय नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वैसे उपभोक्ता जो अभी तक बिजली मीटर नहीं लगवाए है, वह अविलंब बिजली मीटर लगाकर 100 यूनिट मुफ्त बिजली योजना का लाभ लें।

कनीय अभियंता प्रदीप सिंह।

आशी लाइफ केयर में हृदय रोगियों के लिए चिकित्सीय सुविधा गौरव की बात: अविनाश

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। शिक्षा और चिकित्सा आम जनमानस की कमाई की कमर है। ये दोनों साथ दे दे तो मनुष्य बुलंदी के शिखर को चूम लेगा नहीं तो कमर टूट जाएगी। उक्त बातें मुख्य अतिथि सह माटी कला बोर्ड के सदस्य अविनाश देव ने कही। वे रविवार को शहर के प्रतिष्ठित अस्पताल आशी लाईफ केयर के हृदय रोग यूनिट के उद्घाटन के मौके पर बोल रहे थे। इस दौरान अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर हृदय रोगियों के लिए वेहतर चिकित्सीय सुविधा का उद्घाटन किया। अस्पताल के निदेशक मनीष तिवारी ने सभी अतिथियों को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। इस मौके पर हृदय रोग विशेषज्ञ के दो डॉक्टर डॉ पंकज और डॉ साकेत मुख्य रूप से उपस्थित रहे। अविनाश देव ने कहा कि पलामू प्रमंडल से रांची पहुंचना समय के साथ अतिरिक्त खर्च का बोझ भी बढ़ता है। ऐसी स्थिति में पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय में चिकित्सा सुविधा गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि पलामू चिकित्सा जगत में क्रांति कर रहा है। आशी केयर अस्पताल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। इस मौके पर कई गणमान्य लोग व अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

रतन इलेक्ट्रॉनिक जैसे प्रतिष्ठान के खुलने से लाभान्वित होंगे चैनपुर के लोग : नामधारी

चैनपुर वासियों को मिला रतन इलेक्ट्रॉनिकस का तोहफा

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। मेदिनीनगर में लगातार 25 वर्षों से इलेक्ट्रॉनिक्स की दुनिया में तहलका मचाने वाले रतन इलेक्ट्रॉनिक का दूसरा शोरूम रविवार को चैनपुर में खोला गया। रतन इलेक्ट्रॉनिक के दूसरे शोरूम का उद्घाटन झारखंड विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी और उनके पुत्र दिलीप सिंह नामधारी ने फीता काटकर संयुक्त रूप से किया।

इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि चैनपुर जैसे क्षेत्र में रतन इलेक्ट्रॉनिक जैसे प्रतिष्ठित प्रतिष्ठान का शोरूम खुलना चैनपुर के विकास का घोतक है। इससे चैनपुर वासियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने शोरूम प्रतिष्ठान के प्रोपराइटर प्रेम सिंह नामधारी व हरजी नामधारी को शुभकामना दी। इस अवसर पर रतन इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोपराइटर प्रेम सिंह नामधारी और हरजी नामधारी ने कहा कि अब चैनपुर वासियों और आसपास के क्षेत्रों के ग्रामीणों को डालटेनगंज जाने की जरूरत नहीं है। उनके इलेक्ट्रॉनिक सामान के जरूरत का हर सामान एक छत के नीचे फाइनेंस सुविधा के साथ बिना ब्याज के उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि लोग इलेक्ट्रॉनिक सामानों की खरीदारी के लिए शहर की ओर जाते थे। लेकिन अब रतन इलेक्ट्रॉनिक खुद गांव की ओर अपनी सेवा देने और उनकी जरूरतों को पूरा करने के लिए कदम बढ़ा दिया है। इसी सिलसिले में चैनपुर में इलेक्ट्रॉनिक प्रतिष्ठान खुला है। रतन इलेक्ट्रॉनिक की ओर से चैनपुर वासियों को तोहफा मिला है। मालूम हो कि रतन इलेक्ट्रॉनिक्स ग्राहकों की हर खरीदारी पर कूपन देगा और निश्चित इनाम भी मिलेगा। प्रतिदिन लकी ड्रा निकाला जाएगा और लोगों को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम खुलने के इस अवसर पर पलामू जिला के प्रसिद्ध समाजसेवी सोनू सिंह नामधारी, इंडियन रोटी बैंक के प्रदेश संयोजक झामुमो के युवा नेता दीपक तिवारी, समाजसेवी परवेज अख्तर, रतन सिंह नामधारी, संत अवतार सिंह, सिमरन कौर, सतवीर कौर, जिसा के अध्यक्ष अविनाश वर्मा, संतोष यादव, वेद प्रकाश कमलापुरी, काशी प्रसाद, नारायण यादव, दिलीप कश्यप व साहब सिंह नामधारी समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे। सभी ने प्रोपराइटर को बधाई और शुभकामना देते हुए कहा कि चैनपुर वासियों को इलेक्ट्रॉनिक सामानों के लिए अब शहर की ओर नहीं जाना पड़ेगा। उनके गांव घर में ही सब सामान प्राप्त होगा।

स्पोर्ट्स

ग्लैन मैक्सवेल और फाफ डु प्लेसिस की शतकीय साझेदारी के दम पर आरसीबी ने एम चिन्नास्वामी स्टेडिमय में खेले गए मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स को सात रन से हरा दिया। कप्तान विराट कोहली की अगुवाई में यह आरसीबी की दूसरी जीत है।

कोहली की कप्तानी में लगातार दूसरा मैच जीता, डु प्लेसिस-मैक्सवेल ने खेली अर्धशतकीय पारियां

आरसीबी ने राजस्थान रॉयल्स को 7 रनों से हराया

एजेंसी

बेंगलुरु। ग्लेन मैक्सवेल और फाफ डु प्लेसिस की शतकीय साझेदारी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग-16 के 32वें मुकाबले में रविवार को राजस्थान रॉयल्स को 7 रन से हराया। यह बेंगलुरु की राजस्थान पर ओवरऑल 14वीं जीत है। दोनों के बीच अब तक 29 मुकाबले खेले गए हैं। इनमें से 12 राजस्थान ने जीते हैं। मौजूदा सीजन की बात करें तो यह बेंगलुरु की 7 मैचों में चौथी जीत है। टीम पॉइंट्स टेबल के 5 नंबर पर है। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बेंगलुरु की टीम ने टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 9 विकेट पर 189 रन बनाए। जवाब में राजस्थान के बल्लेबाज 20 ओवर में 6 विकेट पर 182 रन ही बना सके।

जायसवाल-पड्डीकल ने रॉयल्स को संभाला

एक रन पर बटलर का विकेट गंवाने के बाद ओपनर यशस्वी जायसवाल और देवदत्त पड्डीकल ने राजस्थान को पहले झटके से उबारा। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 66 बॉल पर 98 रन की साझेदारी की। 190 रन के जवाब में राजस्थान की शुरूआत धीमी रही। टीम ने एक रन के स्कोर पर बटलर का विकेट गंवाया। शुरूआती 6 ओवर में राजस्थानी बल्लेबाज एक विकेट पर 47 रन ही बना सके।

डु प्लेसिस ने जमाया सीजन का 5वां अर्धशतक

टॉस हारकर बल्लेबाजी करते हुए बेंगलुरु ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 189 रन बनाए। एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में बेंगलुरु की शुरूआत अच्छी नहीं रही और कप्तान विराट कोहली पहली ही बॉल पर ट्रेंट बोल्ट का शिकार हो गए। फिर टीम ने 12 रन पर शहबाज अहमद का विकेट गंवाया। यहां से ग्लेन मैक्सवेल और फाफ डु प्लेसिस ने शतकीय साझेदारी करते हुए टीम का स्कोर 135 पार पहुंचाया। शेष कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल सका। वहीं, राजस्थान की ओर से ट्रेंट बोल्ट और संदीप शर्मा ने 2-2 विकेट लिए। रविचंद्रन अश्विन और युजवेंद्र चहल को एक-एक विकेट मिला।

ग्लेन-फाफ के बीच शतकीय साझेदारी

ग्लेन और फाफ के बीच 66 बॉल पर 127 रनों की शतकीय साझेदारी हुई। मैक्सवेल ने करियर का 16वां अर्धशतक जमाया। तो डु प्लेसिस ने 30 हाफ सेंचुरी पूरी की। मैक्स ने सिक्स जमाकर अर्धशतक पूरा किया। तो फाफ ने चौका जमाकर फिफ्टी पूरी की। मैक्सवेल ने 27 बॉल में और डु प्लेसिस ने 31 बॉल में अर्धशतक पूरा किया।

आज की पत्रकारिता चुनौतियों से भरा विषय पर गोष्ठी का आयोजन

तोलरा रामानुज उच्च विद्यालय प्रांगण में कवि सम्मेलन सह विचार गोष्ठी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

विश्रामपुर/पलामू। विश्रामपुर प्रखंड के तोलरा गांव स्थित रामानुज उच्च विद्यालय प्रांगण में रविवार को कवि सम्मेलन सह विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन झारखंड पत्रकार संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष अवधेश शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार सह साहित्यकार श्याम किशोर पाठक, जिलाध्यक्ष नीलकमल शुक्ला, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति डॉ सदस्य ईश्वर सागर चंद्रवंशी, भाजपा नेता अलखनाथ पांडेय, युवा बसपा नेता अभिमन्यु सिंह, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, राजद नेता पप्पू सिंह, वरीय कांग्रेसी नेता अमृत शुक्ला व प्रमुख रंभा देवी ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार योगेंद्र मिश्रा व संचालन पत्रकार रामनिवास तिवारी ने किया। आज की पत्रकारिता और चुनौतियां विषय पर अतिथियों ने बेबाक राय रखी। कहा कि वर्तमान पत्रकारिता चुनौतियों से भरा है। आज के परिवेश में पत्रकारिता करना बहुत ही कठिन काम है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया व सोशल मीडिया के माध्यम से लोग पांच मिनट में परिणाम पर पहुंचना चाह रहे हैं। इस परिवेश में पत्रकारिता करना बहुत ही संघर्षशील कार्य है। सभी अपना पक्ष व उपलब्धि देखना और सुनना चाहते हैं। ऐसा नहीं होने की स्थिति में पत्रकार आंखों का कांटे बन जाते हैं। इससे पहले आयोजक समिति की ओर से सभी अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी, उपेंद्र तिवारी, रामानंद तिवारी, संजय तिवारी, किसान मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष नंददेव यादव, बालमुकुंद तिवारी, कौशल तिवारी, श्यामा तिवारी, रोहित तिवारी, रवि शंकर चौबे, धनंजय तिवारी, विजय चौबे आदि थे।

अज्ञात हमलावरों ने घर के गेट पर की गोलीबारी, जांच में जुटी पुलिस

जमीन कारोबारी शाहिद बिहारी के घर पर हुई फायरिंग, दहशत

घटनास्थल पर पहुंची झरिया पुलिस, मौके से खोखा बरामद

आजाद सिपाही संवाददाता

धनसार/झरिया। ऊपरकुल्ही स्थित शमशेरनगर में शनिवार की देर रात 12.30 बजे बीसीसीएल क्वार्टर में रहने वाले जमीन कारोबारी शाहिद बिहारी के घर पर अज्ञात अपराधियों द्वारा फायरिंग किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। हमलावरों ने शाहिद बिहारी के आवास के गेट पर गोली मारी है। उधर, घटना के बाद से शाहिद बिहारी व उसके परिजन दहशत में है। देर रात हुई इस घटना की खबर पूरे क्षेत्र में जंगल में आग की तरह फैल गई। इसकी सूचना पाकर रविवार सुबह झरिया थाना प्रभारी संतोष सिंह भी दल बल के साथ पहुंच गए। घटनास्थल की जांच कर वहां से कारतूस का एक खोखा बरामद किया गया।

घर के दरवाजे पर चलाई गई गोली के निशान दिखाते पीड़ित।

मौके से बरामद कारतूस का खोखा।

कोचिंग इंस्टीच्यूट संचालक पर हमला करवाने का आरोप

दूसरी ओर, जमीन कारोबारी शाहिद बिहारी ने बताया कि रात में वह अपनी पत्नी और दोनों बच्चों साथ आवास में सो रहे थे, तभी करीब 12.30 बजे गोली चलने की तेज आवाज सुनाई दी। बाहर निकल कर देखा तो घर के दरवाजे पर एक गोली लगने के निशान है। वहीं दूसरी गोली दीवार पर लगी थी। जिसके बाद झरिया थाना को इसकी सूचना दी। शाहिद बिहारी ने बताया कि उनकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है। पास के रहने वाले इंस्टिट्यूट संचालक आमिर खान नामक युवक से खनकाह के चंदा को लेकर कुछ दिनों पूर्व विवाद जरूरत हुआ था। जब अरमान खान के बहनोई को बताने गए तो आमिर खान वहां पहुंच कर धक्का मुक्की किया था। आशंका है कि उसी ने दुश्मनी निकालने के लिए दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग करवाई होगी।

आरोपित का घटना से इंकार

वहीं, दूसरे पक्ष के आमिर खान ने बताया कि शाहिद बिहारी उनसे जबर्दस्ती रंगदारी मांग रहा था। एक माह पूर्व ही सऊदी अरब से झरिया लौटा है। शाहिद बार-बार रंगदारी की रकम मांग रहा था। तब मैंने शाहिद के भाई शाकिर को भी इस बात की जानकारी दी थी। मेरे इंस्टीट्यूट में कई बच्चे पढ़ते थे। जिसमें से कई की माली हालत ठीक नहीं होने के कारण वो उनसे फीस नहीं लेता है। इस कारण शाहिद को लगता था मेरे पास बहुत पैसे है। दो दिन पूर्व भी शाहिद मेरे इंस्टीट्यूट में आया और हमें धमकाया था। गोली चलाने की घटना में मेरा कोई हाथ नहीं है। मुझे बेवजह फंसाया जा रहा है। उसने कहा कि मुझे झरिया पुलिस के इंसाफ पर पूरा विश्वास है। उधर, झरिया थाना प्रभारी संतोष सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी मिली है। पुलिस ने खोखा भी बरामद किया है। जांच की जा रही है। इसके बाद ही कार्रवाई की जाएगी।

सिंह मेंशन की मजदूर राजनीति में दो फाड़

नये संगठन जनता श्रमिक संघ की हुई घोषणा

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। धनबाद के बाहुबली घरानों में शूमार **सिंह मेंशन** से अब एक नहीं, दो मजदूर संगठन संचालित किए जाएंगे। रविवार को धनबाद के एक निजी होटल में प्रेस वार्ता कर इसकी औपचारिक घोषणा भी कर दी गई। जिसके बाद कोयलांचल के मजदूर राजनीति में हलचल मच गई है। नए मजदूर संगठन जनता श्रमिक संघ की घोषणा के साथ ही पदाधिकारियों की सूची भी जारी कर दी गई, जिसमें झरिया के पूर्व विधायक संजीव सिंह व उनकी पत्नी सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह के साथ उनके खासमखास समर्थक शामिल है। सूत्रों की मानें तो आगे चलकर जनता श्रमिक संघ की अगुवाई पूर्व विधायक संजीव सिंह की पत्नी रागिनी सिंह ही करेंगी। इस दौरान अपने संबोधन में संगठन के नए अध्यक्ष संतोष सिंह, संयुक्त महामंत्री अभिषेक सिंह ने संयुक्त रूप से बताया कि कोयलांचल के मजदूरों की समस्याओं को लेकर संगठन बनाया गया है। ये संगठन कोयला क्षेत्र के अलावा स्टील, खाद, फर्टिलाइजर सहित अन्य संयंत्रों में कार्यरत मजदूर समस्या के निदान और उनके हित के लिए कार्य करेगा। इस बाबत पत्रकारों द्वारा सिंह मेंशन परिवार और जनता मजदूर संघ में विवाद उत्पन्न होने के सवाल पूछे जाने पर पदाधिकारियों ने साफ इनकार कर दिया। कहा कि कोयलांचल में दर्जनों मजदूर संगठन हैं, जो अपने-अपने तरीके से मजदूर हित के लिए कार्य करते है। वे भी जनता श्रमिक संघ के तहत कार्य करेंगे। जनता मजदूर संघ (जमसं) में वे लोग नहीं थे, हालांकि किसी भी मजदूर संगठन के लोग उनके संगठन में आना चाहेंगे तो उनका स्वागत है।

एचएमएस से प्राप्त की गयी है संबद्धता

सदस्यों ने बताया की नए संगठन की कागजी कार्रवाई भी पूरी कर ली गई थी। एचएमएस से इसकी संबद्धता भी प्राप्त कर ली गई है। मतलब साफ है कि तैयारी पहले से चल रही थी और घोषणा के लिए समय का इंतजार किया जा रहा था। घोषणा करने वालों की नजर में यह समय उपयुक्त लगा और आज इसकी घोषणा भी कर दी गई। जनता श्रमिक संघ की कहानी भी बहुत दिलचस्प है। यह संगठन किसी जमाने में पूर्व मंत्री आबो देवी चलाती थीं, लेकिन कतिपय कारणों से इस संगठन का अस्तित्व खत्म हो गया। इसी संगठन को सिंह मेंशन के समर्थकों ने कागजी कार्रवाई करने के बाद अपने पाले में कर लिया और रविवार को इसकी घोषणा कर दी।

जमसं को लेकर चल रहा था घर में विवाद

जानकारों की मानें तो जनता मजदूर संघ (जमसं) को लेकर पिछले कुछ वर्षो से सिंह मेंशन में विवाद चल रहा था। संगठन संचालन को लेकर परिवार के पदाधिकारियों में विवाद था, जिस वजह से नए श्रमिक संगठन की रूपरेखा तैयार की गई है। संगठन के पीछे जितने लोग हैं, वह सभी पूर्व विधायक संजीव सिंह के बेहद ही करीबी है। मतलब साफ है कि सिंह मेंशन से अब दो संगठन संचालित होंगे। जनता मजदूर संघ की अगुवाई स्व सूर्यदेव सिंह के बेटे सिद्धार्थ गौतम करते रहेंगे। वहीं, दूसरे नए संगठन की अगुवाई आगे चलकर सूर्यदेव सिंह की बहू रागिनी सिंह करेंगी।

पानी भरने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

कतरास (आजाद सिपाही)। राजेंद्र नगर कालोनी में रविवार की सुबह पानी भरने को लेकर दो पक्षों में जंकर मारपीट हो गई। जिसमें एक पक्ष के अर्जुन प्रसाद नामक व्यक्ति घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से उसे इलाज के लिए निजी अस्पताल ले जाया गया जहां मरहम पट्टी कर घर भेज दिया गया। वहीं, घायल अर्जुन ने उक्त घटना की जानकारी कतरास पुलिस को दी। उसने बताया कि सुबह 7.30 बजे दूध लाने जा रहा था, तभी मोहल्ले के सार्वजनिक नल पर पानी भरने को लेकर दो पक्षों के बीच गाली गलौज व धक्का मुक्की हो रही थी। बीच बचाव करने पर पड़ोस के राहुल ने पत्थर फेंका जिससे उसका सिर फट गया। मैं जमीन पर गिर गया। खून बहता देख लोग वहां से हट गए। पड़ोस के लोगों ने ही उसे अस्पताल पहुंचाया।

करगली में वाहन के धक्के से युवक की मौत

मृतक आनंद कुमार रविदास की फाइल फोटो।

घटना के बाद जरूरी कानूनी प्रक्रिया पूरी करती पुलिस।

आजाद सिपाही संवाददाता

करगली/बेरमो। बेरमो थाना क्षेत्र के फुसरो-बेरमो मुख्य मार्ग स्थित करगली सीआइएसएफ कैंप के समीप शनिवार के देर रात वाहन की चपेट में आने से बाइक चालक एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान आनंद कुमार रविदास के रूप में हुई है। 24 वर्षीय आनंद गांधीनगर थाना क्षेत्र के जरीडीह बाजार स्थित रांची धौड़ा का रहने वाला था। बतातें चलें कि उसके पिता दुर्गा रविदास का पहले ही निधन हो चुका है। जानकारी के मुताबिक आनंद की पुराना बीडीओ ऑफिस में अपनी दुकान है, जिसे शनिवार की रात बंद कर बाइक से अपने घर रांची धौड़ा लौट रहा था। तभी रास्ते में करगली सीआइएसएफ कैंप के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीर रू से घायल हो गए। स्थानीय लोग और बेरमो थाना के पीसीआर वैन के जवानों की मदद से उसे सीसीएल के छोरी केंद्रीय अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इधर, मृतक आंनद की मां देवंती देवी ने वाहन चालक पर लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए धक्का मारने से बेटे की मौत होने का आरोप लगाते हुए मामला दर्ज कराने की मांग की है। वहीं, बेरमो थाना के एएसआई कालीचरण सुंडी व रॉकी बाबा ने मामला दर्ज करने की बात कही। मृतक की मां देवंती देवी के आवेदन पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं, पुलिस ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया जायगा। दूसरी ओर, अस्पताल पहुंचे पूर्व शिक्षा मंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो के पुत्र अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो ने कहा कि सरकारी प्रावधान के तहत मृतक के आश्रितों को सहायता प्रदान कराया जाएगा। साथ ही हिट एंड रन के तहत अंचल से मिलने वाली राशि भी उपलब्ध करायी जाएगी। आश्रित के साथ मेरी पूरी संवेदना है।

युवाओं को वीर कुंवर सिंह के साहस, पराक्रम और वीरता से प्रेरणा लेने की जरूरत : संजय

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। 1857 स्वतंत्रता संग्राम के महानायक वीर कुंवर सिंह की जयंती पर भाजपा चास नगर उत्तरी की ओर से आयोजित कार्यक्रम आयोजित कर वीर कुंवर सिंह कॉलोनी में स्थापित उनके आदमकद प्रतिमा पर पार्टी के जिला महामंत्री संजय त्यागी, जिला कार्यसमिति सदस्य बिनोद सिंह व नगर अध्यक्ष पन्नालाल कान्दू ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। साथ ही मिठाई बांटकर विजयोत्सव मनाया। भाजपा चास नगर उत्तरी के कार्यकर्ता व समाजसेवियों ने भी एक-एक कर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर भाजपा बोकारो जिला महामंत्री संजय त्यागी ने कहा कि बाबू वीर कुंवर सिंह अदम्य साहस, वीरता, त्याग एवं बलिदान की प्रतिमूर्ति थे। उक्त अवसर पर बिनोद सिंह, रोशन सिंह, महेंद्र राय, प्रकाश प्रामाणिक, रणजीत बरनवाल, झंतु दे, राघवेंद्र उपाध्याय, हरेकृष्ण मुकेश सिन्हा, दीपक चंद्र बाउरी, राहुल कुमार, जंतु बाउरी, निखिल कुमार, बाल्मिकी सिंह और चंद्र शेखर सिंह आदि शामिल थे।

वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते लोग।

बस्ताकोला कोलडंप में ट्रक लोडिंग शुरू करने को लेकर झारखंड उत्थान मोर्चा ने बिगुल फूंका

धनसार (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल के बस्ताकोला कोलडंप में ट्रक लोडिंग शुरू करने व संचालित देवप्रभा आउटसोर्सिंग में रोजगार देने की मांग को लेकर झारखंड उत्थान मोर्चा के बैनर तले असंगठित मजदूरों ने रविवार को बस्ताकोला में बैठक कर मोर्चा खोल दिया। इसका नेतृत्व कर रहे मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष रिंकू शर्मा ने कहा कि प्रबंधन का यहां ट्रक लोडिंग शुरू कराने की मंशा स्पष्ट नहीं है। शीध्र ट्रक लोडिंग कार्य शुरू करे, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिल सके। प्रबंधन से मांग की कि बस्ताकोला कोलडंप में मैनुअल ट्रक लोडिन चालू किया जाए, ताकि हर हाथ को काम मिल सके। मांग किया कि राबंधन सभी यूनियन के साथ बैठक कर यहां जल्द से जल्द ट्रक लोडिंग शुरू करे। वहीं क्षेत्र के बेरोजगार युवाओं को कोल डंप से होने वाले ट्रांसपोर्टिंग कार्य व आउटसोर्सिंग में भी रोजगार दे। लगे हाथ चेतावनी दी कि अगर प्रबंधन ने इन मांगों पर अमल नहीं किया। तो आंदोलन करते हुए ट्रांसपोर्टिंग और आउटसोर्सिंग का चक्का जाम कर दिया जाएगा। बैठक में रिंकू शर्मा, संतोष गौड़, रवि विश्वकर्मा, किरन, सरिता सिंह, प्रिंस सिंह, राहुल बाउरी, प्रदीप, धनेश्वर तूरी, आशिष, विक्की आदि उपस्थित थे।

दानवीरता के लिए भामाशाह का नाम इतिहास में दर्ज है : अनूप

जरीडीह बाजार/बेरमो (आजाद सिपाही)। जरीडीह बाजार भामाशाह भवन में रविवार को भामा शाह जयंती समारोह मनाया गया। तेली साहू समाज के सभी लोगों ने भामाशाह के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। तेली साहू समाज के जरीडीह पंचायत के अध्यक्ष अनूप साव ने संपूर्ण तेली समाज को एकजुटता होने की बात कही। उन्होंने कहा कि दानवीर भामाशाह 1547-1600 ई बाल्यकाल से मेवाड़ के राजा महाराणा प्रताप के मित्र, सहयोगी और विश्वासपात्र सलाहकार थे। अपरिग्रह को जीवन का मूलमन्त्र मानकर संग्रहण की प्रवृत्ति से दूर रहने की चेतना जगाने में वे सदैव अग्रणी रहे। मातृ-भूमि के प्रति अगाध प्रेम था और दानवीरता के लिए भामाशाह का नाम इतिहास में अमर है। तेली समाज में मेधावी विद्यार्थियों के लिए दानवीर भामाशाह सम्मान योजना भी है। यह भारत में एक राज्यस्तरीय सम्मान हैं।

एकेडब्ल्यूएमसी परियोजना में अपराधियों का धावा, कर्मियों को बंधक बना संपत्ति लूटी

बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। बीसीसीएल वेस्ट मोदीडीह में संचालित एकेडब्ल्यूएमसी परियोजना में रविवार अहले सुबह अपराधियों ने धावा बोल दिया। कंपनी के शॉवल मशीन पर कार्य कर रहे तीन कर्मियों को बंधक बनाकर कीमती लोह समाग्री और केबल लूट ले गए। इस बाबत भुक्तभोगियों ने बताया कि वे सभी अपने मशीन नंबर 23 के पास कार्य कर रहे थे। तभी तड़के चार बजे दर्जनों नकाबपोश अपराधी मशीन के पास पहुंच गए। वे लोग कुछ समज पाते उससे पहले ही अपराधियों ने गाली गलौज करते ऑपरेटर विभूति, केवल मैन मुन्ना भुइंया और फिटर मो आरिफ को हथियार का भय दिखाकर केबिन में बंद कर दिया। इसके बाद मशीन के काउंटर वेट से लोह समाग्री एवं केवल काट कर चलते बने। घटना के बाद अधिकारियों को सूचना दी गई। उधर, खबर पाते ही कतरास क्षेत्र के सीआइएसएफ एवं बीसीसीएल पदाधिकारी मौके पर पहुंच कर छानबीन किए और घटना कि जानकारी ली। परियोजना पदाधिकारी संजय चौधरी ने बताया कि अपराधियों ने कर्मियों को बंधक बनाकर 97 हजार रुपये की लौह समाग्री ले गए हैं। खोजबीन करने पर कुछ सामान झाड़ियों से बरामद हुआ। चोरी होने के कुछ घंटे बाद ही मशीन को सुचारू कर दिया गया है। घटना के संबंध में अंगारपथरा ओपी पुलिस को लिखित शिकायत देकर कार्रवाई कि मांग की है। शिकायत के बाद पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

लोयाबाद के कनकनी में तस्करों का आतंक, डोली टावर काट कर गिराया

लोयाबाद (आजाद सिपाही)। लोयाबाद थाना क्षेत्र के कनकनी कोलियरी के 4 नंबर स्थित बंद भूमिगत खदान के डोली टॉवर को लोहा तस्करों ने काटकर गिरा दिया है। खदान बंद होने के बाद चानक का डोली टॉवर बेकार पड़ा था। काफी सालों से लावारिस पड़े रहने की वजह से तस्करों की गिद्ध दृष्टि इस पर पड़ गई और रात में इस भारीभरकम टावर को गैस कटर से काटकर गिरा दिया गया। लेकिन रविवार सवेरा हो जाने के कारण तस्कर लोहा नहीं ले जा सके। इसमें करीब 50 टन लोहा होने का अनुमान है। घटना का भेद रविवार को वहां शौच करने गए कुछ लोगों की वजह से खुला। तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस और कोलियरी प्रबंधन को दी गई। वहीं, प्रबंधन ने काटे गए लोहा को रीजनल स्टोर में रखने की बात कही है। बताया जा रहा कि कनकनी हनुमान बाजार के करीब 4 नंबर पीट है। वह खदान करीब 15 सालों से बंद है। 15 साल पहले डोली के जरिये कोयले का उत्पादन हुआ करता था. भूमिगत खदान से उत्पादन बंद के बाद यह लोहे का डोली टावर बेकार हो गया। यहां कोई सुरक्षा गार्ड भी नहीं है। आसपास जंगल होने की वजह से लोग इधर सिर्फ शौच के लिये ही जाया करते हैं। निर्जन स्थान का फायदा तस्करों को होता है। उधर, कनकनी कोलियरी के प्रबंधक गोपाल जी ने बताया कि घटना की जनकारी हुई है। वरीय अधिकारियों को भी खबर किया गया है। चोरों द्वारा गिराए गए इस टावर को लोयाबाद रीजनल स्टोर में रखवाया जाएगा।

ढुल्लू महतो समर्थित मजदूरों ने किया खेमका आउटसोर्सिंग का चक्का जाम

स्थानीय युवाओं को रोजगार दे कंपनी या अपना बोरिया-बिस्तर बांध कर वापस जाये: जीत भुइंया

आजाद सिपाही संवाददाता

बाघमारा/कतरास। बीसीसीएल ब्लॉक टू क्षेत्र में संचालित खेमका केरियर्स आउटसोर्सिंग कंपनी में विधायक ढुल्लू महतो समर्थक आइसीसीपीएल के पुराने मजदूरों ने रोजगार देने की मांग को लेकर रविवार को कंपनी का चक्का जाम कर दिया। इससे कोयला उत्पादन पूर्ण रूप से बाधित हो गया है। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे पूर्व मुखिया जीतन भुइयां ने कहा कि प्रबंधन तीन माह से झुठे आश्वासन देकर बरगला रहा है। जब भी हमलोग नियोजन की मांग को लेकर आउटसोर्सिंग में आंदोलन करते हैं तो कभी बीसीसीएल ब्लॉक प्रबंधन तो कभी आउटसोर्सिंग प्रबंधन वार्ता के लिए समय देकर केवल टाल-मटोल की नीति अपनाते हुए टाइम पास करने की कोशिश में रहते है। कहते हैं कि थोड़ा और समय दिजीए कंपनी का काम जब विस्तार से चालू हो जायेगी तो पुराने कर्मियों के साथ ही नय शिक्षित बेरोजगार युवाओं को भी रोजगार अवश्य उपलब्ध करायी जायेगी। लेकिन कंपनी का काम पूर्ण रूप से चल रहा है। पर कंपनी की मंशा रोजगार देने की ही नहीं है। इसलिए कंपनी के रवैये से आजिज होकर हमलोगों ने चक्का जाम आंदोलन की शुरूआत की है। इसबार कंपनी या तो पुराने कर्मियों को रोजगार उपलब्ध कराए या अपना बोरिया-बिस्तर समेटकर वापस लौट जाए। इस मौके जितन भुईया, सुरेंद्र साव, अवधेश सिंह, अजय रजक, श्रवण कुमार, बाला लखन प्रसाद, दिनेश चौहान, रंजीत राम सहित कई लोग उपस्थित थे। खबर लिखे जाने समय तक चक्का जाम आंदोलन जारी है।

विभिन्न मांगों को लेकर आउटसोसिंग का चक्का जाम कर प्रदर्शन करते मजदूर।

संपूर्ण जनजागृति संस्था में मनाया विश्व पुस्तक दिवस

बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। डुमरा स्थित संपूर्ण जनजागृति संस्था के शिक्षा केंद्र में रविवार को विश्व पुस्तक दिवस मनाया गया। इस दौरान आज के डिजिटल युग में पुस्तक की महत्ता विषय पर चर्चा करते हुए पुस्तक पढ़ने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। संस्था द्वारा बच्चों के बीच त्रिमासिक निःशुल्क बेसिक कंप्यूटर शिक्षा से संबंधित प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। मौके पर मुखिया आंनद कुमार महतो, डॉ मुकेश राय, शिक्षाविद सत्यजीत सोनू, मदन महतो, सुजीत रॉय, चंदन मिश्रा, दीपक महतो आदि थे।

भारत-चीन के बीच 18वें दौर की कोर कमांडर वार्ता

आजाद सिपाही संवदादाता

नयी दिल्ली। तीन साल पुराने सैन्य गतिरोध को हल करने की मांग करते हुए, भारत और चीन चुशुल में रविवार को कोर कमांडर स्तर की 18 वीं दौर की वार्ता आयोजित कर रहे हैं। रक्षा सूत्रों ने बताया कि भारतीय पक्ष से, बैठक का नेतृत्व फायर एंड फ्यूरी कॉर्प्स कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल राशिम बाली कर रहे हैं और चीनी पक्ष से समकक्ष रैंक के अधिकारी पूर्वी लद्दाख सेक्टर में बैठक कर रहे हैं। यह बैठक पांच महीने के अंतराल के बाद हो रही है। इसके पहले दोनों पक्षों के बीच कोर कमांडर स्तर की आखिरी बैठक पिछले साल दिसंबर में हुई थी। यह बैठक तब हो रही है जब दोनों पक्ष अपनी-अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में तेजी से निर्माण गतिविधियों में लगे हुए हैं। भारतीय पक्ष देपसांग के मैदानों, डेमचोक और दोनों पक्षों द्वारा पीछे हटने का मुद्दा बार-बार उठाता रहा है।

कृषि दिवस पर नवीन पटनायक ने अक्षी मुठी का किया शुभारंभ

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने रविवार को अक्षय तृतीया किसान दिवस के अवसर पर कई लोकाभिमुखी कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री सबसे पहले ओड़िशा कृषि और तकनीकी विश्वविद्यालय गये और वहां पर अक्षी मुठी का शुभारंभ के साथ राज्य के किसान भाइयों और बहनों का अभिवादन किया।

बाद में वे लोक सेवा भवन आये और वहां मिल्ट शक्ति कैफे का उद्घाटन किया। राज्य सरकार ने कुपोषण नियंत्रण में मंडिया एवं अन्य मिलेट अनाज के महत्व को समझते हुए मिलेट मिशन लागू किया है। प्रदेश में अब तक

142 मिलेट की दुकानें खोली जा चुकी हैं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 'कृषि समीक्षा केंद्र' का भी उद्घाटन किया। राज्य कृषि भवन केंद्र में एक नियंत्रण प्रणाली' के रूप में कार्य करेगा। कंप्यूटर और सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग में, यह क्षेत्र स्तर से वास्तविक समय

की जानकारी प्राप्त करके निर्णय लेने में मदद कर सकता है।

इस केंद्र में विभिन्न योजनाओं के सफल कार्यान्वयन और किसानों को सहायता देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। राज्य सरकार के 5टी दिशाओं में इस केंद्र स्थापित किया गया है। कृषि विभाग के प्रमुख सचिव अरविंद पाढ़ी ने मुख्यमंत्री को केंद्र के कार्यों की जानकारी दी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने लोक सेवा भवन में कार्यरत कर्मचारियों के बच्चों के लिए एक क्रेच 'कलिका' का भी उद्घाटन किया। यहां प्रारंभिक चरण में 20 बच्चों को रहने का ब्याबस्ता किया गया है।

कृषि एवं किसान अधिकारिता मंत्री रणेंद्र प्रताप स्वाइं, महिला एवं बाल विकास मंत्री बासंति हेम्ब्रम, मुख्य शासन सचिव प्रदीप कुमार जेना, विकास आयुक्त अनु गर्ग, सचिव मिशन शक्ति सुजाता कार्तिकेयन पांडियन और महिला सचिव एवं बाल विकास शुभा शर्मा इस कार्यक्रम में उपस्थित थे।

भौतिक संस्थान में जन-भागीदारी शृंखला का समापन

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। जागरूकता बढ़ाने और राज्य में भारत की जी-20 अध्यक्षता के साथ भागीदारी और स्वामित्व की भावना को आत्मसात करने के लिए भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर को राज्य की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और आर्थिक क्षमता का प्रदर्शन करने के लिए ओड़िशा की जनजातिया, तटीय विकास आदि विषय पर संगोष्ठी, वेबिनार, प्रतियोगिताएं, प्रदर्शनियां और अन्य कार्यक्रम के रूप में 1 से 22 अप्रैल 2023 तक कार्यक्रमों की शृंखला आयोजित करने हेतु शिक्षा और अनुसंधान क्षेत्र के लिए तैयारी के हिस्से के रूप में एक स्टैंडअलोन संस्थान के रूप में पहचान की गयी है। भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर में उत्कल दिवस के शुभ दिन पर जन-भागीदारी शृंखला (भारत की जी 20 प्रेसीडेंसी के तहत एक पहल) की शुरुआत हुई थी।

जन-भागीदारी कार्यक्रमों के पहले दिन से, भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर (आइओपी), ने जवाहार नवोदय विद्यालय, कोणार्क, पुरी में प्रकाश संदीप्ति सामग्री और अनुप्रयोग, परमाणु ऊर्जा और इसके सामाजिक अनुप्रयोग, और नैनोसाइंस और नैनोटेक्नोलॉजी शीर्षक पर कई तकनीकी सत्र आयोजित किया। इसी प्रकार 15 अप्रैल को सालेपुर

स्वयंशासी महाविद्यालय, सालेपुर में और 10 अप्रैल को ई-टेक आवासीय डिग्री महाविद्यालय, ढेंकानाल में विज्ञान आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्रो करुणा कर नद, निदेशक ने भविष्य में ऊर्जा का स्रोत, और डॉ एसएन षडंगी, संयोजक ने और डॉ बी मल्लिक के साथ नाभिकीय ऊर्जा पर एक व्याख्यान प्रदान किया, जो तीसरे जी-20 शिक्षा कार्य समूह समिति बैठक समिति द्वारा आइओपी दिये गये विषय के अनुसार उचित था। इनके अलावा, 13 अप्रैल को सिद्धांत दास, सेवानिवृत्त आइएफएस द्वारा जलवायु परिवर्तन पर एक संगोष्ठी आयोजित किया गया और 20 अप्रैल को प्रो संजय मित्तल, एरोस्पेस इंजीनियरिंग, आइआइटी, कानपुर द्वारा चुबंकीय प्रभाव पर वेबिनॉर पर एक वार्ता प्रदान की। 19-20 अप्रैल को दो दिवसीय राजभाषा कौशल प्रशिक्षण कार्यक्रम रेवेंसा विश्वविद्यालय और रमादेवी महिला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया गया। ये आयोजन भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान सार्वजनिक भागीदारी और स्वामित्व को बढ़ावा देने के आइओपी के प्रयासों का हिस्सा हैं।

जागरूकता बढ़ाने और भारत की जी-20 अध्यक्षता के साथ भागीदारी और स्वामित्व की भावना को आत्मसात करने के लिए, भौतिकी संस्थान, भुवनेश्वर ने समाज के लिए विज्ञान विषय पर एक पुस्तक प्रदर्शनी का आयोजन किया। प्रदर्शनी में न केवल विज्ञान की पुस्तकें प्रदर्शित की गयीं, बल्कि हिंदी और सामान्य रुचि पर भी पुस्तकें जो भारत और ओड़िशा की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करती हैं। संकाय, कर्मचारी सदस्य, विद्वान और भौतिकी संस्थान के निदेशक ने कार्यक्रम में भाग लिया और आइओपी अनुसंधान केंद्र और आइओपी सामान्य पुस्तकालय के लिए पुस्तकों की सिफारिश की। इसके अलावा उत्कल विश्वविद्यालय के छात्रों ने जन-भागीदारी कार्यक्रम की गतिविधियों को देखने और पुस्तक प्रदर्शनी देखने के लिए आइओपी का दौरा किया। आइओपी का उद्देश्य ऐसे आयोजनों के माध्यम से भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान सार्वजनिक भागीदारी और स्वामित्व को बढ़ावा देना है। महीने भर चलने वाले इस कार्यक्रम में कई अन्य जन-भागीदारी कार्यक्रम जैसे ज्ञान-विज्ञान प्रतियोगिताएं, ड्राइंग प्रतियोगिताएं, रंगोली प्रतियोगिताएं, विभिन्न खेल कार्यक्रम, सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसे आदिवासी नृत्य, ओडिसी नृत्य, संबलपुरी नृत्य, वृक्षारोपण और परिसर के अंदर और परिसर के बाहर, चंद्रभागा सागरतट, पुरी और कपिलाश, ढेंकानाल में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम का समापन 22 अप्रैल को विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता पर एक व्यापक कार्यक्रम के साथ हुआ, जहां विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्र भाग लेंगे, जिसके बाद पुरस्कार वितरण के साथ समापन सत्र होगा।

'विश्व गुरु बनने के लिए वेदों-संस्कृत के ज्ञान का पोषण जरूरी'

समय के साथ बदली हमारी संस्कृति : भागवत

आजाद सिपाही संवाददाता

अहमदाबाद। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने वेदों के ज्ञान और संस्कृत की प्राचीन भाषा को जानने और विकसित करने पर जोर दिया। रविवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए आरएसएस चीफ ने कहा कि अगर भारत को 'विश्व गुरु' बनना है तो उसके लिए वेदों के ज्ञान और संस्कृत की प्राचीन भाषा को विकसित करने की जरूरत है। इस दौरान उन्होंने भारतीय संस्कृति पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमारी संस्कृति रूढ़िवादी नहीं है, लेकिन यह समय के साथ बदलती रही है। वे गुजरात के साबरकांठा में मुदेती गांव में श्री भगवान याज्ञवल्क्य वेदतत्त्वज्ञान योगाश्रम ट्रस्ट द्वारा आयोजित 'वेद संस्कृत ज्ञान गौरव समरंभ' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत वेदों के मूल्यों पर बना है, जिनका पीढ़ी दर पीढ़ी पालन किया जाता रहा है। ऐसे में आज के भारत को विकसित होना है, लेकिन उसका लक्ष्य अमेरिका, चीन और रूस की तरह महाशक्ति बनना नहीं है बल्कि हमें एक ऐसा देश बनना है जो आज दुनिया को परेशान करने वाली समस्याओं का जवाब दे सके। ऐसा देश जो अपने सही आचरण से दुनिया को शांति, प्रेम और समृद्धि का रास्ता दिखा सके।

पीएम मोदी को धमकी देनेवाला गिरफ्तार

केरल (आजाद सिपाही)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी देने वाले शख्स को केरल की पुलिस ने गिरफ्तार करने का दावा किया है। पीएम मोदी के केरल के दौरे से पहले बीजेपी ऑफिस में एक धमकी भरी चिट्ठी मिली थी. उसके बाद से राज्य में हाई अलर्ट रखा गया था। कोच्चि के पुलिस आयुक्त के सेतु रमन ने कहा है कि पुलिस ने चिट्ठी भेजने के आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही उन्होंने धमकी भरे पत्र भेजने के पीछे इस शख्स की मंशा का खुलासा करते हुए कहा कि इस पत्र को भेजने के पीछे इस शख्स की मंशा अपने पड़ोसी के साथ निजी दुश्मनी थी।

अतिरिक्त देरी के कारण कलिंग उत्कल एक्सप्रेस ट्रेन को रद्द कर दिया गया

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। ट्रेन नंबर18477 पुरी-नयी दिल्ली किलिंग उत्कल एक्सप्रेस रविवार को पुरी से चलने वाली थी, लेकिन कीलिंग उत्कल एक्सप्रेस रुसीकेश से पुरी के बीच अतिरिक्त देरी के कारण रद्द कर दी गयी है। ट्रेन की आवाजाही को सुविधाजनक बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**